हिन्दी दैनिक

दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ   RNI NO. JHAHIN/2013/54377   रांची संस्करण

वर्ष : 12 | अंक : 114 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | रविवार, 28 अप्रैल 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

शिबू के बड़े भाई का निधन, हेमंत को नहीं मिली जमानत

दबंग हिंद संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने बड़े पिताजी के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे. कोर्ट ने इसके लिए उन्हें इजाजत नहीं दी. यानी पीएमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन की अंतिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आपको बता दें हेमंत सोरेन ने रांची ढटछअ की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है. जिसमें उन्होंने 13 दिनों के अंतरिम बेल की मांग की है उन्होंने अपने बड़े पिताजी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी थी साथ ही कोर्ट से आग्रह करते हुए कहा है कि बड़े पिताजी के अंतिम संस्कार और क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए कोर्ट उन्हें अंतरिम बेल दें. मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था वहीं

अपना फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने उन्हें अपने बड़े पिताजी के अंतिम संस्कार में शामिल होने की इजाजत नहीं दी। आपको बता दें कि शनिवार (17 अप्रैल) की सुबह झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन हो गया है. उम्र के आखिरी पड़ाव में बीमारी से लड़ते हुए उनकी म्रत्यु हो गई. राजाराम सोरेन रांची में ही रहते थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का शनिवार को निधन हो गया। राजा राम लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वो रांची में ही रहते थे और यही उनका निधन हो गया। बता दें, 27 नवंबर 2018 को शिबू सोरेन के छोटे भाई लालू सोरेन का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। शिबू सोरेन के पिता बड़े क्रांतिकारी थे, महाजनी प्रथा का विरोध करने पर उनके पिता की हत्या कर दी गई थी। राजा राम सोरेन के निधन के बाद सोरेन परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

हेमंत सोरेन ने कोर्ट से मांगी 13 दिन की अंतरिम जमानत

इधर, अपने चाचा के निधन की खबर मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट में अपनी अंतरिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत देने की गुहार लगाई है। ताकि वो अपने चाचा के अंतिम संस्कार और श्राद्धकर्म में शामिल हो सकें।

जेएमएम ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, शिबू सोरेन, सीएम चंपाई, कल्पना और हेमंत के साथ कई अन्य के नाम शामिल

दबंग हिंद संवाददाता

रांची। झारखंड में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है. नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी है. इस बीच जेएमएम ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है. जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है. वहीं सीएम चंपाई सोरेन के साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा नलिन सोरेन, प्रो० स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनु, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिण्डा, योगेन्द्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटु, नन्दकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहन्ती, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसन्त सोरेन, हफिजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भुषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकाश सिंह मुण्डा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी और हेमलाल मुर्मू को लिस्ट में शामिल किया गया है।

एक नजर

फिर चोटिल हुईं ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शनिवार दोपहर को पश्चिम बर्द्धमान जिले के दुर्गापुर में एक हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ाकर गिर पड़ीं। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब वह एक चुनावी रैली के लिए कुल्टी जा रही थीं। ममता बनर्जी जब हेलिकॉप्टर के अंदर जा रही थीं, उसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वंह लड़खड़ा कर गिर गईं। उनके पैर में हल्की चोट आई है। ममता के साथ मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर में बैठते वक्त संतुलन बिगड़ गया जिससे वह गिर गईं। वह ठीक हैं।

उत्तराखंड में बेकाबू हुई जंगल की आग



नैनीताल। गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड में विभिन्न स्थानों पर जंगल में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शुक्रवार को नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी के पास तक आग की लपटें पहुंच गईं जबकि रूद्रप्रयाग जिले के जंगल में आग लगाते 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर जंगलों में आग लगने की 31 नई घटनाएं सामने आईं जिनमें 33 .34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। वन विभाग के कर्मचारियों के साथ ही सेना के जवान भी आग पर नियंत्रण पाने में लगे हुए हैं और आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद लेने का प्रयास भी किया जा रहा है।

2जी स्पेक्ट्रम मामले में दिखा भाजपा का पाखंड : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने 2जी स्पेक्ट्रम के मामले के फैसले में संशोधन की मांग करते हुए केंद्र सरकार द्वारा

सुप्रीम कोर्ट का रुख किए जाने को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा के पाखंड की कोई सीमा नहीं है। उसने संप्रग के तहत 2जी स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन को घोटाला बताया था और अब नरेन्द्र मोदी सरकार बिना नीलामी के स्पेक्ट्रम देने की अनुमति मांग रही है। केंद्र ने 12 साल से अधिक समय बाद गत सोमवार को 2जी स्पेक्ट्रम मामले से जुड़े फैसले में संशोधन का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हालांकि, एक शीर्ष सूत्र ने बाद में कहा कि सरकार 2012 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने की कोशिश नहीं कर रही है।

सलमान खान के दुश्मनों पर बड़ा एक्शन

मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों पर मकोका की धाराएं लगाईं

मुंबई। पुलिस की अपराध शाखा ने सलमान खान फायरिंग मामले में सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई हैं। अपराध शाखा के अधिकारी पहले ही मामले में दो शूटरों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर चुके हैं और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई को मामले में वांछित आरोपी के रूप में नामित किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त लख्मी गौतम ने बताया कि हमने मामले में आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ मकोका की संबंधित धाराएं लागू की हैं। मामला अब आगे की जांच के लिए एसीपी रैंक के अधिकारी को स्थानांतरित किया जाएगा। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने कहा कि इससे मामला मजबूत होगा

और उचित कानूनी मूल्यांकन के बाद इसे मामले में जोड़ा गया है।

मकोका लगने के बाद मामले में गिरफ्तार आरोपी लंबे समय तक सलाखों के पीछे रहेंगे और उन्हें आसानी से जमानत नहीं मिलेगी. अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा, जांच अधिकारी को अधिक पुलिस हिरासत और आरोपपत्र दाखिल करने के लिए छह महीने का समय भी मिलेगा। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई का नाम मामले में वांछित आरोपियों के रूप में जोड़ा गया है और चूंकि दोनों दुर्दांत अपराधियों पर कई गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें 10 साल से अधिक कारावास की सजा का प्रावधान है, इसलिए उनके खिलाफ मकोका के प्रावधान जोड़े जा सकते हैं। 14 अप्रैल को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य दोपहिया वाहन पर बांद्रा गए और कथित तौर पर सलमान खान के घर पर पांच राउंड फायरिंग की और भाग निकले। बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट के जरिए गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। 16 अप्रैल को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो शूटरों सागर पाल और विक्की गुप्ता को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया था। 25 अप्रैल को अपराध शाखा ने गिरोह के दो और सदस्यों पंजाब से अनुज थापन (32) और सोनू सुभाष चंदर (37) को गिरफ्तार किया। दोनों कथित तौर पर 15 मार्च को पनवेल आए थे और दो अन्य आरोपियों को आग्नेयास्त्र उपलब्ध कराए थे।

कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्ज्वल निकम लड़ेंगे भाजपा से मुंबई नार्थ सीट पर चुनाव

- पूनम महाजन का टिकट कटा, भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य सीट से 26/11 केस के वकील पर लगाया दांव

मुंबई। बीजेपी ने 27 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर मध्य मुंबई निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा की। जिसमें उन्होंने वरिष्ठ वकील उज्जवल निकम को टिकट देने की घोषणा की है। यानी बीजेपी ने यहां की मौजूदा सांसद पूनम महाजन का टिकट काट दिया है। मशहूर वकील उज्जवल निकम होंगे मुंबई उत्तर मध्य सीट से बीजेपी उम्मीदवार होंगे। बीजेपी का फोकस 'मिशन 400' पर है। इसलिए बीजेपी अपने हर उम्मीदवार को परखने पर फोकस कर रही है। इसीलिए दिग्गज वकील उज्ज्वल निकम ने इस मुंबई उत्तर-मध्य सीट से दो बार की सांसद पूनम

महाजन का टिकट काट दिया है। पहले चर्चा थी कि बीजेपी ने इसी सीट के लिए अभिनेत्री माधुरी दीक्षित से संपर्क किया है। उधर, इस बात की भी चर्चा जोरों पर थी कि बीजेपी विधायक आशीष शेलार इस सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। लेकिन उज्जवल निकम ने इन सभी को पछाड़ दिया है। 1993 मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामला, संजय दत्त के खिलाफ मामले जैसे कई हाई-प्रोफाइल मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। इसलिए वे हमेशा खबरों में बने रहते हैं। इन सबका फायदा बीजेपी चुनाव के लिहाज से उठा सकती है। ऐतिहासिक रूप से मुंबई उत्तर-मध्य निर्वाचन क्षेत्र को 2014 तक कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। हालांकि, 2014 की मोदी लहर में पूनम महाजन ने इस सीट से पहला चुनाव जीता था। इसलिए 2019 में उन्होंने दोबारा यहां से जीत हासिल की।

सिसई थाने का मुंशी नौ हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार

- एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा
- फरियादी बनकर सिसई थाना पहुंचे थे एसीबी के अधिकारी

गुमला। झारखंड के गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने नौ हजार रुपए घूस लेते पकड़ा है. मुंशी को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम पूछताछ के लिए रांची ले गयी. रांची के इटकी निवासी सौरभ गुप्ता की शिकायत पर एसीबी की टीम ने कार्रवाई की और रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया.

एसीबी की रांची टीम ने की कार्रवाई

मुंशी के घूस लेते पकड़े जाने के बाद

गुमला जिले के सिसई थाने की पुलिस मामला को दबाने में लगी रही. बताया जा रहा है कि रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के इटकी गांव निवासी सौरभ गुप्ता की शिकायत पर एसीबी की रांची टीम ने कार्रवाई की है. पीड़ित सौरभ गुप्ता की जब्ती का सामान देने के एवज में मुंशी मधुसूदन झा नौ हजार रुपए घूस मांग रहा था. इसके बाद सौरभ ने इसकी शिकायत एसीबी रांची की टीम से की. एसीबी ने मुंशी को धर दबोचने के लिए रणनीति तय की. शनिवार को जैसे ही सौरभ गुप्ता ने मुंशी को नौ हजार रुपए घूस दिया. एसीबी की टीम पहुंच गयी और उसे पकड़ लिया. बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम पांच बजे रांची एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम सादे लिबास में गुमला जिले के सिसई थाना पहुंची. एसीबी के अधिकारी फरियादी बनकर आये थे।

अररिया से सहारनपुर जा रही बस से 95 बच्चों को रेस्क्यू किया गया, पांच मौलवी गिरफ्तार

अयोध्या। : यूपी पुलिस ने शुक्रवार को 95 बच्चों को लेकर बिहार के अररिया से सहारनपुर (यूपी) जा रही एक बस को देवकाली बाईपास (अयोध्या) पर रोक कर अपने कब्जे में ले लिया. खबरों के अनुसार बिहार के विभिन्न जिलों से मुस्लिम समुदाय के 95 बच्चों को बस से सहारनपुर ले जा रहे पांच मौलवियों को गिरफ्तार किया गया है. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सक्रियता से मानव तस्करी विरोधी इकाई ने पुलिस का सहायता से इन बच्चों को रेस्क्यू किया.

बच्चों की उम्र नौ से 12 वर्ष के की बताई जाती है

बच्चों की उम्र नौ से 12 वर्ष के बीच की बताई जाती है बच्चों को लखनऊ

के मुमताज शरणालय में रखा गया है. पुलिस मौलवियों से पूछताछ कर पूरे रैकेट की जानकारी हासिल करने में जुटी है. आयोग की सदस्य डॉ शुचिता चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली के निदेशक वीरेंद्र सिंह की सूचना पर बिहार के अररिया और पूर्णिया से लाये जा रहे बच्चों को रेस्क्यू किया गया है.

मौलवियों को पूछताछ के लिए सिविल लाइन ले जाया गया

डॉ शुचिता चतुर्वेदी को जानकारी मिली थी कि अररिया और पूर्णिया से अवैध तरीके से बच्चों को सहारनपुर के देवबंद ले जाया जा रहा है. उन्होंने यह सूचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को दी. ट्रैफिकिंग यूनिट और अयोध्या पुलिस की एक टीम ने शहर के बड़ी देवकाली स्थित हाईवे पर घेराबंदी कर एक बस को रोका. बस में उन्हें 95 बच्चे और पांच मौलवी मिले. सभी बच्चों और मौलवियों को पूछताछ के लिए सिविल लाइन ले जाया गया.

सूत्रों के अनुसार, बच्चे नहीं जानते थे कि उन्हें कहां ले जा रहे थे. मौलवियों की ओर से पुलिस को दी गयी जानकारी झूठी साबित हुए, बाल कल्याण समिति के सर्वेश अवस्थी ने बताया कि बच्चों के माता पिता का नाम व सहमति पत्र भी मौलवियों के पास नहीं है. कई बच्चे अनाथ भी हैं. बच्चों की काउंसलिंग की गयी. उसके बाद बच्चों को मेडिकल के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया।

आतंकवाद को जड़ से करेंगे खत्म : शाह

पोरबंदर। गुजरात में चुनाव प्रचार तेज हो गया है, जहां लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण (7 मई) को मतदान होना है। राज्य में मतदान से पहले शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पोरबंदर में एक चुनावी रैली में एक सम्मोहक भाषण दिया। वह बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के लिए प्रचार कर रहे थे। अपने संबोधन के दौरान शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोबारा चुने जाने पर जोर देते हुए बीजेपी के लिए तीसरे कार्यकाल की वकालत की। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहे तो वह देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म कर देंगे और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अपने भाषण में, राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में मोदी के निर्णायक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, शाह ने मोदी के कार्यकाल के तहत आतंकवादी हमलों के लिए

त्वरित और दृढ़ प्रतिक्रिया की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उरी में आतंकवादी हमले किए, तो वह भूल गया कि मोदी प्रधान मंत्री थे। 10 दिनों के भीतर, पीएम मोदी ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की। आगे बोलते हुए शाह ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि जब कश्मीर घाटी से अनुच्छेद 370 हटाया गया, तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस महत्वपूर्ण कदम का विरोध करते हुए कहा कि इससे कश्मीर में खून की नदी बह जाएगी। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच साल में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने की भी हिम्मत नहीं की। पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधान मंत्री थे, तो कोई भी पाकिस्तान से देश में प्रवेश कर सकता था और बम विस्फोट कर सकता था। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा के अलावा, शाह ने कांग्रेस शासन की तुलना में भाजपा के पिछले 10 वर्षों के शासन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की आर्थिक स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

राजकोट में शाह ने कहा कि कश्मीर हमारा है, लेकिन कांग्रेस के लोग और (मल्लिकार्जुन) खड़गे कह रहे हैं कि गुजरात और राजस्थान का कश्मीर से क्या लेना-देना है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर धारा 370 हटाई गई तो कश्मीर में खून की नदियां बहेंगी। लेकिन, पांच साल में एक भी पत्थर नहीं फेंका गया...कांग्रेस सरकार के समय बम विस्फोट होते थे। लेकिन, उरी और पुलवामा हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से आतंकवाद को खत्म कर दिया। पीएम मोदी ने दस साल में भारतीय अर्थव्यवस्था को 11वें से 5वें स्थान पर पहुंचा दिया।

सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत

इम्फाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवानों की मौत हो गयी और दो अन्य कर्मी घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही. उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है।

एमपी में 4 दुर्घटनाओं में 9 लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

भोपाल। मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में 4 अलग-अलग दुर्घटनाओं में 9 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मैहर और राजगढ़ जिलों में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन-तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि मंडला जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सिवनी जिले में एक कार और ट्रक की टक्कर में दो अन्य लोगों की मौत हो गई। अमदरा के थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि मैहर जिले में शनिवार सुबह करीब चार बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बोरी गांव के पास एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। छपारा थाने के सहायक उपनिरीक्षक प्रेमनारायण सूर्यवंशी ने बताया कि

जबलपुर -सिवनी राजमार्ग पर ट्रक से एक कार के टकरा जाने पर शिक्षिका प्रियवृंदा बिसेन (32) और उनके भाई बंसत पटेल (40) की मौत हो गई। सूर्यवंशी ने बताया कि शिक्षिका खजुराहो लोकसभा सीट के विजयराघवगढ़ में चुनाव ड्यटी कर लौट रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार उनके पति को चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार राजगढ़ में खानपुरा गांव के पास शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें 30 वर्षीय महिला, उसके पांच वर्षीय बेटे और सात वर्षीय बेटी की मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मंडला जिले में शुक्रवार देर रात मंडला-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुल के पास बारातियों को ले जा रही एक बस के पलट जाने से 50 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। मंडला कोतवाली के थाना प्रभारी शफीक खान ने यह जानकारी दी।

स्कूल बस पलटने से बस में सवार लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे हुए घायल

घायल बच्चों को देखने अस्पताल पहुंची विधायक

दबंग हिन्द,संवाददाता

घटना पर सीएम चम्पई सोरेन ने दुःख व्यक्त करते हुए घायल बच्चों की स्वास्थ्य लाभ की कामना की

घटना पर सीएम चम्पई सोरेन ने दुःख व्यक्त करते हुए घायल बच्चों की स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा– कि रांची के मांडर में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ बच्चों के घायल होने की सूचना से मन व्यथित है। जिला प्रशासन की टीम बच्चों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रही है। ईश्वर से सभी बच्चों के कुशलता की कामना करता हूं।

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुंद में स्कूल बस पलटने से बस में सवार लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे घायल हो गये। जानकारी के अनुसार स्कूल बस ग्राम चुंद स्थित संत नारीया स्कूल की है। घटना सुबह उस समय घटी जब बस चालक बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था और बस अनियंत्रित होकर गढ्ढा नुमा खेत में जा पलटी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल सभी बच्चों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है, जानकारी अनुसार सभी बच्चे सुरक्षित है। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की दुर्घटना से घायल स्कूली बच्चों को देखने अस्पताल पहुंची, अस्पताल पहुंचकर उनका हाल चाल लिया।

लोकसभा चुनाव के लिए जेएमएम ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर खटट (झारखंड मुक्ति मोर्चा) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है. जिसमें पार्टी के 40 नेताओं को जगह दी गई है. पार्टी के मुख्य चुनाव प्रचारक पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन है वे झारखंड सहित ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम राज्य के लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे।

पार्टी ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में इन्हें किया शामिल : स्टार प्रचारक की लिस्ट में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन, लोकसभा प्रत्याशी नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद कुमार पांडे, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, मंत्री दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू,

मंत्री मिथिलेश ठाकुर, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटू, नंदकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहंती, विजय हंसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी, हेमलाल मुर्मू मुख्य रूप से शामिल है।

बिजली की आंख मिचौली शुरू, गर्मी की रात में राहत की उम्मीद नहीं

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। भीषण गर्मी की मार के बीच अब राजधानी रांची में बिजली ने आंख मिचौली खेलनी शुरू कर दी है. बता दें, शहर के बड़े इलाके में बिजली संकट शुरू हो चुकी है. जिसके बाद अब गर्मी से बचने के लिए लोगों के पास कोई उपाय नहीं है. एक ओर जहां भीषण गर्मी और लू की वजह से लोग परेशान है तो वहीं दूसरी ओर अब बिजली के गुल होने से भी लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कौन-कौन इलाके हो रहे प्रभावित : राजभवन सब स्टेशन के अनुसार, हटिया गेट से लाइन ट्रिप कर गई है. जिसके कारण राजभवन सब स्टेशन के सारे फीडर से बिजली गुल हो गई है. हालांकि कांके ग्रिड से बिजली लेकर एक-एक घंटे शेडिंग करके बिजली आपूर्ति की जाएगी. जिससे लोगों को कभी बिजली मिलेगी तो कभी नहीं. यानी बिजली संकट के शुरू होते ही अब गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद तो आप छोड़ ही दीजिए. इसके साथ ही बिजली के बार-बार गुल (पावर संकट) होने से गर्मी की रात में बड़े इलाके में भी लोग काफी प्रभावित होंगे। हटिया ग्रिड हाई पावर वॉल्टेज की वजह से बार-बार ट्रिप कर रही है. आज सुबह सुबह ढाई बजे भी एक घंटे के लिए हटिया ग्रिड से पावर ट्रिप गो गई. जिसके कारण राजभवन और कांके ग्रिड से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई. जैसे कि आप देख रहे.. प्रचंड गर्मी का समय है और ऐसे वक्त में लोग गहरी सुबह-सुबह गहरी नींद में होते है. अगर ऐसे समय में बिजली गुल हो जाए तो यह बड़ी परेशानी है. बात करें आज की तो दिन में 1 से दो घंटे पावर कट हो रहा है।

मिशन 2024: मई में गरजेंगे दो दिग्गज

खूंटी में अमित शाह तो गुमला में राहुल गांधी करेंगे जनसभा

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। झारखंड में नामांकन शुरू होने के बाद अब कांग्रेस और बीजेपी बड़े नेताओं की सभा की तैयारी में जुट गयी हैं. लोहदगा, खूंटी, सिंहभूम और पलामू लोकसभा सीट पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे. जिसको लेकर दोनों पार्टियों के नेता तैयारी में जुट गये हैं. मई महीने के 3 या 5 तारीख को राहुल गांधी गुमला जिले के बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे, तो वहीं खूंटी में गृह मंत्री अमित शाह अपने पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे. राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गुमला जिले के बसिया में जनसभा को लेकर स्थल निरीक्षण किया और प्रस्तावित रैली को लेकर सभी कार्यकताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया।

राहुल गांधी की रैली से होगा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार: राजेश ठाकुर- मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा सके. रैली से कांग्रेस कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा. युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों के बीच राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है. जनता को भरोसा है कि इंडी गठबंधन की सरकार ही उनके दर्द को कम कर सकती है. बीजेपी के पास केवल धन-बल है, नैतिक बल नहीं है. लोकसभा चुनावों में कांग्रेस सहित इंडी एलायंस की जीत की संभावना है. सभी सीटों पर जीत की संभावना बताते हुए कहा कि गांव के लोग महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाना चाहते हैं और यही कारण है कि लोगों को भरोसा कांग्रेस और इंडी एलायंस के पक्ष में है।

लैंड जिहाद नहीं बल्कि हिन्दू भाईयों ने ईदगाह के लिए गिफ्ट किया है:एस अली

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शहदेव को जानकारी का अभाव अपना कद बड़ा करने कि नियत से झारखंडी मुस्लिम को करते है टारगेट जो बर्दाश्त से बाहर

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शहदेव के लैंड जिहाद वाले बयान पर बवाल हो गया है,मुस्लिम समुदाय के नेता एस अली ने कहा है की,मौजाकचनार टोली, थाना- जगन्नाथपुर (रांची) स्थिति 4.63 एकड़ भूमि जिसका खाता न०-01 प्लाट न०-370 में से रकबा 50 डीस मील जो दिनांक 21/01/1989 को भू-स्वामी कृष्णा नायक पिता रामेश्वर नायक द्वारा Al Amin Religious & Charitable Trust kachnar Toli Ranchi and Ragiseted Deed Gift किया गया, वही बालेश्वर महतो पिता किशुन महतो द्वारा दिनांक 10/10/1991 में 25-25 डीस मील भूमि छोटानागपुर मोमिन इस्लाहिया कमिटी कचनार टोली हेसाग रांची को अलग अलग दो रजिस्टर्ड डीड गिफ्ट किया गया है, जिसमें ईदगाह एवं कर्बला अवस्थित है और वहां 35 वर्षों से ईद व बकरीद की नमाज, मुहर्रम का अखाड़ा मेला आदि लगाया जाता है, भूमि डीड गिफ्ट से संबंधित कागजात भी हमलोगों के पास है।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर ओरमांझी में की बूथ स्तरीय बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

ओरमांझी। राजधानी रांची के ओरमांझी प्रखंड के चकला पंचायत के सरहुल जतरा टाँड़ मुन्ना पतरा में शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय बूथ कमिटि का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,खिजरी विधायक राजेश कच्छप,राँची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी यशस्विनी सहाय उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भाजपा के दमनकारी नीति और जुमलेबाजी सरकार को उखाड़ फेंकना है। केंद्र में जब से भाजपा की सरकार आई है आम जनता काफी परेशान है। भाजपा सिर्फ लूटखसोट की राजनीतिक करती है। इस बार सभी को मिलकर जुमलेबाज सरकार को जवाब देना होगा। वही विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि एकजुट होकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करके रांची लोकसभा से यशस्विनी सहाय को जिताकर लोकसभा भेजना है। भाजपा की सरकार सिर्फ लोगों को छलने का काम किया है। इस बार चुनाव में उन्हें सबक सिखाना है इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोग कांग्रेस पार्टी को वोट देकर विजय बनाएं। वही इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा की बूथ स्तर पर कमेटी को मजबूत करने की रणनीति तैयार हो चुकी है इस पर अमल करने की जरूरत है। कांग्रेस के सभी विंग अपने अपने स्तर से कमर कस ले हमारी विजय सुनिश्चित है।मौके पर पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा,उप प्रमुख रिजवान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा,विधायक सलाहकार रमेश उराँव, विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी,शिव प्रसाद साहू,सुरेश साहू, बाबू लाल महली, हरिमोहन महतो,रवी साहू, टुंडाहुली पंसस रीना देवी,महिला प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी,पूजा कुमारी, रमेश चन्द्र उरांव, सुरेंदर उरांव, तौहिद आलम,शिव टहल नायक, असफाक अंसारी,इनाम अंसारी, औरंगजेब अंसारी, सुधा देवी,मुबारक अंसारी,प्रखंड यूथ अध्यक्ष सूरज पठान, नौशाद अंसारी सहित सभी 18 पंचायत के बूथ स्तरीय कमेटी के अध्यक्ष सचिव व कमेटी के लोग उपस्थित थे।

मोमिन कॉन्फ्रेंस राँची जिला की नई कमिटी की घोषणा

जफर ईमाम महासचिव बनाये गए

दबंग हिन्द,संवाददाता

राँची। प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस राँची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने संगठन का विस्तार करते हुए राँची जिला कमिटी के पदाधिकारियों की नामों की घोषणा की है। शनिवार को अंजुमन प्लाजा स्थित सभागार में एक बैठक में नई कमिटी की घोषणा की गई। बैठक में राँची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद अधिसूचना जारी करते हुए नई कमिटी की घोषणा की। जारी अधिसूचना के मुताबिक जफर इमाम अंसारी को प्रधान महासचिव बनाया गया है। वहीं अब्दुल गफ्फार अंसारी, दिलरुबा अंसारी,फिरोज आलम, जाकिर हुसैन, शमीम अंसारी, असलम शेख, अब्दुल्लाह हबीब, मो० सामी अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, मो० तौहीद, प्रो० गफ्फार,परवेज अंसारी, अशरफ अंसारी, मसीउद्दीन अंसारी, सयुफ अंसारी, शफीउल्लाह अंसारी और शकील अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मियाँ जान, कयूम फराज,यासीन अंसारी, आजाद अंसारी, हफीजुर्रहमान अंसारी, अनिसुल रहमान, महबूब अंसारी, रिजवान अंसारी, अशफाक अंसारी, इसमाईल अंसारी, इमरान रजा अंसारी, ऐनुल अंसारी, शफीक अंसारी, कलीम अंसारी, कयूम अंसारी, सत्तार अंसारी एवं सज्जाद अंसारी को महासचिव बनाया गया है। सचिव के पद पर शमीम अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, सलीम अंसारी, महीबुल ओहदार,मो० जावेद अख्तर, मुस्तफा अंसारी, मो० इश्तियाक अंसारी, मसीउद्दीन असारी, शफीकुल मजीद, रहीम अंसारी महताब अंसारी ,असलम अंसारी, नासिर अंसारी, जसीम अंसारी, शमशाद अंसारी, शकील अंसारी एवं असलम को मनोनीत किया गया है। सखावत अली, रफीक अंसारी, फिरोज अंसारी, जैनुल हक अंसारी, मोइनुल हक, मतीउर्रहमान अंसारी, खलील अंसारी, जलील अंसारी, शमशेर आलम, सलमान खुर्शीद एवं इनाम अंसारी को संगठन सचिव बनाया गया है। अख्तर अंसारी को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। वहीं ईमरान अंसारी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने सभी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि सभी संगठन के वसूलों पर चलते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे।

रांची पुलिस की अपील : नशे के कारोबार की दें सूचना, होगी कार्रवाई

जारी किया व्हाट्सएप नंबर

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। नशे के जाल से युवाओं को बचाने के लिए रांची पुलिस ने एक सार्थक पहल शुरू की है. नशा मुक्त समाज बनाने में पुलिस ने समाज के लोगों से सहयोग मांगा है. इसको लेकर रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एक वीडियो संदेश जारी किया है. इसमें उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने एवं जड़ से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है. उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को नंबर- 9153886238 पर देने की अपील की है. एसएसपी ने लोगों से अपील करते हुये कहा है कि अगर किसी को भी इस तरह की गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं. एसएसपी ने कहा कि यदि किसी के पास किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता है तो उसे भी शेयर करें. एसएसपी ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख़्याल रखा जाएगा. एसएसपी ने इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की भी बात कही है. कहा कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जाएं, जब वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हो।

वीडियो में नशे के दुष्प्रभाव को भी दशार्या गया है : रांची पुलिस द्वारा जारी इस वीडियो में नशे के हानिकारक प्रभावों को भी दशार्या गया है. युवाओं को इस खतरनाक लत से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग से सहयोग करने का आग्रह किया है. एसएसपी ने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य हैं. इन्हें नशे की गर्त में धकेलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए रांची पुलिस प्रतिबद्ध है. बीते दिनों रांची पुलिस के विशेष अभियान में 50 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं. वहीं लगभग 15 करोड़ मूल्य के नशे का सामान जब्त किया जा चुका है. एसएसपी ने कहा कि इस अभियान को और धार देने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि एक जागरूक और सतर्क समाज की लाखों आंखों से मुट्ठी भर अपराधी छुप नहीं सकते. पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से नशे के खिलाफ निरोधात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एक प्रभावी वातावरण का निर्माण कर युवा पीढ़ी को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में अग्रसर किया जा सकता है. जिसमें हम सभी का सहयोग आवश्यक है।

एक नजर

चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का समापन

चेक बाउंस के 1860 वादों एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का हुआ निष्पादन

दबंग हिन्द,रांची । चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक का आज समापन हो गया। विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था, जिसमें एन. आई एक्ट के लिए - 23 एवं विद्युत अधिनियम के लिए - 4 बेंचों का गठन किया गया था। ज्ञात हो कि विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण के 1860 वाद एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का सफलतापूर्वक निश्पादन किया गया। पूर्व में ही चेक अनादरण के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को विभिन्न न्यायालय के माध्यम से नोटिस भेजा गया था। मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन कुल 361 वादों का निष्पादन एवं 3441156 रुपए की समझौता राशि प्राप्त हुई। यह भी ज्ञात हो कि आज ही के दिन मासिक लोक अदालत का भी आयोजना किया गया, इसके लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया था। आज के मासिक लोक अदालत में कुल 361. वादों का निष्पादन किया गया एवं 3441156/- (चौतिस लाख ईकतालिस हजार एक सौ छप्पन) रूपयों का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

पुंदाग ओपी क्षेत्र के सेल सिटी में डॉक्टर के घर भीषण चोरी की हुई घटना

दबंग हिन्द,रांची । राजधानी रांची के एक हाई प्रोफाइल सोसायटी में डॉक्टर के घर भीषण चोरी की घटना हुई है. घटना पुंदाग ओपी क्षेत्र के सेल सिटी में हुई है. यहां शुक्रवार को दिनदहाड़े ब्लॉक ई-8 में एक डॉक्टर के घर चोरी हुई है. बता दें कि सोसाइटी की अपनी खुद की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है. कई सिक्योरिटी गार्ड यहां रहते हैं. इसके बाद भी चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. सूचना है कि चोरों ने डॉक्टर के फ्लैट से 50 लाख से ज्यादा के जेवरात सहित अन्य सामान की चोरी की है. पुलिस मौके पर शुक्रवार की देर शाम पहुंची और जांच में जुटी हुई है।

राँची लोक सभा सीट के इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार यशस्विनी सहाय से औपचारिक मुलाकात

दबंग हिन्द,रांची । राँची लोक सभा सीट के इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार यशस्विनी सहाय से औपचारिक मुलाकात की गई। समाजसेवी मेराज अहमद, इब्राहिम अंसारी, डॉ जुनेद आलम, मौलाना सईद आलम , समून अंसारी ने सयुंक्त बयान जारी कर कहा कि देश का एक मात्र विकल्प इंडिया महा गठबंधन है।

शिव मंदिर निर्माण समापन समारोह में शामिल हुए: डॉ परमेश्वर भगत

दबंग हिन्द,चान्हो। चान्हो के रघुनाथपुर में पंच दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा चल रही थी। सर्वप्रथम कलश यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद आज समापन कार्यक्रम में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगों के सुख शांति के लिए पूजा अर्चना किये एवं पृथ्वी में मनुष्य के साथ जितने भी जीव जंतु है सभी के खुशहाली के लिए भी प्रार्थना किए।

न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए बाल सांसद का गठन

दबंग हिन्द,रांची । न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी के परिसर में बाल संसद का पुनः गठन किया गया विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा सर्वसम्मति से बाल संसद के गठन के दौरान मंत्रियों का चुनाव किया गया प्रधानमंत्री के रूप में सजाद अंसारी और उप प्रधानमंत्री के रूप में फरजाना परवीन का चयन किया गया अनुशासन मंत्री के रूप में अरमान खान और रौनक आरा का चुनाव किया गया खेल मंत्री के रूप में अमर कुमार और साफिन प्रवीन सफाई मंत्री जैद अंसारी कला मंत्री दीपिका कुमारी स्मृति कुमारी और रबी मुंडा काचु मुंडा स्वास्थ्य मंत्री आरिफ अंसारी नौरिन फिजा और शिक्षा मंत्री में अलकमा जुमि का चुनाव किया गया विद्यालय के निदेशक राशिद अंसारी ने प्रधानमंत्री समेत विभिन्न विभागों के मंत्रियों को बधाई देते हुए संबोधित किया और कहा कि बाल संसद के गठन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना एवं छात्र छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देना है उन्होंने व्यक्तिगत कौशल का विकास करना और उप प्रधान अध्यापक रतन नाग ने बताया कि बाल संसद के बच्चे अपने विद्यालय में वे अपने विचार रख सके और विद्यालय के प्रबंधन और विकास में भागीदार बन सके। बाल संसद विद्यालय के बच्चों का एक मंच होगा जहां वे अपने विद्याल, समाज, परिवार, स्वास्थ्य, शिक्षा और अपने अधिकारों की बात खुल कर कह सकेंगे इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे

एन.एस.यू.आई ने डोरंडा कॉलेज में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम की लॉन्चिंग की

दबंग हिन्द,रांची। झारखंड कांग्रेस एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में आज रांची विश्वविद्यालय के डोरंडा कॉलेज में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम की लॉन्चिंग की गई। विदित हो कि पूरे देश मे ये कार्यक्रम हर कॉलेज यूनिवर्सिटी में की जा रही है। आज डोरंडा कॉलेज में ये लॉन्चिंग की कार्यक्रम की गई। कार्यक्रम की लॉन्चिंग में मुख्य रूप से रांची लोकसभा की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशश्विनी सहाय जी मौजूद थी। विद्यार्थियों के बीच युवा न्याय पम्पलेट एव गौरांती कार्ड दिया गया। यशश्विनी सहाय ने मौके पर विद्यार्थियों से बात की एव उन्हें संबोधित किया। कांग्रेस के मैनिफेस्टो को समझाया। नए वोटर्स को वोट का महत्व बताया। आरुषी वन्दना ने कहा कि पूरे झारखंड में हर यूनिवर्सिटी में हर कॉलेज में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम किया जाएगा एव रांची के हर कॉलेजों में प्रतिदिन ये कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर जिला महासचिव अब्दुल राबनवाज ने विद्यार्थियों को युवा रौशनी योजना एव अग्निपथ योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, अब्दुल राबनावज, आकाश रजवार, मिराज, सुमन, प्रीति, रेशम, कार्तिक, विनीत, प्रियंका एव अनेकों विद्यार्थी मौजूद थे।

आरएमसी : 30 जून से पहले एडवांस होल्डिंग टैक्स भरने पर मिलेगा 10 परसेंट तक डिस्काउंट

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम हाउस होल्डर्स को एडवांस टैक्स भरने पर डिस्काउंट दे रहा है. वित्तीय वर्ष 2024-2025 के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त पेमेंट 30 जून 2024 तक करने पर टैक्स पेयर को टैक्स की राशि पर अधिकतम 10% की छूट देगा. निगम ने शहर के लोगों से ऑनलाइन या ऑफलाइन एडवांस होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की है. गौरतलब है कि निगम क्षेत्र में बड़ी आबादी रहती है. 53 वार्डों में सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर निगम में रजिस्टर्ड हैं. कुछ को छोड़कर सभी हाउस होल्डर होल्डिंग टैक्स नगर निगम में जमा कराते हैं. धार्मिक स्थलों को इससे छूट है. पर सरकारी भवनों से भी नगर निगम सालाना टैक्स वसूलता है.

ऐसे मिलेगा फायदा : ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर कर की राशि पर 10% की छूट मिलेगी. जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशि पर 7.5% की छूट मिलेगी. डोर-टू-डोर टैक्स कलेक्टर के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशि पर 5% की छूट मिलेगी. ज्ञात हो कि निगम के जिम्मे शहर के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है. सफाई से लेकर फॉगिंग, डेवलपमेंट, फॉगिंग, स्ट्रीट लाइट, पीने का पानी जैसी सुविधाएं देने के लिए वह लोगों से होल्डिंग टैक्स वसूलता है. टैक्स भरने का सिलसिला तो सालों भर चलता है. पर निर्धारित समय पर टैक्स जमा करने पर रियायत भी दी जाती है।

रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को टिकट नहीं मिला तो छोड़ी कांग्रेस, बोले- किसी पार्टी का झंडा नहीं ढोयेंगे

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। हाल ही में कांग्रेस का दामन थामने वाले रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का मोह पार्टी से कुछ ही दिन में भंग हो गया. शनिवार को उन्होंने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है. वह पूर्व सांसद टिकट न मिलने के कारण पार्टी से नाराज चल रहे थे.

कांग्रेस से चल रहे थे नाराज : रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को कांग्रेस ने टिकट न देकर सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया. जिसके बाद से वे पार्टी से नाराज चल रहे थे. जिसके बाद आज उन्होंने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया. उन्होंने कहा कि मैं मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं कर सकता हूं. मैं यहां किसी पार्टी का झंडा ढोने नहीं आया हूं. चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह कार्यकताओं से सलाह लेने के बाद ही इस बार में कोई फैसला लेंगे. रांची से यशस्विनी सहाय को कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने के बाद उन्होंने खुलकर नाराजगी व्यक्त की थी. उन्होंने कहा था कि कांग्रेस पार्टी की ओर से उन्हें दिल्ली बुलाया गया था. इसके बाद रांची लोकसभा सीट का फीडबैक लिया गया. फिर टिकट का आश्वासन दिया गया. उस मुझसे कहा गया कि जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी. इसके बाद ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी.

कांग्रेस ने यशस्विनी सहाय को बनाया है उम्मीदवार : बता दें कुछ दिन पहले कांग्रेस ने रांची से अपना प्रत्याशी घोषित किया था. जहां पार्टी ने सुबोधकांत सहाय की जगह उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया. हालांकि, उम्मीदवार की घोषणा होने से सुबोध कांत सहाय, रामटहल चौधरी और बन्ना गुप्ता का नाम चर्चा में चल रहा था. लेकिन बाद में कांग्रेस ने रांची से यशस्विनी सहाय को टिकट दिया था.

रामटहल चौधरी के पार्टी छोड़ने से हमपर कोई फर्क नहीं: कांग्रेस

कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस की सदस्यता लेना रामटहल चौधरी का निजी मामला और छोड़ कर भी जाना उनका खुद का निजी मामला है. पार्टी की सदस्यता लेने के बाद वह मीडिया में बयान दिये की हम निःस्वार्थ रूप से सेवा करने आये हैं और उन्होंने साफ कहा कि हमें पार्टी के किसी नेता ने कोई आश्वासन नहीं दिया है. जहां तक टिकट की बात रही तो उनसे कोई वादा नहीं किया गया था. जिस भी पार्टी में जायें अच्छे से रहें और दीर्घायु रहें. पार्टी छोड़ कर जाने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा.

लोक अदालत में 3250 मामलों का हुआ निष्पादन

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के जज और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद की पहल पर पूरे राज्य में चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों को लेकर झालसा के द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. जिसमें कुल 24727 प्री. लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया. साथ ही कुल 270528545 रुपये का सेटलमेंट किया गया. झालसा के द्वारा इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी. झालसा द्वारा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को पत्र के माध्यम से उक्त विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया था. साथ ही साथ एसओपी भी जारी किया गया था. झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने 22 अप्रैल को सभी जिलों के संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की थी. एसओपी के अनुसार प्री. लोक अदालत सीटिंग 21 अप्रैल 2024 से ही प्रारंभ कर दी गयी थी.

चेक बाउंस के 1860 एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का हुआ निष्पादन : चेक बाउंस एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का शनिवार को समापन हो गया. विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था. जिसमें एन.आई एक्ट के लिए - 23 एवं विद्युत अधिनियम के लिए - 4 बेंचों का गठन किया गया था. ज्ञात हो कि विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 1860 वाद एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया. पूर्व में ही चेक बाउंस के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को विभिन्न न्यायालय के माध्यम से नोटिस भेजा गया था.

मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन : कुल 361 वादों का निष्पादन एवं 3441156 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। बता दें कि शनिवार को ही मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया. इसके लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया था. इस मासिक लोक अदालत में कुल 361 वादों का निष्पादन किया गया, वहीं 3441156/- (चौतिस लाख ईकतालिस हजार एक सौ छप्पन) रुपयों वूसली की गई.

लैंड स्कैम : अफसर अली की दो दिनों की रिमांड और बढ़ गई

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फजीर्वाड़ा मामले में सोमवार को 12 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में आज पेश किया गया. ईडी ने अफसर अली से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए 2 दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया. जिस पर कोर्ट ने 29 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है. दरअसल, ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था. मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद समेत 5 को चार्जशिटेट आरोपी बनाया गया है. अबतक 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई है.

साइबरपीस रांची की बाइक रैली रविवार को

रांची। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान शुरू किया गया है. साइबरपीस ने इसके लिए 28 अप्रैल को बाइक रैली का आयोजन किया है. इसका उद्देश्य यूट्यूबर्स और ब्लॉगर्स के जरिये लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना है. बाइक रैली का शुभारंभ 28 अप्रैल की सुबह 6.30 बजे होगी. रैली में शामिल होने वाले प्रतिभागी सुबह के 5.30 बजे तक साइबरपीस के अशोकनगर स्थित कार्यालय पहुंचेंगे.

हटिया ग्रिड में ट्रिपिंग के कारण बड़े इलाके में बिजली गुल, एक-एक घंटे के लिए मिल रही बिजली

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में शनिवार को सुबह से ही लोड शेडिंग का असर देखा जा रहा है. हटिया ग्रिड में लाइन ट्रिपिंग के कारण राजधानी में लोड शेडिंग की जा रही है. रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो राजधानी में एक-एक घंटे तक लोड शेडिंग कर इलाकों में बिजली दी जा रही है. वहीं, बढ़ती गर्मी और उमस के बीच बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. राजधानी के अधिकांश हिस्से में घंटों बिजली कटौती से लोगों को पानी से लेकर रोजमर्रा के कामों में परेशानी हो रही है. रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो हटिया ग्रिड से लाइन ट्रिप हुई है. जिसके कारण राजभवन सब स्टेशन के सारे फीडर से बिजली गुल हो गयी है. हालांकि कांके ग्रिड से बिजली लेकर एक-एक घंटे शेडिंग करके बिजली आपूर्ति की जा रही है. हटिया ग्रिड हाई पावर वॉल्टेज की वजह से बार-बार ट्रिप कर रहा है. शनिवार सुबह और दोपहर ढाई बजे भी एक घंटे के लिए हटिया ग्रिड से पावर ट्रिप हो गया. जिसके कारण राजभवन और कांके ग्रिड से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई. इससे हटिया, तुपुदाना, अरगोड़ा, हरमू, रातू रोड, पिस्का मोड़, कांके समेत बड़े इलाके में बिजली संकट देखा जा रहा है.

सरायकेला का तापमान पहुंचा 45 डिग्री के पार, अधिकांश जिलों का तापमान 40 के पार

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची का तापमान 39.5 डिग्री

रांची। बढ़ती गर्मी से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई. सुबह दस बजे के बाद से ही लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं, गोड्डा, बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. जबकि पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू, जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रांची का तापमान 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. आने वाले दिनों के तापमान की बात करें तो तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है. जिसमें बताया है कि 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा. 27 अप्रैल को जहां हीट वेव का असर संथाल और दक्षिणी हिस्से में देखा जायेगा. वहीं, 28 से 29 के बीच हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में भी देखा जायेगा. ऐसे में लोगों को काफी सतर्क रहने की सलाह दी गयी है. आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा. इसमें, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी. इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है. बढ़ते तापमान और हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने विशेष अलर्ट जारी किया गया है. साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के 11 बजे से लेकर दोपहर के 4 बजे तक बाहर न निकले. समय-समय पर पानी पीते रहे. वहीं, कॉटन कपड़े का इस्तेमाल करें. बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह ढक लें.

गूगल पर कस्टमर केयर का फर्जी नंबर डाल ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। गूगल पर अगर आप किसी प्रॉडक्ट से जुड़ी शिकायत और रिफंड के लिए उस कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर रहे हैं, तो सावधान हो जाइए नहीं तो आप भी साइबर ठगों के अगले शिकार हो सकते हैं. सीआईडी की साइबर क्राईम थाना पुलिस ने साइबर ठगों के एक ऐसे ही गैंग का खुलासा किया है, जो गूगल एड की सहायता से गूगल पर विभिन्न कंपनियों के कस्टमर केयर का फर्जी नंबर डाल कर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम देते थे. इस मामले में पुलिस ने छापेमारी कर देवघर दो साइबर ठग को गिरफ्तार किया है. जिनकी पहचान देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र स्थित बगडबरा निवासी जमालुद्दीन अंसारी (उम्र 32) पिता-कुटू मियां और दुमका के मसलिया थाना श्रेत्र स्थित दुबराजपुर निवासी साजिद अंसार (उम्र 36) पिता-निजाम के रुप में हुई है. आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 5 मोबाइल फोन, 3 पासबुक, 6 सिम कार्ड, 1 चेकबूक, 1 एटीएम, 1 पेनकार्ड भी बरामद किया है. आरोपी एक गिरोह बनाकर इस घटना को अंजाम दे रहा था. गिरोह में आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल है. आरोपी साजिद एड बनाने का काम करता था. वहीं, जलालुद्दीन लोगों को झांसा में लेकर ऐप इंस्टॉल करवाकर ठगी करता था.

महिला के खाते से उड़ाये थे रुपये : फरवरी 2024 को सीआईडी की रांची साईबर क्राईम थाना (काण्ड संख्या 53/2024) आईपीसी की धारा 419/420/467/468/471/120 (बी) एवं 66 (बी)/66 (सी)/66 (डी) आईटीएक्ट में पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज किया गया था. आरोपी पीड़िता को Meesho App Customer Care का प्रतिनिधी बन कर Avval Desk Application Download करवाकर 2,06,496 रुपये विभिन्न खाताओ में अवैध हस्तांतरण कराते हुए साईबर ठगी की थी.

जब्त नशीले पदार्थों के लिए अलग से बनेगा मालखाना

रांची। जब्त नशीले पदार्थ को रखने के लिए अलग से मालखाना बनेगा. झारखंड के सभी जिले में मालखाना बनाया जाएगा. जिनमें रांची, जमशेदपुर, सराइकेला, गढ़वा, चतरा, धनबाद, दुमका, जामताड़ा, देवघर, साहेबगंज और गोड्डा में जब्त नशीले पदार्थ के मालखाना बनेगा. जबकि गुमला, खूंटी, लोहरदगा, कोडरमा, सिमडेगा, लातेहार, पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, चाईबासा, बोकारो और पाकुड़ जिले में पहले से भवन का जीर्णोद्वार कर मालखाना बनाया जायेगा. नशे के कारोबारी पर निगरानी बढ़ायी जा रही है. इसके तहत नौ जिलों की पुलिस ने मिलकर 205 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोसियर तैयार किया है. चतरा जिला की पुलिस ने सबसे अधिक 177 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोसियर खोला है. संबंधित जिलों के एसपी ने इससे संबंधित आंकड़ा तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया है. दूसरी ओर 29 नशे के सौदागरों के खिलाफ पिट अधिनियम के तहत जिलाबदर की कार्रवाई के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया गया है.

फैटी लीवर : डरें नहीं परहेज करें, ठीक हो जायेगा

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। हम जिनसे भी बात करें, एक-दो परिचित ऐसे जरुर मिल जाएंगे, जिन्हें फैटी लीवर की शिकायत है. यू कहें आज के दौर में इस बीमारी के नाम से लोगों को सबसे अधिक डराया जा रहा है. क्या लीवर का फैटी होना सच में बड़ी बीमारी है. क्या एक बार लीवर फैटी हो गया तो वह ठीक नहीं होगा. इस तरह के कई सवाल हैं, जिनके जवाब लोग जानना चाहते हैं. लेकिन आसान भाषा में कोई बताने को तैयार नहीं. इस बीमारी के बारे में जानने के लिए हमने डॉ अनुज कुमार से बात की. उन्होंने विस्तार से इस बीमारी के बारे में जानकारी दी. डॉ अनुज बताते हैं, बाजार में आप जितने भी प्रोडक्ट देखते हैं, जो लीवर को डीटॉक्स करने का दावा करती है वो सारी फर्जी है. क्योंकि लीवर को डीटॉक्स सिर्फ. लीवर ही कर सकता है और वो भी आपके स्वस्थ खानपान और शारीरिक व्यायाम की मदद से. इसलिए बाजार में बिक रहे ऐसे फर्जी प्रोडक्ट से कोई फायदा नहीं होने वाला.

लीवर क्या है : लीवर आपके शरीर के दायें भाग में रहता है और इसका मुख्य काम पाचन कार्य में मदद करना और शरीर से टॉक्सिन्स को हटाना है. लीवर ही आपके शरीर को डीटॉक्स करता है. जब किसी व्यक्ति के शरीर में फैट की मात्रा बढ़ जाता है तो वो उस व्यक्ति के लीवर में जमा होने लगता है. एक सीमा से अधिक जमा होने पर लीवर फैटी हो जाता है. तब पाचन क्रिया ठीक से काम नहीं करता. अगर समय पर इसका इलाज व परहेज नहीं किया जाता है, तो फैट की वजह से लीवर के सेल्स खराब होने लगते हैं. इस स्थिति में उस व्यक्ति को एक बड़ी बीमारी हो जाती है. जिसे लीवर सिरोसिस कहा जाता है.

लीवर फैटी होने के दो कारण : फैटी लीवर दो तरह के होते हैं. पहली, अल्कोहलिक. यह ज्यादा शराब पीने की वजह से होता है. दूसरी, नन अल्कोहलिक. यह मोटापा, शुगर या बीपी की बीमारी, तेलीय चीजों का सेवन, अनिंद्रा, शरीर में अत्यधिक कोलेस्ट्रॉल की मात्रा और कुछ दवाइयों की वजह से होता है. दवाइयों में एलोपैथी की स्ट्रॉयज, एस्प्रिन और कुछ पेन कीलर शामिल है. कुछ आयुर्वेदिक व होमियोपैथी की दवाईयों की वजह से भी फैटी लीवर की बीमारी होती है.

तीन शुरूआती लक्षण

- ग्रेड-एक, में सामान्यत: कोई लक्षण नहीं होते, रुटीन चेकअप में यह पकड़ में आ जाता है.
- ग्रेड-दो, अपच, गैस की समस्या, भूख कम लगना, कमजोरी इत्यादि होती है.
- ग्रेड-तीन, पेट दर्द, वजन का कम हो जाना, जॉन्डिस जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं.

क्या है इलाज

डॉ अनुज कुमार बताते हैं : इलाज से पहले लीवर के बारे में यह जान लें कि यह शरीर का ऐसा अंग है जो खुद को 90 फीसदी तक खुद से ठीक कर लेता. और अभी तक ऐसी कोई दवाई उपलब्ध नहीं है, जो फैटी लीवर को ठीक कर सके. कुछ दवाइयां हैं जो अभी परीक्षण के दौर में हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि फिर यह ठीक कैसे होता है.

इसका जवाब यह है कि यह खुद से ठीक होता है. बीमार व्यक्ति को बस यह करना होता है कि वह लीवर को ऐसा माहौल दे कि वो खुद को ठीक कर सके. और अगर बीमार व्यक्ति एक ईमानदार कोशिश करें, तो ग्रेड-तीन तक के फैटी लीवर पूरी तरह ठीक हो सकता है.

फैटी लीवर हो, तो क्या करें

- शराब या नशे का सेवन ना करें.
- स्वस्थ्य आहार लें.
- नियमित शारीरिक व्यायाम करें.
- 03अपने वजन को नियंत्रण में रखें.
- अगर डायबिटिज या बीपी है, तो उसे नियंत्रण में रखें.
- बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी दवाई (एलोपैथिक/ आयुर्वेदिक/ होमियोपैथिक) का सेवन ना करें.

एक नजर

बर्ड फ्लू: दो डॉक्टर समेत छह को किया गया क्वारंटाइन

रांची। शहर के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है. प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है. प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है. एहतियात के तौर पर वहां के दो डॉक्टर समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है. कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है. प्रक्षेत्र के डॉ गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है. साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है. डॉ गणेश ने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी. टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं. जिसकी जांच की जायेगी. जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरुरी इंतजाम किए जा रहे हैं. दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ रजनीश गुप्ता ने पत्रकारों को बताया है कि होटवार के एक किमी के क्षेत्र में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है. यह रोक तब तक जारी रहेगा, जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं. उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है. बस सावधानी बरतने की जरुरत है. जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरुरत है. अगर उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए.

तेज गर्मी में श्रमिकों के लिए काम के घंटे का किया जायेगा पुनर्निर्धारण, होगा लगातार हेल्थ चेक अप

रांची। राज्यभर में बढ़ती गर्मी परेशानी का सबब बन चुकी है. इसे देखते श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने झारखंड को भी जरूरी दिशा निर्देश भेजा है और उसे लागू करने को कहा है. इस आधार पर उप श्रमायुक्त कार्यालय, श्रम भवन, रांची की ओर से सभी जिलों को शनिवार को श्रमिकों के मामले में कुछ जरूरी बिंदुओं का ध्यान रखने को कहा गया है. रांची जिले में जितने भी प्रतिष्ठान, बिल्डर, निर्माण कर्ता, नियोजक हैं, उनसे कहा गया है कि वे कामगारों के काम के घंटे या समय को पुनर्निर्धारित करें. कामगारों की लगातार स्वास्थ्य जांच करानी है. कार्य स्थल पर भरपूर पानी की व्यवस्था हो, आराम करने को छायादार व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा किट, ओआरएस वगैरह हो. दवा और आपातकाल के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था हो. हीट वेव (लू) से बचाव के लिए बाहरी गतिविधि के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और बढ़ायी जाये. लू से पीड़ित कामगार को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जायें. गर्भवती महिलाओं और चिकित्सकीय स्थितिवाले श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाये. कर्मचारियों को लू की चेतावनी के बारे में सूचित करें.

दुष्कर्म का प्रयास करने के दोषी किशोर को सात साल की सजा, स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट ने सुनाया फैसला

रांची। नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में जेल में बंद दोषी नाबालिग को स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी. दरअसल, अभियुक्त पर नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है. घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सदर थाने में 9 जून 2020 को केस दर्ज कराई थी. यह भी बता दें कि जिस वक्त आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उस समय उसने अपना उम्र 15 साल बताया था. जिस आधार पर पुलिस ने आरोपी को डुमरदगा स्थित रिमांड होम भेज दिया था. साथ ही मामले की सुनवाई के लिए जुवेनाइल बोर्ड भेज दिया गया था. बाद में आरोपी की उम्र 16 साल से अधिक निकली, जिसके बाद मामले की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में चली थी. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 6 गवाहों की गवाही कराई.

लंबित मांगें पूरा नहीं हुई तो आंदोलन : सचिवालय सेवा संघ

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ कार्यकारिणी की बैठक ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में नेपाल हाउस स्थित सभागार में हुई. बैठक में झारखंड सचिवालय सेवा संघ की दीर्घकालीन लम्बित मांगों के प्रति सरकार के अन्याय पूर्ण, संवेदनहीन तथा उदासीन रवैये के विरुद्ध रोष प्रकट किया गया. इसके लिए सरकार में बैठे कुछ नकारात्मक मानसिकता के व्यक्ति जिम्मेवार ठहराये गये. इसके विरुद्ध प्रस्तावित आन्दोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा विभागीय प्रतिनिधियों के साथ अगले सप्ताह निर्धारित बैठक में इस पर मुहर लगाये जाने का निर्णय लिया गया. इस बीच संघ कार्यकारिणी के पदाधिकारी विभिन्न विभागों में घूम कर जनसंपर्क अभियान चलायेंगे तथा कतिपय विभागों से जुझारू प्रतिनिधियों का चयन करेंगे. बैठक में महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा के साथ इरशाद आलम, बिनय बरनवाल, हेम नारायण सिंह, मनोज कुमार, देबाशीष, राजा हंसदा, रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे.

1500 रुपये मिलने के लालच में 40 लाख के अफीम तस्करी में पकड़ा गया नाबालिग

रांची। चतरा जिले के सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने 40 लाख के अफीम के साथ एक नाबालिग को पकड़ा है. गिद्धौर थाना क्षेत्र स्थित बलबल मंदिर के पास से पुलिस ने आरोपी नाबालिग को पकड़ा है. उसके पास से 8 किग्रा अफीम पुलिस ने बरामद किया है. पुलिस को सूचना मिली थी की अफीम का बड़ा खेप तस्करी के लिए बलबल के रास्ते हजारीबाग भेजा जा रहा है. सूचना पर चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप से बस का इंतजार कर रहे नाबालिक से शक के आधार पर पूछताछ व तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान उसके पास से तस्करी में प्रयुक्त सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल व आठ किलो गिला अफीम बरामद किया गया. जिसके बाद बालक को निरुद्ध करते हुए विधिवत रूप से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है. बरामद अफीम का बाजार मूल्य 40 लाख रुपये है. पुलिस को पूछताछ के दौरान निरुद्ध बालक ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम का खेप हजारीबाग पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराया था. इसके एवज में उसे रकम देने की बात कही थी. राहुल पांडेय के विरुद्ध निरुद्ध बालक के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत गिद्धौर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं, पुलिस आरोपी राहुल पांडेय की गिरफ्तार के लिये संभावित ठिकाने पर छापेमारी में जुट गई है.

बोकारो परिसदन का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । बोकारो परिसदन का जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव ने निरीक्षण किया मौके पर सहायक निर्वाचित पदाधिकारी अपार समर्थ मुमताज अंसारी जिला नजर टॉप समाहर्ता सदानंद महतो परीक्षक रवि कुमार सिंह सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार मीडिया कोषांग प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे। आईडीसी ने कम बार यहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया टीम ने परिषदन में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को दिखा साज सज्जा के लिए लगाया गया फोटो फ्रेम पर्दा गमला आदि को एकरूपता का रूप संबंधित एजेंसी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया इसके अलावा नियमित साफ सफाई का भी निर्देश दिया गया इस कार्य को निष्पादित कर रहे हैं एजेंसी को बेहतर तरीके से काम करने को कहा गया मौके पर जिला में ज्यादा गुस्सा मारता को निगरानी करते हुए से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया इस दौरान उन्होंने यहां संचालित प्रेक्षक कोषांग के कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अपने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्ति परक्षक के लिए कमरों का आवंटन परिवहन सुरक्षा आदि की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एंटरप्रेन्योरशिप वह इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट प्रोग्राम

गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस में कार्यक्रम संपन्न

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज बोकारो में एंटरप्रेन्योरशिप और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट पर केंद्रित दो सत्र में कार्यक्रम संपन्न हुआ यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ए आई सी टी ई भारत सरकार द्वारा ग्रांटेड था एवं इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत सेवा मुख्य अतिथि एवं भक्ति चेयर प्रोफेसर आईपीआर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ए स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची डीआर श्रीनिवास मूर्ति एम आर एवं स्टेट प्रेसिडेंट झारखंड स्मॉल एंड टाइनी बिजनेस एंड एंटरप्राइज संगठन कुंदन उपाध्याय रहे डीआर श्रीनिवास मूर्ति ने अपने भाषण में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट क्या है तथा उसके महत्व को

समझाया वही कुंदन उपाध्याय ने श्रोताओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया कॉलेज के निदेशक डॉक्टर प्रियदर्शी जरूर हर ने कहा कि देश को संसार में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए चाहिए कि वह अपने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी का निर्माण खुद करें कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का भी सत्र आयोजित हुआ मंच संचालन छात्रा साहिब अकरम ने किया समन्वयक प्रोफेसर दया शंकर दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ ज्ञात हो कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर पंकज राय और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हुसैन अंसारी के पेटेंट स्वीकृति के बाद 10 पेटेंट वाला या पहले स्वपोषित कॉलेज है कॉलेज संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी।

सरदार पटेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में मारी बाजी

दबंग हिन्द,बोकारो । सरदार पटेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जे ई ई मैंस की परीक्षा में इस वर्ष भी काफी संख्या में सफलता पाई जानकारी के मुताबिक बेहतर रैंक लाने वाले छात्र-छात्राओं में प्रकाश कुमार सिंह 98.20 प्रतिशत शाहिद सरवर अली 95.57 रवि शंकर पंडित 94.3 2 आयुष कुमार 86.39 अमन कुमार 83.35 स्नेहा कुमारी 82.82% शुभम कुमार 75.83 शामिल है छात्र-छात्राओं की इस विशेष सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य सुमित कुमार पटेल सेवा संघ के महासचिव मुरली मनोहर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार एवं सचिव प्रवीण कुमार ने बधाई देते हुए इसका श्रेय विद्यालय के शिक्षक को दिया विद्यालय प्रबंधन समिति प्राचार्य तथा शिक्षक शिक्षिका ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

अधिवक्ताओं से मिली इंडिया गठबंधन की अनुपमा सिंह

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । न्यायालय परिसर बोकारो में इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी एवं बेरमो विधायक कुमार जय मंगल की पत्नी अनुपमा सिंह ने अधिवक्ताओं से मिलकर उनका सहयोग अपने पक्ष में करने की अपील की श्रीमती सिंह ने कहा कि वह भी विधि स्नातक हैं और उन्हीं के परिवार का एक सदस्य है इस मौके पर अनुपम सिंह का स्वागत किया गया मौके पर इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरी ने अधिवक्ताओं से अपील किया कि अधिवक्ता परिवार की सदस्य विधि स्नातक और योग्य प्रत्याशी अनुपमा सिंह का साथ दें अधिवक्ताओं की समस्याओं को संसद में उनके द्वारा उठाए जा सकेगा इस मौके पर अनुपम सिंह अधिवक्ता के बीच प्रत्येक टेबल पर जाकर सहयोग मांगा इस मौके पर अधिवक्ता हरि प्रकाश सिंह साकेत कुमार सिंह उदय सिंह संजय कुमार आकाश टुडू सोमनाथ शेखर अर्जुन शहर विजय कुमार रामपद अमरदेव सिंह दीपिका सिंह संजीत सिंह हसनैन आलम ओमप्रकाश लाल ज्योति प्रकाश चौधरी विवाह कुमारी विनोद कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह पंकज यादव पंकज बंसल संजय कुमार प्रसाद नरेश महतो प्रकाश शेखर खुर्शीद आलम आफताब आलम अनीस अंसारी रजी अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

डॉ एस राधाकृष्णन कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यशाला

दबंग हिन्द,संवाददाता

चास । डॉ एस राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय परिसर में आइक्यूएसी के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का विषय था भविष्य प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बी एड के छात्र-छात्रा प्रशिक्षकों को बेहतर जीवन के लिए तैयार करना। भविष्य प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्होंने मुख्यतः तीन विषय पर सभी का मार्गदर्शन किया जिसमें समय प्रबंधन निर्णय लेने और नशीली दावों का दुरुपयोग और लत । कहां गया कि वर्तमान में हमारे यह प्रशिक्षण कल के देश के भविष्य हैं अर्थात इन प्रशिक्षु को भविष्य योजना संबंधित ज्ञान होना अति आवश्यक है कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही था कि प्रशिक्षु को जीवन योजना संबंधित सही मार्गदर्शन हो सके कार्यक्रम के विशेषज्ञ जे सी आशीष गोयंका थे उनके द्वारा इस कार्यक्रम को और रोचक बनाया गया उन्होंने समय प्रबंधन के साथ नशा से बचने के लिए विशिष्ट जानकारी दी इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर गायत्री कुमारी ने कहा कि आज की कार्यशाला केवल प्रशिक्षकों के लिए नहीं बल्कि यहां उपस्थित सभी के लिए काफी उपयोगी एवं लाभकारी है जो किसी को जीवन में सफल बनाने में मदद करेगा ।

उत्पाद विभाग ने छापामारी कर बरामद किया अवैध देशी शराब

दबंग हिन्द,बोकारो । शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पादन के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पादन के पर्यवेक्षण में जिला उत्पादक टीम ने नाबा डीह मैं छापामारी कर 2580 किलो जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध शराब जप्त किया वहीं अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले सामग्री को नष्ट किया छापामारी के दौरान संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया गया छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव और निरीक्षक कृष्ण प्रजापति सुश्री दीपिका कुमारी यदि शामिल थे जानकारी की लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

केंद्र की भाजपा सरकार के हटने से ही कोयला मजदूरों का भला होगा-राघवन

दबंग हिन्द,संवाददाता

फुसरो। हिन्द मजदूर सभा से संबंद्ध कोल फिल्ड मजदूर यूनियन ढ़ोरी एरिया की बैठक शनिवार को करगली बाजार स्थित यूनियन की प्रधान कार्यालय मे हुई। दर्जनो कामगार विभिन्न श्रमिक संगठनों को छोड़कर कोल फिल्ड मजदूर यूनियन मे शामिल हुए। महामंत्री राघवन रघुनंदन ने कहा की केंद्र में जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, लगातार कोयला उद्योग को कमजोर करते हुए पूंजीपतियों को सौंपनें का प्रयास किया। कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण की पहल से कोयला मजदूरों का अस्तित्व संकट में है। कहा कि कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए मजदूर और श्रमिक वर्ग का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि कोयला मजदूर एकजुट होकर केंद्र सरकार के विरोध मे मतदान करे । मौजूदा केंद्र मे भाजपा सरकार के हटने से ही कोयला मजदूरों का भला होगा। ढोरी क्षेत्रीय सचिव आर उनेश ने कहा कि नए साथियों के सहयोग से संगठन मजबूत होगा। यूनियन में शामिल होने वाले में मोहन दास, संतोष कुमार, जीवलाल महतो, नुनु चंद साहू, संजीत कुमार बाउरी, रमेश कुमार, प्रमोद यादव, सृष्टि धर बाउरी, नितेश कुमार नायक, सुरेंद्र नानिया, गुरुवार देवी शांति देवी ,आदि मुख्य रूप से शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू भूखिया ने किया। मौके पर ढोरी क्षेत्रीय सचिव आर उनेश, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू भूखिया,पंकज जयसवाल, शिवाजी सिंह, संतोष कुमार, शैलेश झांसी, हरि बाबू लंका, शंकर सिंह, कालि दास गुप्ता, राजेश रवानी, शैलेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बोकारो जनरल अस्पताल में चार नई एंबुलेंस किए गए शामिल

दबंग हिन्द,बोकारो । बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो जनरल अस्पताल में चार एंबुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया कार्यक्रम में सी आर महापात्र अधिशासी निदेशक परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन सुरेश रंगनी अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा राजन प्रसाद अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार सॉन्ग कार्य बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर बी बी करुणामय के साथ वरिष्ठ डॉक्टर अधिकारी तथा कार्मिक शामिल थे नई एंबुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है इनमें से दो एंबुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और दो बोकारो जनरल अस्पताल में तैनात रहेगा तथा प्लांट और टाउनशिप के भीतर 24 घंटे संचालित होगी प्रबंधन अपने कार्मिक एवं उनके अस्तित्व के लिए एक हेल्पलाइन 06542 2890 55 जारी किया है जिस पर सूचना देकर आकस्मिक समय में एंबुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

एक चुक मतदान प्रक्रिया को कर सकती है प्रभावित अपरसमाहर्ता

दबंग हिन्द,बोकारो । सहायक निर्वाचित पदाधिकारी अपारसम्हर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी ने कहा है कि मतदान कार्य में लगे कर्मियों द्वारा की गई एकचुक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है इसलिए सभी बेहद संजीत की के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें मौके पर निर्वाचन कार्य में लगे सेक्टर पदाधिकारी के बीच मतदान को लेकर प्रपत्र 12 वितरण एवं प्राप्त किया गया पोस्टल बैलट के नोडल पदाधिकारी वंदना सेजवाल करने इस संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी दी मौके पर सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे। वही डीसी ने कहा है कि निर्वाचन के सफल संचालन में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका अहम होती है इसलिए सभी प्रशिक्षण सत्र में बारीकी से भाग लेंगे उन्होंने कहा कि सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सेक्टर पदाधिकारी के लिए उपलब्ध मैन्युअल को पढ़ेंगे गलती से भी किसी तरह की गलती की कोई गुंजाइश नहीं है ।

सेल एसआरयू बोकारो में एससी एसटी इंप्लाइज फेडरेशन की बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । सेल एसआरयू एससी एसटी एम्पलाइज फेडरेशन की बैठक सेक्टर चार स्थित कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता रमाकांत राम ने किया जिसमें कमेटी का विस्तार किया गया क्योंकि फेडरेशन के स्वर्गीय महेश नारायण चौधरी कोषाध्यक्ष एवं राणा प्रताप महासचिव की सेवानिवृत्ति के बाद दोनों पद खाली था इसलिए रिक्ति को पूरा किया गया जानकारी के मुताबिक आरती कुमारी को महासचिव एवं चंद्रदीप भगत को कोषाध्यक्ष का कार्य भर दिया गया साथ ही सभी यूनिट के पदाधिकारी को बुलाकर कमेटी का पुनर्गठन करने पर विचार विमर्श किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम के अभिमन्यु जगदीश छुरा रविंद्र महली महासचिव बोकारो इकाई शंभू प्रसाद कोषाध्यक्ष संयुक्त महासचिव महेश पासवान उपस्थित थे बैठक के पश्चात मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन निरंजन कुमार से मिलकर या मांग किया गया कि एस आर यू में केंद्रीय कमेटी की बैठक बुलाई जाए जिसमें भिलाई भंडारीदह रांची रोड एवं इफको सभी जगह के प्रतिनिधि शामिल हो तथा एससी एसटी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई ।

तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत

दबंग हिन्द,तेनुघाट। सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो अनील कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार शनिवार 27 अप्रैल को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत लगाया गया ।साथ ही 21 तारीख से चल रहे विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें बिजली विभाग से संबंधित मामले और एन आई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामले का निष्पादन किया गया । इस मासिक लोक अदालत में कुल 4,452 मामलों का निष्पादन और लगभग 1,23,90,000 रुपए की समझौता राशि वसुल किए गए । इस लोक अदालत में दो बेंच का गठन किया गया था ।जिसके प्रथम बेंच पर जिला जज द्वितीय अनिल कुमार और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा तथा दूसरे बेंच पर एसीजेएम विशाल गौरव ओर अधिवक्ता इम्तियाज आलम मौजूद थे ।उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी ।

बेरमो में बालू घाटों से धडल्ले से हो रही है अवैध बालू की तस्करी

दबंग हिन्द,संवाददाता

फुसरो। बेरमो क्षेत्र दामोदर नदी के बालू घाटों से इन दिनों धडल्ले से अवैध बालू की तस्करी की जा रही है। दिन के उजाल से रात के अंधेरे में बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव ट्रैक्टर के माध्यम से किया जा रहा है। सबसे अधिक बालू का उठाव फुसरो क्षेत्र के चलकरी पुल के समीप दामोदर नदी से हो रहा है। फुसरो बाजार में देर रात तक लोगों की चहल पहल रही है। जिसके कारण अवैध बालू तेज रफ्तार में ले जाने के क्रम में कभी भी बडी घटना हो सकती है। वहीं फुसरो शहर के हिन्दुस्तान पुल फुसरो बालू घाट, बालू बैंकर घाट, ढोरी खास, करगली गेट, बेरमो, खेतको घाट से भी रात के अंधेरे में बालू का उठाव किया जाता है। लेकिन प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने से ट्रैक्टर मालिकों का मनोबल बढता जा रहा है।वहीं युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष बैभव चौरसिया ने कहा कि फुसरो बाजार होकर इन दिनों रोजाना रात में ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध बालू ले जाया जा रहा है। ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी तेज रहती है कि असंतुलन होने पर बडी घटना घट सकती है। इस संबंध में बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। अवैध बालू का उठाव रोकने के लिए छापेमारी किया जायेगा।

6 मई को करेगे चुनावी पर्चा दाखिल, निर्दलीय प्रत्याशी पत्रकार इश्तियाक

दबंग हिन्द,संवाददाता

जारंगडीह । इस बार के लोक सभा चुनाव के दौरान अनेको घटनाएं ऐसे घट रहे हैं जिसे देख व सुन आंखो और कानों पर भरोसा ही नहीं होता खासकर गिरिडीह लोक सभा चुनाव की अगर चर्चा करे तो यहां काफी ओहपोह यानी ना समझ आने वाली स्थिति नजर आती है। बताता चलू की सिटिंग सांसद की बात करे तो यहां से एनडीए गठबंधन आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी है। वही इंडी गठबंधन कांग्रेस के मथुरा प्रसाद महतो के अलावे ,इसी बीच एक पत्रकार सह खेतको निवासी मो इश्तेयक अहमद निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने के लिए चुनावी रण में उतने लिए कमर कस छह मई को नामांकन करने की घोषणा कर दी है। इन्होंने मिडिया से बात करते हुए बताया कि फिलवक्त चुनाव प्रक्रिया से मुस्लिम समुदाय के लोगो को बाहर का रास्ता दिखाने का काम हर पार्टी ने किया है जिससे अल्पसंख्यक समुदाय खुद को ठगा सा और उपेक्षित महसुस कर रहा। प्रत्याशी श्री अहमद के अनुसार उन्हें एआईएमआईएम, भारतीय मानवता जन अधिकार पार्टी, समता सैनिक

दल, अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एंव मिडिया संगठन एजुकेशन सेल का भरपूर समर्थन मिल रहा है।'कहा कि वे अच्छे खासे वोट से इस लोक सभा के चुनाव में जीत दर्ज करेग.इसी क्रम में निर्दलीय प्रत्याशी श्री अहमद ने चुनाव जितने के बाद लोगो को जो लाभ पहुंचाने के दावे कर रहे हैं उसमे 50,000 सालाना रोजगार, 25,000 स्वास्थ, 25,000 शिक्षा के अलावे अनेको लोक लुभावन दावे शामिल हैं।

शिक्षित महिला उम्मीदवार उषा सिंह ही गिरिडीह के लिए आशा की किरण कुलदीप

दबंग हिन्द,बेरमो । गिरिडीह लोक सभा में बदलाव होने जा रहा है तमाम सम्मानित मतदाताओं से अनुरोध है इस बार एक पढ़ी-लिखी महिला डॉक्टर उषा सिंह उम्मीदवार बनकर आई है और आप सबका आशीर्वाद चाहिए उनको सुशासन दल पूर्ण रूप से उनका समर्थन दे रही है और आप सभी मतदाताओं से सादर अनुरोध है कि इस बार गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एक पढ़ी-लिखी निस्वार्थ भाव से सेवा समर्पित प्रत्याशी डॉक्टर उषा सिंह को भारी मतों से विजय बनाए क्योंकि जितने भी प्रत्याशी हैं वह सभी किसी न किसी पद पर आसीन रहते हुए आज तक गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का विकास नहीं किए हैं और न ही कोई समाज सेवा की है वह सिर्फ अपना विकास किए हैं लेकिन डॉक्टर उषा सिंह जी ने अपनी प्रोफेशनल में रहते हुए ही गौ सेवा करते हुए गौशाला का संचालन कर रही है स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का इलाज कर रही है ठंडा में कंबल वितरण करती है। समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहती हैं।

समन्वय के साथ अपने सभी दायित्व का निष्पादन करें सेक्टर पदाधिकारी

दबंग हिन्द,बोकारो । सेक्टर 2 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकंडरी विद्यालय में है लोकसभा आम निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण का निरीक्षण डीसी ने किया मौके पर नूडल पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवनिया नोडल पदाधिकारी जगन्नाथ लोहार मीडिया के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे इस मौके पर विद्यालय के विभिन्न कक्षा में सेक्टर पदाधिकारी को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वाटर वेरी फेबल पेपर ऑडिट ट्रेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है उन्हें कंट्रोल यूनिट वॉलेट यूनिट वी वी पैट को कनेक्ट करने एवं संचालन मॉक पॉल पेपर सीलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई मौके पर डीसी सहित टीम के अनुसार सदस्यों ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेकर दिए जा रहा है प्रशिक्षण का जायजा लिया वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी सेक्टर पदाधिकारी को सभागार में खतरा कर डीसी द्वारा ब्रीफ किया गया और कहा के निर्वाचन का सफल संचालन में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका आम होती है इसलिए सभी प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है सभी प्रकार की जानकारी दी जा रही है प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता सल्ले और उसी का रूप अपने काम दायित्व का निष्पादन करें।

चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत 1950 या राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में करें

दबंग हिन्द,बोकारो । लोकसभा आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचार्य संगीता निर्वाचन तथा खर्च संबंधित उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं निर्वाचन संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए आम जनता नेशनल वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 18003311950 एवं जिला स्तरीय नियंत्रण का दुर्भाग्य संख्या 0654 2 223705 तथा 0654247891 पर संपर्क कर सकते हैं जानकारी के मुताबिक टीम निर्धारित अवधि में सभी तरह की शिकायतों का समाधान करेगी।

दुकानों के बाहर लगे मतदाता जागरूकता पोस्टर : नोडल पदाधिकारी

केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट दुकानदारों को निर्वाचन को लेकर मतदान करने का दिया संदेश

दबंग हिन्द,बोकारो । मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान समाहरणालय सभागार में स्वीट के नोटों पदाधिकारी प्रभात सद्भता की अध्यक्षता बैठक हुई जिसमें प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे प्रदीप कुमार कंचन कुमारी सहित अनुपस्थित है अपने संबोधन में नोडल पदाधिकारी ने कहा कि आम चुनाव को लेकर तिथि घोषित हो गई है जिले में आगामी 25 में को मतदान हुआ है मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 700 दवा विक्रेता है सभी अपने दुकानों पर मतदाता दिवस एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्ट लगाने का निर्देश दिया गया तथा अपने यहां आने जाने वाले को मतदान केंद्र पर आगामी 25 में को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया दुकानों ने डॉक्टर और दुकान से जारी होने वाले पर्चा रसीद में वोट करेगा बोकारो से संबंधित मोर करने को कहा कहा कि सभी के सहयोग से कोई नहीं छोटे का लक्ष्य पूरा कर सकेंगे मौके पर उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे ने रविवार को मतदाता जागरूकता को लेकर पत्थर कता चौक से प्रस्तावित वक्तों को सफल बनाने की अपील की उन्होंने सभी दुकानों से खुद मतदान करने एवं दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की अपील की

मतदान के सफल संचालन में पीठासीन पदाधिकारी की भूमिका अहम समन्वय के साथ करें काम

दबंग हिन्द,बोकारो । बोकारो इस्पात सीनियर सेकंडरी विद्यालय सेक्टर 2 स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा में निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया जिसका निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मौके पर नोडल पदाधिकारी जगन्नाथ लोहार प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे अविनाश कुमार सिंह उपस्थित है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दोनों विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया प्रशिक्षण में कुल 660 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए उन्होंने पीठासीन पदाधिकारी को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारी की भूमिका अहम होती है इन्हें टीम लीडर की तरह काम करना होता है इसलिए संभावना बाय बनाकर सभी के साथ काम करना है लोकतंत्र का इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें क्योंकि 5 वर्ष में एक बार यह पर्वत है कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जिन्हें मतदान करने का अवसर प्राप्त होता है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारी के लिए जारी हैंडबुक मैन्युअल को अच्छी तरह से अध्ययन करने जिसमें सभी सवालों का उत्तर अंकित है निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मर्जी से नहीं किया जाना है।

नोडल पदाधिकारी ने 45 प्रश्न उत्तर के माध्यम से किया जानकारी साझा

दबंग हिन्द,बोकारो । नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षक पंकज दुबे ने सरल तरीके से पीठासीन पदाधिकारी को मतदान दल के डिस्पैच के उपरांत मतदान दिवस के दिन उनके कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया पीठासीन पदाधिकारी के बीच लगभग 45 प्रश्न उत्तर के माध्यम से जानकारी साझा की गई तथा अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया वहीं विद्यालय के विभिन्न कक्षा में पीठासीन पदाधिकारी को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वोटर वेरीफिकेशन पेपर ऑडिट ट्रेल का प्रशिक्षण विस्तार पूर्वक दिया गया उन्हें कंट्रोल यूनिट वॉलेट यूनिट वी वी पैट को कनेक्ट करने एवं संचालन मॉक पोल पेपर सीलिंग की जानकारी दी गई।

आइसो 45001: 2018 ओएचएस एमएस पर आयोजित लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

दबंग हिन्द,बोकारो । बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा आइसो 450001 2018 ओएचएसएमएस पर 22 से 26 अप्रैल तक लीड ऑडिटर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में किया गया मुख्य महाप्रबंधक बीके सरतापे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का रूप में शामिल बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एक के सिंह तथा महाप्रबंधक अनुपम तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया कार्यक्रम की जानकारी दी इस मौके पर टी यू वी के मुख्य प्रशिक्षक सलाम कपूर तथा सिविक ने लीड ऑडिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगदान दिया प्रशिक्षण के दौरान आइसो 450001 मानक और ऑडिटिंग की सभी मुख्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को परीक्षा के उपरांत प्रमाणित लीड ऑडिटर का प्रमाण पत्र दिया गया।

अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो आध्यात्मिक शिक्षा पर बल

दबंग हिन्द,बेरमो। फुसरो 'अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा हेतु कस्तूरबा संकुल के 6 विद्यालय के प्रधानाचार्यों की बैठक



हुई। जिसमें स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी, मकोली विद्या मंदिर से गणेश कुमार पाल, तुपकाडीह विद्या मंदिर से मंटू गिरी, ढोरी विद्या मंदिर से परमानंद सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन से प्रदीप कुमार, पिछरी विद्या मंदिर से झरना चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे ।जिसमे इस सत्र में नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा को विद्यालय में किस प्रकार क्रियान्वित किया जाए यह योजना बनाई गई। अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमे कक्षा अष्टम से दशम तक के करीब 80 अभिभावकों ने भाग लिया। इस बैठक का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, आचार्या भगवंती नोनिया, आचार्य दिवाकर पाण्डेय एवं आगंतुक अभिभावकों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। आए हुए अभिभावकों ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किए और इस प्रकार की अभिभावक गोष्ठी कि सराहना किया। ढोरी विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य परमानंद सिंह ने कहा की जीवन में बिना कहे करने की आदत डालने से जीवन में सफलता बहुत जल्दी मिलता है।

श्रद्धालु गण यज्ञशाला में जुटकर फेरा लगाएं

दबंग हिन्द,बांध कथारा । श्री श्री साम्ब सदाशिव पंचायतन परिवार की स्थापना की शुरूआत के बाद और दूसरे दिन सुबह में यज्ञ शाला के चारों तरफ भक्तगणों से अपने फेरा लगाएं और पूरे विधि विधान से मंत्र का जाप किया गया फिर शाम को शिव जी के पूरे परिवार का जलाअभिषेक, फलो के रस से अभिषेक पंचामृत अभिषेक और औषधि अभिषेक मंदिर प्रांगण में किया गया ।

थम नहीं रहा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का विरोध

समर्पित कार्यकर्ताओं ने सड़क पर किया विरोध, आलाकमान से पुनर्विचार की मांग

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद संसदीय क्षेत्र से लिए कांग्रेस प्रत्याशी धनबाद जिला से बाहर का बनाये जाने पर कांग्रेस कर्मी, कांग्रेस मतदाता और सीविल सोसाइटी में भारी रोष व्याप्त है, जो अब सड़कों पर दिखने लगा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललन चौबे के इस्तीफा के बाद विरोध के स्वर खुलकर मुखर होने लगे हैं। जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कर्मियों और मतदाताओं की तरफ से प्रत्याशी बदलने की जोरदार मांग होने लगी है। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कर्मी और मतदाताओं ने पार्टी हित में आलाकमान से धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इनका कहना है कि कर्तव्यनिष्ठ कांग्रेस कर्मी लगातार पांच वर्षों तक सड़क पर संघर्ष करते हैं और चुनाव आने पर बाहरी प्रत्याशी थोप दिये जाते हैं। 2019 में भागलपुर से कीर्ति झा आजाद, तो अब 2024 में बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह, जो कांग्रेस की सक्रिय सदस्य नहीं हैं तथा किसी कांग्रेस कार्यकर्ता को पहचानती तक नहीं है। ऐसे में किस मापदंड पर इन्हें प्रत्याशी बनाया गया है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश

ठाकुर और प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने आलाकमान को गुमराह कर प्रत्याशी बनवाने का काम किया है। यह निश्चित रूप से षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के स्लोगन जिसकी जितनी आबादी-उसकी उतनी हिस्सेदारी के तहत पिछड़ा, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज को हिस्सेदारी दिलाने के संकल्प और सोच का अपमान करना और मजाक उड़ाना है। झारखण्ड का गठन जिस झारखंडियात की भावना पर किया गया था, उसके ऊपर एक कुठाराघात है। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से यहा के बहुसंख्यक समाज कांग्रेस के लिए गोलबंद हुआ था, पर झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की अदूरदर्शी सोच से काफी निराशा हाथ लगी है। यह निर्णय धनबाद से भाजपा की बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करता नजर आता है। लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने स्थानीय नेताओं के अनुरोध पर आश्वस्त किया था कि धनबाद जिला से स्थानीय प्रत्याशी दिया जाएगा, पर प्रत्याशी की घोषणा में उक्त मापदण्ड का पालन नहीं हुआ। उक्त घोषणा से धनबाद जिला के स्थानीय प्रत्याशी की अवहेलना हुई है, जिससे सभी दावेदार निराश व हताश हुए हैं। अतः कांग्रेस पार्टी के हित में प्रत्याशी बदल कर स्थानीय नेता को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए। अगर कांग्रेस धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी पर पुनर्विचार नहीं करती है, तो वे सभी कांग्रेस से सामूहिक इस्तीफा दा देंगे। इससे आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को बुरा परिणाम भुगतना पड़ेगा।

वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य : जिला जज

सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वावधान में आज सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारियों, आठ अभियोजन पदाधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट के कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर्स ने कुल 26 यूनिट रक्तदान किया। सबसे पहले धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने रक्तदान किया। इसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बारला, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे, अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश, उनकी पत्नी मिनल प्रकाश,

उमेश दीक्षित, पुलिस जय कुमार रवानी, सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव, श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार, अरूण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जयदेव बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम, अनूप कुमार, अशोक कुमार ने दोपहर बारह बजे तक रक्तदान किया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। रक्तदान महान कार्य है। रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं है। अवर न्यायाधीश निताशा बरला ने कहा कि डालसा मुफ्त कानूनी सहायता के अलावा सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेती है। इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अवर न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमएमसीएच के डॉक्टर बीके पांडे, अशोक शर्मा, संजीव कुमार, राजू महतो, शंभू साहनी, विष्णुपद कुंभकार टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी, प्रेरणा, पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

तृतीय पुण्यतिथि पर समाजसेवी आशीष मिश्रा को दी गयी श्रद्धांजलि

दबंग हिंद संवाददाता

महुदा। धनबाद जिला साक्षरता वाहिनी के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी एवं पंचायत समिति सदस्य स्व० आशीष मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि पर आज पीके मिश्रा मध्य विद्यालय बेलाखोंदा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्व० मिश्रा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर छात्रों, शिक्षकों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने नमन किया। बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि स्व० मिश्रा द्वारा साक्षरता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ किये गये कार्यों को धनबाद की जनता हमेशा याद रखेगी। वे कुशल सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उनकी धर्मपत्नी रेखा मिश्रा, प्रखण्ड साक्षरता समन्वयक भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, राधु राय, ऐनुल अंसारी, विष्णु गयाली, नईमुदीन अंसारी, अजीत रवानी, नीरज कुमार मिश्रा, गणेश रवानी, राजेंद्र बाउरी, दीपक सराक, सुरेश रवानी, बालेश्वर, रीना, रूपाली, पूनम, सुनैना, मंगला आदि उपस्थित थे।

झारखंड में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं देने से समुदाय में नाराजगी

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के लिए एनडीए और इंडिया गठबंधन द्वारा प्रत्याशी घोषित कर दिये गये हैं। हालांकि किसी भी पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। इंडिया गठबंधन की ओर से एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं देने से मुस्लिम समाज में नाराजगी है और उनमें विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। इसी सिलसिले में धनबाद नया बाजार में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने बैठक की, जिसमें कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी के अधिकांश मुस्लिम नेता मौजूद थे। वक्ताओं ने झारखंड की किसी भी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन द्वारा प्रत्याशी नहीं

देने पर नाराजगी जतायी तथा समय रहते झारखंड की किसी एक लोकसभा सीट पर प्रत्याशी देने की भी मांग की। बैठक में शामिल सैंकडों लोगों ने एक स्वर में झारखंड में अल्पसंख्यक उम्मीदवार देने की मांग की। लोगों ने नेताओं के सामने आक्रोश जाहिर करते हुए खुद को ठगे जाने की बात कही। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा कि झारखंड में 18 प्रतिशत लोग मुस्लिम समुदाय के हैं। अतः 3 लोकसभा सीट पर उनकी हिस्सेदारी बनती है, लेकिन एक भी लोकसभा सीट से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं दिया गया। अगर उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तो वे दूसरी रणनीति पर सोचने के लिए विवश होंगे।

तीन दिवशीय शिव शक्ति महायज्ञ प्रारंभ

दबंग हिंद संवाददाता

केंदुआ। गोन्दुडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत खरिकबाद में आज से 29 अप्रैल तक तीन दिवसीय श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया है। आज सर्वप्रथम सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा गाजे-बाजे एवं ध्वज के साथ आचार संहिता का पालन करते हुए कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जो कई मुल्लों का भ्रमण कर कुसुंडा छठ तालाब पहुंची। वहां श्याम सुंदर पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पर आकर स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निरंकारी संस्था धनबाद शाखा की ओर से श्रद्धालुओं को निः शुल्क पानी और शर्बत पिलायी गयी। यज्ञ कमिटी की ओर से प्रसाद के रूप में खीर वितरण किया गया। यज्ञ में पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, सन्ध्या

आरती एवं रात्रि में प्रवचन, वेदी पूजन, सप्तशति दुर्गा पाठ, पूणार्हुति, ब्राम्हण भोजन, कुवांरी कन्या पूजन एवं भंडारा किया जायेगा। प्रवचन देवघर की मंडली द्वारा किया जायेग। यज्ञ व हवन कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य यजमान विमल चंद प्रमाणिक अध्यक्ष, शंकर कर्मकार उपाध्यक्ष, भुनेश रवानी सचिव, तरुण कुमार रवानी कोषाध्यक्ष, कैलाशपति मधेसिया, सोनू कुमार रवानी, राजू रवानी, रवींद्र,, गणेश रवानी, गोपाल रवानी, दीपक प्रामाणिक, धनंजय प्रमाणिक, विजय रवानी, राधेश्याम, निरंकारी मंडली के रामस्वरूप पासवान, प्रिंस खत्री, हीरालाल, उर्मिला, बलबीर यादव, रामू रवानी, अशोक रजक, राम प्रसाद मुखी इत्यादि सक्रिय हैं।

छापामारी में 12 टन कोयला जब्त

दबंग हिंद संवाददाता

भौंरा। पूर्वी झरिया क्षेत्र के सीआईएसएफ जवानों ने गुप्त सुचना के आधार पर आज पुनः सुदामडीह थाना क्षेत्र के बाई क्वार्टर दामोदर नदी किनारे स्थित पम्प हाउस और उसके आस-पास के क्षेत्र में कोयला चोरों के विरूद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया, जिससे कोयला चोरों में भगदड़ मच गया। जवानों के आते देख कई कोयला चोर नदी में कूद कर उस पार भाग खड़े हुए। जवानों ने यहां से करीब 12 टन कोयला जब्त कर प्रबंधन को सौंप दिया। मालूम हो कि सीआईएसएफ भौंरा यूनिट कोयला चोरों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक करीब 300 टन से अधिक कोयला जवानों ने बरामद किया है, लेकिन कोयला चोरों की काली करतूत रूकने का नाम नहीं ले रही है। छापेमारी होने व जवानों के जाते ही समीप के आउटसोर्सिंग पैच और ओबी डंप से चोर कोयला उठा कर थ्री पिट ओबी डंप, पावर हाउस, पम्प हाउस व आस-पास के इलाके में जमा करने के बाद बोरे में भर कर बाइक, साइकिल या बड़े ट्यूब के सहारे नदी के पार ले जाते हैं। कोयला तस्करों नदी पार कोयला ले जाने के लिए 50 से 100 रुपये बतौर सुविधा शुल्क लेते हैं। छापेमारी में सीआईएसएफ इन्स्पेक्टर बीके शर्मा, क्यूआरटी टीम के साथ पूर्वी झरिया क्षेत्र के आधिकारी शामिल थे।

धूमधाम से मनाया गया केंद्रीय विद्यालय गोमो का वार्षिकोत्सव

दबंग हिंद संवाददाता

गोमो। गोमो रेल नगरी की बी टाइप कॉलोनी स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि वरीय मंडल विद्युत अभियंता टीआरएस सह विद्यालय के चेयरमैन हरि शंकर प्रसाद थे। छात्र- छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। शिक्षको द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वःदना से किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी, खोरठा, भोजपुरी, बंगाली, संथाली, राजस्थानी गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। दहेज प्रथा तथा सोशल मीडिया से लोगों की दूरी को नाटक के माध्यम से दशार्या गया फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप,

टिकटॉक के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नाटक तथा नृत्य ने अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के बच्चे सीबीएसई बोर्ड परीक्षा तथा 12वीं की परीक्षा में बेहतर अंक के साथ खेलकूद के अलावा हर क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन करते हैं।बच्चें की मेहनत से ही गोमो केवि का नाम पूरे देश में हो रहा है। प्राचार्य विभूति भूषण पांडेय ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा तथा संस्कार देने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनके अभिभावकों की होता है। मौके पर डीएफओ एके मंजुल, आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा, अभिषेक कुमार, शिक्षक विष्णुकांत दुबे, प्रदीप कुमार वर्मा, अभय कुमार दास, राम सिंह, प्रेम कुमार, सुजीत कुमार, पुनीत प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

लोक अदालत में 856 विवादों का निपटारा

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि एनआई एक्ट की स्पेशल लोक अदालत में कुल 122 वादों का निपटारा हुआ तथा 1 करोड़ 26 लाख 58 हजार 30 रुपया की रिकवरी की गई। बिजली की स्पेशल लोक अदालत में 672 वादों का निपटारा किया गया, जिसमें 1 करोड़ 23 लाख 20 हजार 274 रुपया की रिकवरी हुई। मासिक लोक अदालत में कुल 62 वादों का निपटारा किया गया, जिसमें 8 लाख 48 हजार 150 रुपया की रिकवरी की गयी।

मिट्टी के अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, मामला दर्ज

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने अवेध मिट्टी खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना मे प्रथमिकी दर्ज करायी है। श्री प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस

स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्टे में भेजा जाता है। जांच के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 एएन 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09पी 5657 के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 के नियमों तथा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी है।

जनसंपर्क के दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के समक्ष अल्पसंख्यक नाराज

दबंग हिंद संवाददाता

गिरिडीह। युवा कांग्रेस के जिला अजनसंपर्क ध्यक्ष हसनैन अली ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कई गांवों का भ्रमण किया। स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंड में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं देने से नाराजगी जताते हुए जिला अध्यक्ष की गाड़ी रोककर विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी 18 प्रतिशत रहने के बावजूद एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस आलाकमान अगर अल्पसंख्यक

उम्मीदवार लोकसभा नहीं देगा, तो हमलोग किसी भी दल के नेता को अपने गांव में घुसने नहीं देंगे और मजबूत तरीके से विरोध करेंगे। हसनैन अली ने कहा कि आज उन्होंने गांडेय विधानसभा के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में जबरदस्त नाराजगी देखी। पूरे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय में नाराजगी है। इसलिएआलाकमान से अनुरोध है कि 14 लोकसभा में से एक सीट अल्पसंख्यक समुदाय को दिया जाये।

एक नजर

चला गहन टिकट जांच अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद मंडल रेल के विभिन्न स्टेशनों पर लगातार 36 घंटे तक गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में मंडल के विभिन्न खण्डों यथा गोमो, कोडरमा, डाल्टेनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली के साथ अन्य स्टेशनों एवं मंडल से चलने या गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में टिकट चेकिंग की गयी। अभियान में 345 चेकिंग कर्मियों को लगाया गया। इस दौरान कुल 3203 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे 16 लाख 45 हजार 160 रूपए जुमार्ने की राशि प्राप्त की गयी। अभियान के दौरान बिना टिकट के यात्री, बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले, बिना बुक किये सामान के साथ यात्रा करने वालों को पकड़ा गया एवं जुमार्ना वसूला गया पुनः ऐसा नहीं करने की कड़ी हिदायत दी गयी। अभियान वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार के नेतृत्व में चलाया गया।

इंदिरा आवास कॉलोनी पुटकी से 3 लाख रुपए नगदी चोरी

दबंग हिंद संवाददाता

पुटकी। पुटकी थाना क्षेत्र के इंदिरा आवास कॉलोनी में राजनंदन रजक उर्फ.शेरू रजक के घर में चोरों ने घुस कर नगद 3 लाख रुपये चुरा लिये और फरार हो गये। बताया जाता है कि शेरू रजक वार्ड सदस्य है, जो शुक्रवार को बैंक से अपने लाभुकों को देने के लिए 3 लाख रुपये निकाल कर घर लाया था। जब वह सुबह सोकर उठा, तो देखा कि रूम में समान बिखरे पड़े हैं। रूम की जांच की, तो पता चला कि आलमारी टूटा हुआ है और उसमे रखे 3 लाख रुपये गायब हैं। सूचना पाकर पुटकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गयी।

गांडेय विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की नुक्कड़ सभा

दबंग हिंद संवाददाता

गिरिडीह। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के गांडेय विधानसभा के छोटकी खरगडीहा पंचायत के बड़कीटांड़ ग्राम घाघरा में नुक्कड़ सभा की गयी। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के साथ गांडेय विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा, गांडेय विधानसभा प्रभारी छोटेलाल यादव, भाजपा नेता यदुनंदन पाठक, गांडेय विधानसभा संयोजक अरुण हाजरा, मंडल अध्यक्ष शिवपूजन राम, रंजीत मरांडी, अनुसूचित जनजाति प्रदेश सदस्य व अन्य उपस्थित थे। नेताओं ने लोगों से क्षेत्र के विकास के लिए बीजेपी को मतदान करने की अपील की। नेताओं ने कहा कि जनता के बीच जाकर सुखद अनुभूति हुई और लोगों का स्नेह लगातार मिल रहा है।

उचित मुआवजा और पुनर्वास नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

दबंग हिंद संवाददाता

अलकडीहा। बीसीसीएल के एनटी/एसटी में एमडीओ मोड पर परियोजना शुरू होते ही सैकड़ों ग्रामीणों व रैयतों के विस्थापन से सशंकित सुरुंगा पंचायत के मुखिया विजय कालिंदी ने आज साउथ तिसरा ऑफिस धौड़ा में बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों के पक्ष तथा प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उचित मुआवजा एवं विस्थापन की मांग करते हुए आंदोलन करने का निर्णय लिया। मुखिया ने पत्रकारों से कहा कि एमडीओ मोड में परियोजना चलने से सुरुंगा पंचायत के सैकड़ों आवास तथा सैंकड़ों एकड़ जमीन प्रभावित होने का खतरा है। ग्रामीण कोयला उत्पादन के विरोधी नहीं हैं, मगर प्रबंधन प्रभावित होने वाले लोगों को पंचायत क्षेत्र में ही विस्थापित करे तथा ओबी डंप में रैयतों की गयी जमीन के बदले नयी दर से मुआवजा का भुगतान करे। परियोजना से फिलहाल साउथ तिसरा के बेल धौड़ा व ऑफिस धौड़ा के लगभग 110 घर प्रभावित हैं। अगर प्रबंधन ने प्रभावित ग्रामीणों को जबरन विस्थापन करने की कोशिश की, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन कर परियोजना का काम एक इंच भी आगे बढ़ने नहीं देंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रेम बाउरी एवं संचालन रत्न देव ने किया। मौके पर राजीव देव, समरेश देव, रामानंद सिंह, उर्मिला देवी, शांति देवी सहित दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

ढुल्लू के समर्थन में जदयू का जनसंपर्क अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। एनडीए गठबंधन की तरफ से धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थन में धनबाद जिला जदयू अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह ने आज धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए के समर्थन में मतदान करने की अपील की। यह अभियान मुनीडीह, बालूडीह, पुटकी, केंदुआ आदि क्षेत्रों में चलाया गया। मौके पर धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक व अन्य शामिल थें।

जदयू का मिलन समारोह संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र की मतारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पंचानंद रजवार के साथ कई सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थिति में जदयू में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वालों में मतारी निवासी पूरन रजवार, फिरोज अंसारी, जियलगढ़ा निवासी रोहन महतो, शक्तिपुर निवासी अशोक कुमार गोप, अमित गोप, उत्तम गोप, सोरियाटांड़ निवासी बद्री सिंह आदि हैं। इस अवसर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, महेंद्र दास, तारा बाबू, आनंद गोप, प्रिंस कुमार, कालीचरण कुम्हार आदि उपस्थित धे।

विधायक के प्रयास से काम पर लौटे मजदूर

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के अथक प्रयास से इन्दू आउटसोर्सिंग कंपनी मुनीडीह में कार्यरत 400 मजदूर काम पर लौट गये। 25 जनवरी से कंपनी ने मुनीडीह में काम बंद कर दिया, जिससे 400 मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी की संकट उत्पन्न हो गयी थी। ढुल्लू महतो के निर्देश पर मजदूरों द्वारा 29 जनवरी से धरना- प्रदर्शन शुरू किया गया था। ढुल्लू महतो ने आंदोलन में शामिल होकर प्रबंधक पर जमकर भड़ास निकाली और कार्य चालू करने को कहा। कई चरणों की वार्ता के बाद कार्य को प्रारम्भ किया गया। मौके पर ढुल्लू महतो उपस्थित थे।

खस्सी का मीट कम देने पर बारातियों ने की मारपीट

दबंग हिंद संवाददाता

गिरिडीह। पचंबा थाना क्षेत्र के पिंडाटांड़ पंचायत के प्रतापपुर गांव में जमुआ थाना क्षेत्र के हरिला गांव से बारात आई थी। खाना खाते समय खस्सी का मीट कम परोसने की बात पर बाराती और लड़की पक्ष वालों के बीच मारपीट हो गई। रात में करीब 2 बजे घटना की सूचना पाकर स्थानीय ग्राम प्रधान सह उप मुखिया महावीर साव बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आक्रोशित और शराब के नशे में धुत्त बारातियों ने उन पर हमला बोल दिया, जिससे उनका एक पैर टूट गया। पुलिस के पहुंचने पर हमला करने वाले बाराती भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि कुछ बारातियों को भी मामूली चोट आई है। घटना की लिखित सूचना उप मुखिया ने पचंबा थाना प्रभारी को दी और दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार ग्राउंड में शनिवार को नये सत्र के उपलक्ष्य में एनुअल प्राइज नाइट वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने नृत्य कला और रंगारंग कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल के निदेशक इरफान खान ने बताया कि परीक्षा खत्म होने के बाद नया सत्र शुरू होने के बीच में जो समय मिलता है, उसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ कला में उनको प्रतिभा निखरने का मौका दिया जाता है। अतिथि के रूप में आये बीबीएम कॉलेज बलियापुर के फाउंडर प्रिंसिपल डॉक्टर सिद्धार्थ बंदोपाध्याय ने बताया कि शिक्षा अमूल धरोहर है। इसके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। गेस्ट ऑफ ऑनर जोड़ापोखर थाना के ऑफिस इंचार्ज राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। अपने क्लास में टॉप विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निर्मल शरण सेवा ट्रस्ट के सचिव सुधांशु शेखर ने कहा कि कम फीस में हमलोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उनके अंदर की छिपी प्रतिभा निखारने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर शिक्षक गोपाल राय, म्यूजिक टीचर विजय शंकर उपाध्याय, शफकत फिरदौश, ज्योति सिंह , विनीता , राशि, सिद्धि श्रीवास्तव, फरहत जहां, साबरा परवीन, शना जबी, अर्पिता, तारा , सीमा सुल्तान, जया कुमारी, नंदिनी, सीमा शर्मा, दलजीत कौर, सुनीता सिंह, स्वीटी सिंह, अभिजीत मोदी व अन्य उपस्थित थे।

लोक अदालत में 146 मामले का निस्तारण

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है।इसमे 146 मामले का निस्तारण किया गया।व नव लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ।इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था। वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे।पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह कर रहे थे इस पीठ में बिधुत विभाग के 36 मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी कर रहे थे। इसमे एम ए सी टी के एक मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या चार में

अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पाँच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे।। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय कर रहे थे।पीठ संख्या सात में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय कर रहे थे।इस पीठ में एन आई एक्ट के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या आठ में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण जे एम रितु कुजूर व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा कर रहे थे। इस पीठ में जे जे बोर्ड के एक मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या नव में रेलवे कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण रेलवे जेएम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे।इस पीठ में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद कर रहे थे।इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया व पीठ संख्या 11 में एग्जेक्युटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे।इस पीठ में 107 सी आर पी सी के 85 मामले का निस्तारण किया गया।वही एक हेल्पडेस्क लोगों को मदद के लिए बनाया गया था।जिसमे अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों को मदद कर रहे थे।वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद बिभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।विधुत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

छापेमारी में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। शुक्रवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सगालिम बस स्टैन्ड के पास रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर बिक्री किया जा रहा है। इसकी सुचना वरिय पदाधिकारी को दिया गया। वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल के साथ सगालीम बस स्टैन्ड स्थित रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में विधिवत छापामारी किया गया तो उक्त दोनों दुकानों से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्ति सुची बनाकर जब्त किया गया। उक्त संबंध में पांकी थाना कांड सं0-48 / 2024, दिनांक- 26.04.2024, धारा-290/34भा0द0वि0 एवं 47 उत्पाद अधिनियम दर्ज कर रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान के संचालक को अवैध शराब बिक्री करने

के आरोप में विधिवत गिरफ्तार करते हुए दिनांक- 27.04.2024 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

बरामदगी

रोहित पान दुकान सेः-

(1) किंगफिशर कंपनी का 650 एमएल वाला बीयर बोतल 19 पीस (2) गॉड फादर कंपनी का 650 एमएल वाला बीयर का बोतल 12 पीस (3) बी7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 750 एमएल वाला शराब का बोतल 02 पीस (4) रॉयल स्टैग कंपनी का 750 एमएल वाला शराब का बोतल -01 पीस (5) इम्पीरियल ब्लू कंपनी का 375 एमएल वाला शराब का बोतल-13 पीस (6) बी7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 375 एमएल वाला शराब का बोतल 07 पीस (7) रॉयल स्टैग कंपनी का 180 टछ वाला शराब का बोतल 13 पीस, कुल-67 पीस (बीयर एवं अंग्रेजी शराब) बरामद किया गया।

उपेन्द्र पान दुकान के फ्रिज से

(1) किंगफिशर कंपनी का 650 एमएल वाला बीयर बोतल 11 पीस (2) गॉड फादर कंपनी का 500 एमएल वाला केन बीयर का बोतल - 01 पीस (3) बी7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 375 टछ वाला शराब का बोतल 05 पीस (4) रॉयल स्टैग कंपनी का 180 टछ वाला शराब का बोतल -01 पीस (5) इम्पीरियल ब्लू कंपनी का 375 एमएल वाला शराब का बोतल-02 पीस (6) बी7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 180 एमएल वाला शराब का बोतल 02 पीस (7) इम्पीरियल ब्लू कंपनी का 180 टछ वाला शराब का बोतल-04 पीस, कुल 26 पीस (बीयर एवं अंग्रेजी शराब) बरामद किया गया

गिरफ्तारी

1. रोहित कुमार सिहं, उम्र करीब 33 वर्ष, पिता-राजकुमार सिहं
2. उपेन्द्र कुमार, उम्र करीब 34 वर्ष, पिता-राजनाथ राम, दोनो ग्राम-सगालीम, थाना-पांकी, जिला-पलामू।

डीएनएस फाउंडेशन ने 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का किया वितरण

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। जन-सेवा को समर्पित गैर सरकारी संगठन डीएनएस फाउंडेशन,रांची ने पलामू जिला मुख्यालय स्थित होली क्रॉस स्कूल के 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा, स्कूल के निदेशक चन्द्रभूषण सिन्हा समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक तथा बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता सिन्हा ने कहा कि डीएनएस फाउंडेशन शिक्षा अर्जन को हमेशा प्राथमिकता देता है। शिक्षा से ही आज के बच्चे कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, जो एक सुदृढ़ एवं सफल समाज का निर्माण करेंगे। गौरतलब है कि डीएनएस फाउंडेशन पिछले कई सालों से पलामू के बच्चों के बीच उनकी अच्छी पढ़ाई के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण कर रहा है। इसके अलावा डीएनएस फाउंडेशन ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल के 10 बच्चों की पढ़ाई का सम्पूर्ण जिम्मा लिया है। डीएनएस फाउंडेशन की डायरेक्टर गीता सिन्हा ने बताया कि कई बच्चों में से 10 ऐसे बच्चों को चुना गया है, जो या तो अंत्यंत गरीब परिवार से हैं या जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं है। इन बच्चों को पढ़ने में कोई परेशानी न हो, इसकी कोशिश डीएनएस फाउंडेशन ने की है। उन्होने बताया की इन बच्चों के स्कूल फी का खर्च डीएनएस फाउंडेशन वहन करेगा।

गणेश रवि ने जनसंपर्क अभियान चलाया

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा सुरक्षित क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि ने डाल्टनगंज प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया. चियांकी,गनके, भूसही, सुआ कोरिया में लोगों से मिलकर उन्होंने चुनाव में मदद करने की अपील की. इस अवसर पर बोलते हुए गणेश रवि ने कहा कि केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार सभी सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेच रही है. श्री रवि ने कहा निजीकरण भूमंडलीकरण और उदारीकरण के कानून का प्रभाव दिखने लगा है. इस कानून से सरकारी और गैर सरकारी संपत्तियों निजी हाथों में जाने लगी है. श्री रवि ने कहा कि डाल्टनगंज के गांनके में जो डेयरी फार्म है. अगर उसे गांव के लोगों को एक समूह कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर चलाने के लिए दिया जाता तो उससे हजारों लोग को रोजगार मिल जाती. मगर निजी हाथों में सौंपने के कारण तेज रफ्तार में विकास नहीं हो पा रहा है. और जो योजनाएं हैं वह धीरे-धीरे चलते हुए निजी हाथों में पहुंच जा रही है. उन्होंने कहा कि अगर मुझे अवसर मिला तो डेयरी फार्म पलामू लोकसभा क्षेत्र में हजारों की संख्या में खड़ी की जाएगी. उन्होंने कहा कि आज भी बाहर से दूध पलामू में आ रही है. पलामू गढ़वा में आज भी दूध दही पनीर खोवा मलाई की कमी है. और यह सब बाहर से आपूर्ति की जा रही है. जबकि पलामू का घी दूध निर्यात होता था. श्री रवि ने कहा कि जिस उद्देश्यों से डेयरी फार्म का निर्माण किया गया है. उस उद्देश्यों से भटक गई है. उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह और कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराई जा सकती है।

लोकसभा : अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक

- **केंद्रीय बलों के आवासन, आईएसआर वेरिफिकेशन,**
- **एएमएफ वेरिफिकेशन की भी ब्लॉकवार समीक्षा**

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो,पदाधिकारी इसका ख्याल रखें। सभी क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय, बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो।उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग कीये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही।उन्होंने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये।उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये।मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

यात्रियों से भरी बस पलटी, खलासी समेत एक विवाहिता की मौत, दर्जनों घायल

- **उपायुक्त पहुंचे सदर अस्पताल, घायलों के इलाज को लेकर दिए अवश्यक दिशा निर्देश,**
- **निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक घायलों से की मुलाकात**

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा/कुंदा। शनिवार को सदर थाना क्षेत्र के संघटी घाटी में चतरा से कुंदा लौट रही सुमन रथ नामक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बस के खलासी हंटरगंज थाना क्षेत्र निवासी परशुराम सिंह व कुंदा थाना क्षेत्र के खुशयला गांव निवासी चिंतामन गंझू की 20 वर्षीय पत्नी रेखा कुमारी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकी दर्जन भर यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को रेस्क्यू कर ईलाज के लिये 107 एम्बुलेंस समेत

पुलिस की गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकी दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों के चिख पुकार से अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा स्नातक की परीक्षा देकर रथ बस से वापस गांव लौट रही थी। इसी क्रम में संघरी घाटी में बस अनियंत्रित हो होकर पलट गई और उपरोक्त दो की जान चली गई। घायल अन्य यात्रियों का उपचार सदर अस्पताल चतरा में किया जा रहा है। दुसरी ओर इस दर्दनाक दुर्घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त रमेश घोलप व एसडीपीओ संदीप सुमन अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्थिति का जायजा लेते हुए घयलों के समुचीत इलाज के साथ सुविधाओं को लेकर अवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए। साथ ही घटना की सूचना मिलते ही लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह चतरा सदर अस्पताल पहुंच कर घायलों से मुलाकात कि और रेफर किए मरीजों के समुचित इलाज के लिए रांची रिम्स में कॉल करके बेहतर ईलाज की व्यवस्था करवाई।

सीईआरसी की टीम ने एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र का किया निरीक्षण

- **प्रबंधन के साथ की बैठक, कार्य प्रगति को लेकर नियामक अनुपालन, वित्तीय विवादहीनता व कानूनी प्रभावों की हुई समीक्षा**

दबंग हिंद संवाददाता

टंडवा (चतरा)। एनटीपीसी के टंडवा ईकाई में शनिवार को सीईआरसी (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन) के चेयरमैन समेत पहुंचे छः सदस्यीय दल को सीजीएम स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने विधिवत स्वागत किया। बताया गया कि सीईआरसी के चेयरमैन जिश्नु बरुआ के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कार्य निर्माण यथा विद्युत संचालन, तीसरे यूनिट व कोल कन्वेयर के निर्माण में प्रगति व विभिन्न जटिलताओं का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके पश्चात परियोजना अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक में नियामक अनुपालन, वित्तीय विवादहीनता और इसके कानूनी प्रभावों का विषय प्रमुखता से चर्चा के केंद्र में छाया रहा। ज्ञात हो कि 19 अप्रैल के दोपहर भेल कंपनी के यार्ड में लगी भीषण आग व इससे हुवे क्षति तथा ऐसे होने वाले घटनाओं पर भविष्य की चिंताओं ने केंद्रीय प्रबंधन तक को पूरी तरह से हिला कर रख दिया है। जहां पुनरावृत्ति की आशंकाओं को शून्य करने पर हाई अथॉरिटी का गहन चिंतन-मनन लगातार जारी है। मौके पर सीईआरसी के चेयरमैन समेत सदस्य वित्त अरुण गोयल, सदस्य कानूनी मामले प्रवास कुमार सिंह, सचिव हरप्रीत सिंह पृथी, मुख्य वित्त विभाग राजीव पुष्पकर्ण, मुख्य नियामक कार्य डॉ. एसके चटर्जी व परियोजना प्रबंधन की ओर से निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग, निदेशक वाणिज्य अजय दुआ, निदेशक सीएमएचक्यू अनिमेष जैन, सीजीएम एचआर रजनीश रस्तोगी व जीएम वाणिज्य एसी पांडेय मुख्य तौर पर मौजूद थे।

पुलिस ने 40 लाख के अफीम के साथ एक नाबालिग को निरुद्ध किया

- **साथ ही मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है**

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा/गिद्धौर। पुलिस ने एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल से पुलिस ने करीब 40 लाख रुपये के 08 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ एक नाबालिग को निरुद्ध करने में सफलल रही। उक्त कार्रवाई एसडीपीओ सिमरिया अजय कुमार केशरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्त के साथ पुलिस टीम ने की है। एसडीपीओ ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी टीम बलबल पहुंची तो चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप से बस का इंतजार कर रहे नाबालिक से शक के आधार पर पूछताछ करने के साथ तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके पास से सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल व आठ किलो गिला अफीम बरामद किया गया। जिसके बाद बालक को निरुद्ध कर विधिवत रूप से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इस मामले में मुख्य अफीम तस्कर गिद्धौर पांडेयटोला निवासी मनोज पांडेय के पुत्र राहुल पांडेय के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करने के साथ मुख्य तस्कर के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों की माने तो अब तस्कर महिलाओं के बाद नाबालिगों को भी कुरियर के रुप में तस्करी के लिए उपयोग करने लगे हैं।

सिलाई सीखने के लिए तीन बच्चियों को भेजा गया रांची

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जेएसएलपीएस गिद्धौर से शनिवार को तीन बच्चियों को सिलाई सीखने के लिए रांची आईडी टेक सॉल्यूशन सेंटर भेजा गया। जेएसएलपीएस के प्रखंड

प्रशासनिक सहायक अमरजीत सिन्हा के नेतृत्व में बच्चियों को भेजा गया है। भेजी गई बच्चियों में प्रखंड के मायाडीह की सुमन कुमारी, रुपिन से रानी कुमारी रुपा कुमारी का नाम शामिल है। जेएसएलपीएस के एफटीसी अनिल प्रजापति, उज्जवल सिन्हा व कुमकुम देवी ने बच्चियों के माता को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।

एक नजर

स्टाफ पर मधुमक्खियो का हमला, घायल

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल के स्टाफ मुकेश कुमार शनिवार की सुबह मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मुकेश कुमार ने बताया की पोस्टमार्टम हाउस के पास बने सरकारी बिल्डिंग में वह रहता है शनिवार की सुबह वह सदर अस्पताल में काम करने जा रहा था। इसी बीच मधुमखियो ने उस पर हमला बोल दिया।जिसमे वह घायल हो गया।इसके बाद अन्य स्टाफ के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। बताते चले की कुछ दिन पहले भी सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में मधुमक्खियो ने मृतक राजमोहन पोलू के पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे परिजनों व अन्य लोगो पर हमला बोल दिया था।हमले में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे।वही अन्य लोगों ने वहां से भाग कर अपने आप को मधुमक्खियों से खुद को बचाया था।पोस्टमार्टम हाउस के पास बने बिल्डिंग में मधुमक्खियो के छत्ते रहने की वजह आए दिन लोगों के साथ घटनाएं घट रही है। किसी भी व्यक्ति के ऊपर मधुमक्खी हमला कर लोगो को घायल कर रहे हैं।यदि समय रहते अस्पताल प्रबंधक के द्वारा इन मधुमक्खियां के छते को नहीं हटाया गया तो कभी भी किसी समय कोई बड़ी घटना घटने की संभावना है।

माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां और विष्णु विश्वकर्मा हथियार के साथ गिरफ्तार , जेल

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। पुलिस ने माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां और विष्णु विश्वकर्मा को हथियार के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है।पुलिस ने उसके पास से चार हथियार भी बरामद किए है, जिसमें कई देशी व आधुनिक हथियार मौजूद हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू एसपी रिश्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राजेंद्र भुइयां लोकसभा चुनाव के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है और वह लगातार इसके लिए अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है. इसी सूचना के आलोक में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम के द्वारा पलामू के हुसैनाबाद, छतरपुर, पांडु और हैदरनगर के सीमावर्ती इलाकों में सर्च ऑपरेशन गया। जहां से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

क्षेत्र की जनसमस्याओं को दरकिनार कर देश हित मांगा जा रहा वोट

लोकसभा में किसान सिचाई और युवा रोजगार के अभाव में हैं बेरोजगार

दबंग हिंद संवाददाता

मयूरहंड(चतरा)। चतरा संसदीय क्षेत्र में ज्यादातर निवास करने वाले लोगों के जीविकोपार्जन का मुख्य संसाधन खेती है। परंतु आजादी के बाद अभी तक किसानों की समस्याओं का समाधान करने में सरकार व संसदीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नाकाम साबित हुए हैं। आज भी अधिकांश क्षेत्र में किसानों को वर्षा आधारित खेती पर निर्भर रहना पड़ता है। जिसके कारण किसानों की आमदनी दिन प्रतिदिन गिरती जा रहा है और किसान कर्ज में डूबते जा रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध नहीं होने के कारण युवाओं में बेरोजगारी का अंबार लगा हुआ है। बावजूद किसानों एवं युवाओं के दर्द को कोई भी निवारण करने वाला नहीं है। इसका मुख्य कारण आजादी के बाद से चतरा सेकिसी स्थानीय उम्मीदवार की जीत हासिल नहीं करन पाया भी था। परिणाम स्वरूप चतरा लोकसभा क्षेत्र में किसानों एवं युवाओं की हालत बद से बदतर होती चली गई। पर इस बार लोकसभा चुनाव 2024 में चतरा संसदीय सीट से एनडीए से भाजपा के कालीचरण सिंह एवं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के केएन त्रिपाठी को स्थानीय उम्मीदवार बनाया है। पर अफसोस गठबंधन के प्रत्याशी क्षेत्र की समस्याओं को छोडकर देश हित में मतदान करने की मतदाताओं से अपील करते नजर आ रहे हैं। जबकी इस सीट पर 90 के दसक से सवार्धीक सांसद एनडीए के ही रहे हैं।

निजी कब्जे से सरकारी चापानल को मुक्त कराने को ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बरियातू पंचायत के लुब्धिया टोला में विधायक मद से सार्वजनिक उपयोग को लेकर गैरमजरूआ जमीन में चापानल 2009 में लगाया गया था। चापानल को गांव के अध्यापक शिक्षक हेमंत यादव ने अपने व्यक्तिगत लाभ को लेकर अपने कब्जे में कर लिया है। जिसे लेकर 5 दर्जन ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिनेश यादव के नेतृत्व में उप विकास आयुक्त कार्यालय के साथ गिद्धौर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को दिया है। आवेदन में कहा गया है की विधायक मद से गांव में चापानला लगाया गया था। साथ ही जिला परिषद से पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसे हेमंत यादव ने नेता का धौंस दिखाते हुए पथ निर्माण कार्य को भी रोक दिया है। ग्रामीणों के विरोध किए जाने पर ग्रामीणों को मारने पीटने की धमकी देता है। साथ ही आम गैर मजरुवा जमीन में घर ,बरामदा, सीढ़ी बनाकर अतिक्रमण किए हुए है। ग्रामीणों ने सरकारी चापानल व भूमि अतिक्रमण को हेमन यादव से मुक्त करने की मांग उपायुक्त को दिए गए आवेदन के माध्यम से की है।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

दबंग हिंद संवाददाता

पत्थलगड़ा(चतरा)। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी पंचायत अंतर्गत बलथरवा से शनिवार को अवैध बालू लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि परसोनिया नदी से अवैध बालू लोड़ कर बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए छापेमारी टीम में शामिल एसआई अरविंद रविदास उपरोक्त ट्रैक्टर को बलथरवा के पास से जब्त किया। जबकी पुलिस को देख ट्रैक्टर छोड़ चालक मौके से फरार हो गया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाकर अग्रेसर कार्रवाई के लिए पत्थलगडा बीडीओ सह सीओ को आवेदन दिया गया है। ज्ञात हो कि अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

बीडीओ ने की सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक, दायित्व से कराया अवगत

दबंग हिंद संवाददाता

पत्थलगड़ा(चतरा)। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रभारी बीडीओ सह सीओ राहुल देव ने पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक में प्रखंड के सभी सेक्टर पुलिस व प्रशासनीक पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर बीडीओ ने उपस्थित पदाधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सहभागिता को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श करने के साथ संबंधित पदाधिकारियों को मतदान और मतदान से पूर्व उनके दायित्व व कर्तव्य से अवगत कराया। सभी मतदान केंद्रो में मतदाताओं और मतदान कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी लेते हुए सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश दिए। बैठक में एसआई अरविंद रविदास, विजय कुमार, मिशील सोरेन, बीपीओ राजेश्वर कुमार, पंचायत सेवक राकेश कुमार, असलम आलम, रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

सिंहभूम संसदीय सीट के लिए 14 अभ्यर्थियों के नामांकन वैद्य, 7 नामांकन रद्द

दबंग हिन्द,संवाददाता

चाईबासा। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के तहत होनेवाले सिंहभूम संसदीय सीट के मतदान को लेकर शुक्रवार को स्क्रूटनी में कुल 14 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र योग्य पाये गये, जबकि 07 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अयोग्य घोषित किए गए. इसके तहत भाजपा की गीता कोड़ा, झामुमो की जोबा माझी, बहुजन समाज पार्टी के परदेसी लाल मुंडा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान) के कृष्णा मार्डी, झारखंड पार्टी के चित्रसेन सिंकू, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के पानमणि सिंह, राइट टू रिकॉल पार्टी के वीर सिंह देवगम, अंबेडकराइट आईटी पार्टी ऑफ इंडिया के विश्व विजय मार्डी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के सुधा रानी बेसरा एवं निर्दलीय अभ्यर्थी आशा कुमारी रुन्दा, दामोदर सिंह हांसदा, दुर्गा लाल मुर्मू माधव सिंह कुंकल और संग्राम मार्डी के नामांकन वैद्य पाए गए, जबकि निर्दलीय अभ्यर्थी जॉन मिरन मुंडा, पार्वती किस्कू, सुभद्रा बिरुआ, हरि उरांव, अमित सिंकू और तुराम बंकिरा के अलावे कालिंग सेना के हरि उरांव और लोकहित अधिकार पार्टी की सुभद्रा सिंकू के नामांकन आरोग्य पाए गए जिन्हें निरस्त कर दिया गया है।

व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक सह विशेष लोक अदालत आयोजित

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय, गुमला, में मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्रीमती निर्मला बरला, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप एवं अन्य अधिवक्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सचिव श्रीमती निर्मला बरला ने कहा कि आज विशेष रूप से मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जो की विशेष रूप से चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आयोजित किया गया है। प्रत्येक माह व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक मामले तथा नापतोल विभाग के मामले, का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय तथा पैसे की भी बचत होती है और साथ ही साथ आपसी संबंध भी मधुर बना रहता है। साथ ही सचिव महोदय ने उपस्थित वाद कर्मियों से अनुरोध किया कि आप लोग लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं, और अपने मामले का निष्पादन लोक अदालत में करायें। शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत, गुमला, ने कहा कि पक्षकार तथा लोग अपने सुलहनीए वाद तथा इंश्योरेंस, एवं जन उपयोगी मामले, बैंक से संबंधित मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए आगे आएं तथा अपने बहुमूल्य समय तथा पैसे का बचत करें। आज इस मासिक सह विशेष लोक अदालत में कुल 9 बैंचों का गठन किया गया। जिसमें कूल 228 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें कूल 4502431-/ रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। जिसमें विशेष लोक अदालत के तहत चेक बाउंस से संबंधित कूल 12 मामलों का निष्पादन हुआ, एवं 5,84000 राजस्व की प्राप्ति हुई तथा बिजली से संबंधित मामले में कूल 176 मामलों का निष्पादन हुआ तथा कुल 17,75,405/-रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव श्रीमती निर्मला बरला, श्री शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत के सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप, , जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, अधिवक्ता राजेंद्र साहू, अरुण कुमार, सहायक प्रकाश कुमार, अरविंद कुमार चौधरी आशा पूनम, मनीष कुमार, आदि, उपस्थित थे।

अधिवक्ता परिषद् की गुमला जिला इकाई का पुनर्गठन

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। अधिवक्ता परिषद्, झारखण्ड की गुमला जिला इकाई के पुनर्गठन की घोषणा, प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार मिश्र ने सत्र 2024 - 2027 के लिए निम्नवत किया : **संरक्षक :** सर्वश्री अशोक कुमार पाण्डेय ₹मुकुल₹ व सुधीर कुमार पाण्डेय. **अध्यक्ष :-** श्री शशिरंजन अखौरी **उपाध्यक्ष :-** सर्वश्री विष्णु मिस्त्री व हेमन्त कुमार राय **महासचिव :-** श्री दिनेश महतो **सचिव :-** सर्वश्री आदित्य कुमार, अखौरी आकाश रंजन व अमिताभ पंकज .**कोषाध्यक्ष :-** श्री राकेश किरण 'राजू' **न्यायप्रवाह प्रमुख :-** श्री कौशिक राम **न्यायकेन्द्र प्रमुख :-** श्री प्रकाश चन्द्र गोप **कार्यसमिति सदस्य :-** सर्वश्री सच्चिदानंद गोप, संदीप स्वरूप, मुकेश कुमार पाठक, दिलीप कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र ओहदार, अजय साहू, परमेश्वर साहू व राजनारायण नाग। प्रदेश अध्यक्ष ने गुमला - लोहरदगा - सिमडेगा जिलों के समन्वयक के लिए श्री बलदेव प्रसाद शर्मा के नाम की भी घोषणा की। सम्मेलन में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रभारी श्री राजेन्द्र कुमार मिश्र ने परिषद् की स्थापना से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए न्यायकेन्द्र व न्याय शिविर लगाने की बातें बताईं साथ ही परिषद् के कार्यकलापों का वर्णन किया। उपस्थित लोगों से वर्तमान में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान करते हुए जन जागरण हेतु घर - घर जाकर सम्पर्क करने के कार्य को अपना कर्तव्य बताया और नोटा के प्रयोग से दूर रहने की बातें भी कहीं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह प्रान्तीय संगठन आयाम टोली के सदस्य श्री हराधन प्रमाणिक व लीना मुखर्जी ने भी संगठन की उपलब्धियों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस जिला सम्मेलन का संचालन श्री बलदेव प्रसाद शर्मा ने व अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार पाण्डेय ने की। प्रारम्भ में विगत सत्र का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में उपस्थित अन्य प्रमुख अधिवक्ताओं में सर्वश्री राकेश किरण, सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव, लखन सिंह, धनेश साहू,, विष्णु मिस्त्री राणा रविकांत, जगदीश प्रसाद, भूपति प्रसाद प्रजापति, बलदेव प्रसाद शर्मा, राधेश्याम साहू, मुकेश कुमार साहू, विनोद नाथ तिवारी व अशोक कुमार पाण्डेय राजनारायण नाग, शशिरंजन अखौरी, संदीप स्वरूप, परमेश्वर साहु, कौशिक राम, विरशु सिंह, हेमंत कुमार राय, आदित्य कुमार सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

कुल 254000 रुपया कुल 11 वाहनों से की गई जुमार्ना वसूल

दबंग हिन्द,संवाददाता

रामगढ़। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशार्नुसार शुक्रवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर०सी० बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे कुल 257000 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया।इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

हल्दीपोखर में लू से वृद्ध की मौत

दबंग हिन्द ,सराईकेला। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर बंगला बोर्ड मध्य विद्यालय के बरामदे शनिवार की सुबह एक वृद्ध का शव बरामद किया गया है. आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसकी मौत लू लगने से हुई होगी. कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने लाश की पहचान संतोष सरदार के रूप में की है. इसके बाद परिजनों को लाश सौंप दिया गया.

घटना के संबंध में हल्दीपोखर की मुखिया देवी कुमारी भूमिज ने कहा कि तीन-चार सालों से हल्दीपोखर एवं उनके आसपास के क्षेत्र में भिक्षाटन कर अपना जीवन यापन कर रहा था. दूसरी ओर एक पैर से कमजोर होने के कारण लंगड़ा-लंगड़ा कर चलता था. दिन भर भिक्षाटन कर विद्यालय के बरामदे में सो जाता था. फिर सुबह भिक्षाटन के लिए निकलता था. इस बीच तेज धूप और लू भरी हवाओं के कारण वृद्ध की मौत हो गई है. ऐसा अंदेशा जताया जा रहा है. मुखिया ने बताया कि काफी गर्मी है और एस्बेस्टस के नीचे पक्के फर्श पर वृद्ध सोया करता था. इस कारण से लू लगी होगी. परिजन हरिणा पंचायत के पति साईं के रहने वाले हैं।

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने स्वास्थ्य कार्यक्रम का किया आयोजन

दबंगहिन्द,संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा शनिवार को पांच दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य कार्यकम के तहत पाँचवे दिन झंडा चौक स्थित डी यू मिशन स्कूल में स्कूल के बच्चों के बीच शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। स्कूली बच्चों के साथ युवा मंच के सदस्य एवं स्कूल के ट्रेनर ने व्यायाम कराकर व्यायाम से होने वाले फायदे को बतलाया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बच्चों को प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई जिससे बच्चें काफी उत्साहित हुए। साथ ही साथ बच्चों के बीच छाछ एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को युवा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, युवा सचिव धीरज बंसल, युवा कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, एवं युवा सदस्यों ने काफी उत्साह के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं खेल प्रशिक्षक को मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ट सदस्यों द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

एएल राव को बनाया गया टाटानगर का नया स्टेशन डायरेक्टर संभाला पदभार

दबंग हिन्द,संवाददाता

जमशेदपुर। टाटानगर रेलवे स्टेशन के नए डायरेक्टर के रूप में शनिवार को एएल राव ने अपना पदभार संभाल लिया है. इस बीच उनका स्वागत स्टेशन के अधिकारियों ने गर्मजोशी से किया. पदभार संभालते ही उन्होंने स्टेशन के सभी मातहत के साथ आवश्यक बैठक की और जानकारियां लेने के साथ-साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया.

एएल राव पहले चक्रधरपुर रेल मंडल में एओएम के पद पर कार्यरत थे. वहीं से उनका ट्रांसफार टाटानगर स्टेशन डायरेक्टर के रूप में किया गया है। नए स्टेशन डायरेक्टर एएल राव ने बातचीत में कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन के ट्रेनों को समय पर चलाना उनकी प्राथमिकता होगी. इसके अलावा यात्री सुविधाओं पर भी ध्यान देने के साथ-साथ स्टेशन की सफाई व्यवस्था पर भी नजर रहेगी. इसके लिए वे सभी विभाग के लोगों से सहयोग भी लेने का काम करेंगे. टाटानगर स्टेशन पर 15 मार्च से ही स्टेशन डायरेक्टर का पद रिक्त है. रघुवंश कुमार का तबादला होने के बाद से ही बिना स्टेशन डायरेक्टर का ही टाटानगर स्टेशन चल रहा था।

उपायुक्त के द्वारा 2 कुख्यात अपराधियों को किया गया जिला बदर

दबंगहिन्द,संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक(जयनगर, पतरातू) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।

उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

हुसैन नगर और आजाद बस्ती के घरों से सटे हैं 11 हजार वोल्ट के तार

सही करने के लिए बिजली विभामग को अंजुमन इस्लामिया ने दिया आवेदन

दबंग हिन्द,संवाददाता



गुमला। गुमला शहर के अल्पसंख्यक आबादी का छेत्र हुसैन नगर, खड़ियापाड़ा और आजाद बस्ती के घरों से सटे 11 हजार वोल्ट के खुले तार को हटा कर सही करने के लिए बिजली विभामग गुमला को अंजुमन इस्लामिया ने दिया आवेदन। अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी पम्मू के नेतृत्व में अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी ,समाजसेवी, मोहल्लेवासी एवं शहर के अधिवक्ता ने बिजली विभाग करौंदी गुमला जाकर मुहल्लेवासियों के घरों से सटे ग्यारह हजार वोल्ट के बिजली तार से होने वाले खतरा और परेशानियों का यथा शीघ्र निदान करने के लिए एसडीओ बिजली विभाग गुमला को मांग पत्र सौंप कर किया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी पम्मू, अधिवक्ता हफिंदर साहू, अधिवक्ता तौहीद आलम, अधिवक्ता तौफीक आलम, अधिवक्ता मोहम्मद आदिल हुसैन, अधिवक्ता मोहम्मद मुमताज, समाज सेवक मोहम्मद लड्डन, अफसर आलम कल्लू, मोहम्मद मेराज, खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू नसीम खलीफा, छोटू मिस्त्री, शाहनवाज आलम, तबरेज आलम, कयामुद्दीन अंसारी शाहिद खान, नसीम खान, मोहम्मद कौसर आदि शामिल थे ।ये सभी कड़ी धूप में बिजली विभाग के कार्यालय पहुंच कर बिजली विभाग के एसडीओ के कार्यालय में एक आवेदन अंजुमन इस्लामिया गुमला के जानिबसे तथा मोहल्ले वासियों का दिया गया आवेदन में बताया गया है कि 11000 वोल्ट का खुला तार आजाद बस्ती हुसैन नगर खड़ियापाड़ा आदि जगहों से गुजरा है जिसके चलते आए दिन घटना होती रही है लगातार कई मासूमों की जान भी जा चुकी है झूले हुए तार तथा 11000 वोल्ट का तार हटाने को लेकर मोहल्ले वासियों ने कई बार आंदोलन भी कर रखा है इन्हीं सब बातों को बिजली विभाग के एसडीओ के समक्ष आवेदन के तौर पर अंजुमन द्वारा दिया गया।

पार्क को तोड़ा जाने और कंटेनर लगाए जाने को लेकर विवाद सुलझा

प्रधान न्यायाधीश और अधिवक्ताओं के बीच हुई बैठक, हुआ फैसला

दबंग हिन्द,संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में बने पार्क को तोड़ा जाने और सर्वर रूम के लिए बने कंटेनर रखे जाने को लेकर जो विवाद चल रहा था वह विवाद शुक्रवार को दोनों पक्ष के बीच हुई बातचीत के बाद समाप्त हो गया. बैठक में निर्णय लिया गया कि बार भवन के बहार बैठने वाले अधिवक्ताओं को सर्वर रूम के लिए बने कंटेनर को बैठाने के लिए अधिवक्ताओं को बाहर की जमीन को छोड़कर बार भवन में जाकर बैठक होंगे. वहीं बार भवन के सामने बने पार्क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था जिसे यथावत बनाकर दिए जाने का आश्वासन दिया गया हैं. उल्लेखनीय हैं कि बार भवन के सामने अधिवक्ताओं ने विधायक सरयू राय के सहयोग से एक पार्क का निर्माण कराया था. उक्त पार्क स्थल में सर्वर रूम बनाने के लिए पिछले दिन पार्क को तोड़ झ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. पार्क तोड़े जाने और पार्क स्थल में कंटेनर लगाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में विरोध में गुरुवार को कोर्ट परिसर में हंगामा झ प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्य को बाधित कर दिया था. लेकिन दोपहर तक कोई निष्कर्ष नहीं निकलने पर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को आमसभा बुलाई और सभा में निर्णय लिया था कि इन मुद्दे पर कोई नतीजा नहीं निकलने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने का निर्णय लिया गया था. बाद में अधिवक्ताओं की एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान न्यायाधीश से मिलकर मामले को सुलझाने का प्रयास किए, और एक ज्ञापन भी सौपे. तब जाकर मामला सुलझा और शर्तों के साथ विवाद को सुलझा लिया गया।

एक नजर

रेलवे ने अधिसूचना जारी कर बताया पूरी से चाईबासा होते हुए दिल्ली तक चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

दबंग हिन्द ,चक्रधरपुर। कोल्हान के लोगो के लिए एक और राहत वाली खबर हैं. रेलवे ने ओडिशा के पुरी से बिहार, उत्तर प्रदेश होते नई दिल्ली (आनन्द विहार) के लिए एक और समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन दोनों दिशाओ में 9 -9 ट्रिप चलेगी. इसको लेकर रेलवे ने अधिसुचना जारी कर दी है. इस ट्रेन का परिचालन परिचालन पुरी झ आनन्द बिहार के बीच होगा जिसमें हरिचंदनपुर, केन्दुझरगढ़, नया गढ़, बांसपानी, डोगापोशी, चाईबासा, चांडिल, मुरी, बोकारो, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (गोमो), गया, सासाराम स्टेशन में इस ट्रेन का ठहराव होगा. 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को पुरी से आनन्द विहार के लिए प्रस्थान करेगी. जबकि एक मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को आनन्द विहार से पुरी के लिए प्रस्थान करेगी. यह ट्रेन संख्या 08481 प्रत्येक सोमवार की रात 11.45 मिनट में पुरी से प्रस्थान करेगी. पुरी के बाद ट्रेन साक्षीगोपाल स्टेशन में रात को 12.07 में पहुंचेगी. दो मिनट ठहराव के बाद यह ट्रेन खुर्दा रोड के लिए प्रस्थान कर जाएगी. खुर्दा रोड सुबह 12.40 पहुंच कर 5.15 में प्रस्थान, इस बीच कई स्टेशनों में रुकने के बाद बांसपानी दिन के 12.03 पहुंच कर 12.05 मे प्रस्थान करेगी. इसके अलावा डोगापोशी दिन के 12.45 पहुंच कर 12.50 मे प्रस्थान ,चाईबासा दिन के 1.38 पहुंच कर 1.40 मे प्रस्थान ,चांडिल दोपहर 2.48 पहुंच कर 2.50 मे प्रस्थान करेगी।

देवघर की टीम ने 70 रन से लोहरदगा टीम को क्वार्टर फाइनल मैच हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचा

दबंग हिन्द ,गुमला। जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -16क्रिकेट टूनामेंट के क्वाटर फाइनल मुकाबले में देवघर ने लोहरदगा को 70रनो से पराजित कर राज्य स्तरीय मुकाबले के सेमीफाइनल में आपकी जगह पक्की कर ली ' शनिवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये नॉकआउट मैच में देवघर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 50ओवरो में 9विकेट के नुकसान पर 251रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रतिक कुमार ने सर्वाधिक 85रनो की पारी खेली ' यश सिन्हा ने 61व कुमार शोभित ने 41रनों का अहम योगदान दिया। लोहरदगा की ओर से पवन शौर्य ने 7ओवरो में 32रन देकर चार विकेट अर्जित किये। चैतन्य व आयुष को एक -एक सफलता मिली ' लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा ने बेहतर शुरूआत की और मैच के रोमांच को कायम रखा। बाद में टीम लड़खड़ा गई और पूरी टीम 38.3ओवरो में 181सिमट गई। टीम की ओर से मनीष कुमार ने 50, चैतन्य 40, देवदीप 28व नितिन बखला ने 24रनो की पारी खेली ' देवघर की ओर से अजय यादव ने तीन और ब्रजेश व आयुष ने दो -दो विकेट हासिल किये। उम्दा बल्लेबाजी के बदौलत प्रतिक मैन ऑफ द मैच बने। टी आर डी ओ पप्पू सिंह, अंपायर मनोरंजन कांजीलाल व प्रशांत कुमार ने प्लेयर ऑफ द मैच को पांच हजार कैशमनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल, लाल चंद्रशेखर, ज्ञान प्रकाश, यमुना झा, अंकित विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

घाघरा बीडीओ ने प्रखंड के कई मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

दबंग हिन्द ,घाघरा। बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड के कई मतदान केन्द्रों का शनिवार को दिन निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने महुगांव, इचा, बुरजू, हपामुनी, सांसों, सरजामा, कोटामाटी, लेहा, माइल, जमगाई, लफसर, रन्हे विद्यालयों में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वहीं उपस्थित शिक्षकों से मूलभूत सुविधा पेयजल शौचालय बिजली फर्नीचर से संबंधित जानकारी ली। वही कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मी और शिक्षकों को दिया। उसके साथ ही मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखना का निर्देश भी दिया। ताकि मतदान कर्मियों और मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदाता बूथ केंद्र में मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली। इसके साथी मतदाताओं को मिलने वाली पर्ची वितरण से संबंधित भी जानकारी लिया।मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल, शिक्षक विजय कुमार साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

घाघरा पुलिस ने गुटवा ग्राम में एक बुजुर्ग व्यक्ति का तालाब रूपी जलजमाव से किया शव बरामद

दबंग हिन्द ,घाघरा। घाघरा पुलिस ने गुटवा गांव में गुटवा ग्राम निवासी बुजुर्ग शिवलाल पहान का शव तालाब रूपी जलजमाव स्थल से बरामद कर घाघरा थाना लाया। वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु शनिवार को दिन के 9:00 गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि उसके पति शिवलाल पहान विगत बुधवार को रात 8:00 बजे शौचालय करने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा।गांव के अगल-बगल में शादी का प्रयोजन था। जहां लगा कि वह चला गया होगा। लेकिन उसके दूसरे दिन भी नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की गई। फिर भी उसका कोई पता नहीं चल सका। वही शुक्रवार की शाम 6:30 बजे गांव स्थित पत्थर फोड़ कर बने तालाब रूपी जलजमाव में एक व्यक्ति का शव की सूचना मिली। जिसके बाद उक्त स्थल जाने के बाद देखा तो उसकी पहचान शिवलाल पहान के रूप में हुई। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा घाघरा थाना को दी गई।वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

ट्रेलर और हाईवा में सीधी टक्कर, दोनों के चालक बाल बाल बचे

दबंग हिन्द ,चाईबासा। हाता-बिरसा चौक पर ट्रेलर और हाईवा में सीधी हो गई. घटना में दोनों वाहन के तालक बाल-बाल बच गे जबकि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए. सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई थी.हाता-बिरसा चौक पर ट्रेलर और हाईवा में सीधी हो गई. घटना में दोनों वाहन के तालक बाल-बाल बच गे जबकि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए. सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई थी. हाईवा के परखच्चे उड़ गए. साथ ही साथ बिरसा मुंडा का चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया है. पोटका थाना द्वारा दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

विवाहित महिला ने पंखे के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या

दबंग हिन्द ,चक्रधरपुर। चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत के उलीबेड़ा गांव के मानीसाई टोला में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि मानीसाई टोला निवासी सतीश बोदरा की पत्नी 20 वर्षीय मुनी बोदरा शनिवार की दोपहर नदी से स्नान कर अपने कमरे में चली गई. इसके बाद मुनी बोदरा की सास घर पहुंची तो मुनी बोदरा घर में पंखे के सहारे फांसी से झूल रही थी. घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद मुनी बोदरा को उतारकर अनुमंडल अस्पताल लाया गया. अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतका मुनी बोदरा के परिजनों ने बताया कि मुनी बोदरा व सतीश बोदरा का आठ महीने पहले ही प्रेम विवाह हुआ था. जिस वक्त महिला ने घर में फांसी लगायी उसका पति सतीश बोदरा घर में नहीं था. इधर घटना की सूचना पाकर चक्रधरपुर थाना के अधिकारी व जवान अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गये हैं।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक- रामाकांत दूबे ,मो. नं0. 9771998118 समाचार संपादक : अब्दुल कुदुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती

ललित गर्ग

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खचीर्ला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खचीर्ला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श



शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खचीर्ला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खचीर्ले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

संपादकीय

भाषण पर सवाल जवाब

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मयार्दा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।

चिंतन-मनन

रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे।

अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

प्रकृति की ताकत के आगे असहाय वैज्ञानिक

सनत जैन

दुनिया में प्रकृति को नजर अंदाज करते हुए, मानवीय विकास को लेकर जो नए-नए शोध और कार्य हुए हैं। उनसे प्रकृति को जिस तरह से खुली चुनौती दी जा रही है। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हुए मानव विकास की जो नई संरचना तैयार की जा रही है। वह अपनी उच्चतम सीमा में पहुंच चुकी है। इस कारण अब प्रकृति ने भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए प्रतिरोध करना शुरू कर दिया है। जिस मानवीय विकास की संरचना को बनाने में कई दशक लगे। प्रकृति ने उसे एक ही झटके में समाप्त कर, यह बता दिया है, कि सीमा रेखा तोड़ोगे तो उसका फल भी भुगतना पड़ेगा। उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो चुकी है। पांइस में स्थित आईटीआई का भवन जंगल की आग में पूरी तरह जल गया है। जंगल की आग नैनीताल हाईकोर्ट तक पहुंच गई है। नैनीताल, भीमताल, रानीखेत, अल्मोड़ा, कमाऊ के जंगल धधक रहे हैं। सेना एवं स्थानीय प्रशासन आग बुझाने में लगी। आग पर काबू पाने में बहुत समय लगा, जिससे जंगल ही बर्बाद हो गया। इसके पहले भी हिमालय की तराई में भू-स्खलन की सैकड़ो घटनाएं हो चुकी हैं। पहाड़ फट रहे हैं। पिछले दो दशकों में हिमालय के पहाड़ों को खोदकर जिस तरह बांध बनाए गए हैं। पावर स्टेशन खड़े किए गए हैं। रोड बनाने के लिए पहाड़ों को काटा गया है। रेल मार्ग के लिए पहाड़ों को एक-दूसरे से जुदा कर दिया गया है। इन सब कृत्यों से शांत पहाड़ों में ऐसा कंपन शुरू कर दिया गया, जिसके कारण हिमालय अब अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए, मानवीय विकास की कल्पनाओं और संरचनाओं को एक ही झटके में धूल-धूसरित कर रहा है।

हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पिछले साल ही शिमला, उत्तराखंड के कई इलाकों में भूस्खलन की बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई। यहां का मौसम भी बड़ी तेजी के साथ बदलने लगा। अप्रैल के महीने में जून जैसी गर्मी पहाड़ों में पड़ रही है। हिमालय के ग्लेशियर पिघलने लगे। भारत में नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ रहा है। जो मानवीय एवं प्रकृतिजन्य जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहाड़ों और प्राकृतिक संरचनाओं को खोखला किया गया। इसका विरोध समय-समय पर वैज्ञानिकों, साधु संतों और (शंकराचार्यों) ने भी किया था। भारत सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। परिणाम स्वरूप प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल भी अब सुरक्षित नहीं हैं। अयोध्या मैं रामलला के मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चारों शंकराचार्यों ने कहा, जब तक मंदिर के शिखर का निर्माण नहीं होता है ऐसी अवस्था में भगवान प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। सरकार ने अहंकार के चलते, सनातन धर्म के सबसे बड़े धर्म गुरुओं (शंकराचार्यों) की बात भी नहीं मानी। जबकि उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा था यदि अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो प्रकृति-जन्य आपदा आना निश्चित है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चारों शंकराचार्य में से कोई भी शंकराचार्य शामिल नहीं हुआ। अब जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं। उसके बाद यही कहा जा सकता है, प्रकृति के नियमों का पालन नहीं किए जाने पर प्रकृति अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रयास कर रही है। उसे ही प्राकृतिक आपदा कहा जाता है।

यहां केवल भारत की बात नहीं हो रही है। पूरी दुनिया के देशों में जिस तरह से प्रकृति को चुनौती देते हुए मानवीय विकास और मानवीय अहंकार के चलते जिस तरह से विकास और आग्नेयू शास्त्रों के माध्यम से राज करने का जो प्रयास हो रहा है, उसके कारण दुनिया के देश विनाश के रास्ते पर चल पड़े हैं। अब इसे प्राकृतिक आपदा कहें, या ईश्वर का प्रकोप कहें। इसमें सभी एक राय नहीं हो सकते हैं। विकास की इस दौड़ में मानव जाति अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति अथवा ईश्वर को चुनौती देने का काम कर रही है। यही कारण है, कि दुनिया के सारे देशों में अब प्राकृतिक आपदाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। विकसित राष्ट्र भी अब इससे अछूते नहीं रहे। अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस, चीन जैसी महाशक्तियों को भी प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ रही है। अरब के देशों में बाढ़ आ रही है, जहां रेत का समंदर है वहां बारिश का सैलाब बता रहा है कहीं कुछ तो गलत हुआ है। लगातार भूकंप के झटके दुनियां को सचेत कर रहे हैं, सुप्त ज्वालामुखी अब मुंह खोलने को तैयार नजर आने लगे हैं। ये प्राकृतिक आपदाओं से विकास इन्फास्ट्रक्चर नष्ट हो रहा है। वैसे भी मानवीय शक्ति जब-जब भगवान बनने की कोशिश करती है, तब-तब ईश्वर का (प्रकृति) प्रकोप इसी तरह से सामने आता है। इस खतरे की घंटी से सभी को सावधान होने की जरूरत है। भौतिक संसाधन और कृत्रिम विकास अल्पकालीन होते हैं, इन्हें दीर्घकालीन नहीं बनाया जा सकता है। इस तथ्य को सभी को समझना जरूरी है।

घोषणा पत्र की क्या जरुरत

संजय गोस्वामी

आज कल चुनाव में घोषणा पत्र पर एक दूसरे पर वार पे वार किये जा रहें है इसकी जरुरत ही नहीं क्योंकि दोनों का काम जनता ने देख लिया है वो ना तो घोषणा पत्र का पन्ना पढ़ कर वोट करने वाली है ना ही घोटाला पर किसी के लिए वो घोटाला लगेगा किसी के लिए सोची समझी नीति और कोई कुछ भी ना लें और नोटा पर वोट कर दें इसलिए चुनाव में लोगों की दिलचस्पी नहीं दिखा जो पहले थी अब इसपर नए सिरे से सोचेने की जरुरत है वोट मेरा अधिकार है जिसे देना जरुरी है दरअसल हर 10साल के बाद एंटीइनकॉवेंसी यानि सत्ता पक्ष में कुछ लोगों का विरोध तो होता ही है अब इतनी बड़ी जनसंख्या है 140करोड़ लोगों का देश जब मजदूर को खुश करेंगे तो उद्योगपति को नुकसान होगा और जब मजदूर काम करके भी नहीं खा सकेगा तो ऐ भी उद्योगपति को खुश रखना जैसे होगा,बस सेवा ही एक ऐसा हैजो एक जीवन का हिस्सा है किसी खेल में कोई हारता है कोई जीतता है लेकिन अपशब्द का प्रयोग किसी भी पार्टी के लिए घातक साबित होगी इसमें शांत रहकर लोगों की सेवा करना चाहिए जो जनता के दिल में जगह बनाएगी जो असली प्रेम होगा सेवा करना इंसान को सत्ता या उससे बाहर भी रहकर कर सकते हैं सत्ता में होंगे तो विरोधी आपका टांग खीचेंगे और जब सत्ता में नहीं रहेंगे तो पावर नहीं होगा जीससे आप काम कर सकें लेकिन अनेकों उदाहरण है जो सत्ता से अलग रहकर भी लोगो की सेवा की और उसी आधार पर भगवान राम हो गए जो सबके पूज्य है सेवा के लिए पहली शर्त प्रेम हैं, अर्थात जिसके दिल में प्रेम हैं, वही सेवा कर सकता है। टॉल्स्टॉय ने कहा है, 'प्रेम स्वर्ग का रास्ता है।' बुद्ध का कथन है, 'प्रेम इंसानियत का एक फूल है और है और प्रेम उसका मधु।' रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, 'प्रेम संसार की ज्योति है।' विक्टर ह्यूगों का कहना है, 'जीवन एक फल है और प्रेम उसका मधु।' रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, 'प्रेम अमरता का समुदंर है।' कबीर का कथन है, 'जिस घर में प्रेम नहीं, उसे मरघट समझ–बिना प्राण के साँस लेने वाली लुहार की धौंकनी।'

ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होए।। उपरोक्त पंक्ति के रचियता कबीरदास हैं। इस पंक्ति के माध्यम से ये कहना चाह रहें है कि बड़ी बड़ी पुस्तकें पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुँच गए, पर सभी विद्वान न हो सके। अलग–अलग शब्दों में सभी महापुरूषों ने प्रेम का बखान किया है। वास्तव में प्रम मानव-जाति की बुनियाद है। प्रेम ऐसा चुम्बक है, जो सबको अपनी ओर खींच लेता है। जिसके हृदय में प्रेम है, उसके लिए सब अपने हैं। भारतीय संस्कृति में तो सारी पृथ्वी को एक कटुम्ब माना गया है–'वसुधैव कुटुम्बकम्।'

जो सबकों प्रेम करता है, उससे बड़ा दौलतमंद कोई नहीं हो सकता। वह दूसरे के दिल में ऊँची भावना पैदा कर देता है। यदि गुस्सा होकर सूरज धूप और रोशनी न दे, धरती अन्न न दे, हवा प्राण न दे, तो सोचिए, हम लोगों की क्या हालत होगी! और प्रेम

इस तर्क मे बड़ी भूल है। ईश्वर ने सारे इंसानो को एक-सा बनाया है। आदमी आदमी मे कोई अन्तर नही रक्खा। अन्तर तो स्वयं आदमी ने पैदा किया है। एक आदमी दिमाग से काम करता है, दूसरा शरीर से। पहले को हम बड़ा मानते है और उसे अधिक पैसा देते है, दूसरे को किसान-मजूर कहकर छोटा मानते है। और उसकी कम कीमत लगाते है। लेकिन यह न्याय नही है। जो दिमाग काम करता है, उसे भी खाने को अन्न चाहिए और अन्न बिना शरीर की मेहनत के नही मिल सकता। शरीर से काम करे वाले को दिमागी काम करने वाले का सहारा चाहिए। इस तरह दोनों एक-दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का काम नही चल सकता।

पर आज का समाज उन्हें एक-दूसरे का पूरक या साथी मानता कहाँ है? बुद्धि से काम करने वाला शरीर की मेहनत को छोटा और ओछा मानता है और उससे बचता है। वह मानता है कि मजूर से मेहनत लेने का उसे अधिकार है।ईश्वर सच्चिदानन्द है, असीम शक्ति का भंडार है। ईश्वर हमारे लिए एक अनन्त एवं अक्षय शक्तिस्रोत है। यदि आपका आत्मविश्वास विलुप्त हो चुका है, आप प्रभु भक्ति के द्वारा उसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। भावपूर्ण प्रार्थना करना एक विचित्र संबल देता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करनेवाले तथा युद्ध भड़कानेवाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। संत किसी एक धर्म के खूंटे से नहीं बँधते हैं और सत्य का सत्कार करते हैं, वह चाहे जहाँ भी प्राप्त हो। एक सच्चा मानव मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा, मस्जिद को समान रुप से पवित्र मानता है तथा उसे अनेक मार्गों (धर्मों) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है।अतः घोषणा पत्र पर ध्यान ना देकर काम पर ध्यान देना चाहिए चंद्रयान 3की सफलता ने तो भारत में इतिहास बना दिया अगर घोषणा पत्र पर ध्यान देते तो कुछ नहीं होता एक होकर लगन से काम किया कल किसने देखा है उसकी भविष्यवाणी आज हम नहीं कर सकते है हाँ ऐ जरुर कर सकते है संकट में एक दूसरे के काम आजायेगा।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झामुमों कार्यकताओं का सम्मेलन

दबंग हिन्द,संवाददाता

कटकमसांडी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के हीराबाग में झामुमों के जिला संयोजक मंडल व विभिन्न प्रखंडो के सक्रिय कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि सह इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल ने झामुमो कार्यकताओं को सम्बोधित कर कहा कि लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए मतदान करना है। और हजारीबाग लोकसभा से भाजपा को हराकर एक नए युग की शुरूआत करना है। उन्होने आगे कहा कि मोदी सरकार इलैक्ट्रोल बॉड के तहत चंदा दो व धंधा लो की परिपाटी की आरंभ की है। आज देश की सम्पति का तीन हिस्सा पर अंबानी व अडानी का अधिकार है। किसान व मजदूर लाचार है। बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है। विस्थापन की समस्या बढ़ती जा रही है। वहीं झामुमो संयोजक मंडली के जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि परिवर्तन ही विकास का आधार है। आप अपने मतदान का प्रयोग कर जेपी पटेल को संसद तक पहुंचाने का काम करें। इसके लिए झामुमो के सिपाही अपने अपने पंचायत के बूथों को मजबूत करें और भाजपा के एकाधिकार को ध्वस्त करें। कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह कांग्रेस के नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने के लिए समर्पित भाव से अपने अपने क्षेत्र में मेहनत करें और विरोधियों के मनोबल को धराशायी करें। कार्यक्रम का संचालन नीलकंठ महतो ने किया। कार्यक्रम को प्रखंड अध्यक्ष राजा मोहम्मद, संजय सिंह, नईम राही, यासीन खान, यासीन अंसारी आदि ने भी सम्बोधित कर जेपी पटेल को विजयी बनाने की बात कही। मौके पर अनवर हुसैन, खलील अंसारी, साहिद खान उर्फ राजा, अर्जुन साहू सहित हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत अध्यक्ष व सचिव व सैकड़ो सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया

प्रतिनिधिमंडल की रांची यात्रा के दौरान, टीम ने एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनटीपीसी और कोयला खनन कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ बातचीत की।

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग । केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण (सीईआरसी) के अध्यक्ष, श्री जिष्णु बरुआ, आईएएस (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में एक सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने 25 अप्रैल,2024 को कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची का दौरा किया। श्री शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी और अध्यक्ष (एनएमएल) ने प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की और श्री जयशंकर श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी की गरिमामय उपस्थिति में सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल को खनन में आने वाले संचालन और चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल की रांची यात्रा के दौरान, टीम ने एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनटीपीसी और कोयला खनन कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ बातचीत की। और 26 अप्रैल,2024 को सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने एनटीपीसी की फ्लैगशिप परियोजना, हजारीबाग में पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने खनन कार्यों का अध्ययन करने के लिए एनटीपीसी कोयला खदानों का दौरा किया। इस दौरे में पकरी बरवाडीह खान का ऑपरेशन और ओवरबर्डन (ओबी) क्षेत्र का दौरा किया । इस अवसर पर, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महिला डंप चालक से बातचीत की और उन्हें अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया । सीईआरसी टीम ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के बैनर तले हाल के दिनों में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और शानदार प्रदर्शन हासिल करने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की प्रतिनिधिमंडल दल में श्री अरुण गोयल, सदस्य (वित्त), श्री प्रवास कुमार सिंह, सदस्य (कानून), श्री हरप्रीत सिंह पूथी, सचिव, श्री राजीव पुष्करणा, प्रमुख, वित्त प्रभाग, डॉ. एस के चटर्जी प्रमुख, नियामक मामले शामिल थे। श्री अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल), फैज तैयब, परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, श्री रजनीश रस्तोगी, सीजीएम (एचआर), कॉर्पोरेट वाणिज्यिक टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख दौरे के दौरान मौजूद थे ।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक की समीक्षा बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजुद थे। 27 अप्रैल (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही अभ्यथीर्यों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी/अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (ऋड्ढ़) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (रस्ळ) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

खाकी वर्दी ने निभाया मानवता का फर्ज

घर में लगी आग में फंस गई थी बच्ची, थाना प्रभारी ने बचाई बच्ची की जान

दबंग हिन्द,संवाददाता

गोड्डा। जिले में पुलिस ने एक बार फिर से जिंदादिली की मिसाल पेश की है. अपनी जान पर खेलकर धधकते हुए आग का सामना कर थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने एक बच्ची को घर से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई. बच्ची को वर्दी धारियों ने अस्पताल पहुंचा कर मानवता की मिसाल पेश कर उसकी जान बचाई. बताया जा रहा है मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के सोनागुजी गांव में एक घर में आग लग गई आग की लपेटे इतनी खतरनाक थी कि कई घरों को लपेट लेता. लेकिन ग्रामीणों की सूझबूझ से एक ही घर जल कर रह गया। आग की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने धधकते आग में घर के अंदर घुसकर एक बच्ची को बाहर निकाला. इस मामले पर थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने कहा हमें फोन आया कि सोनागुजी में आग लग गया है. गांव पहुंचे तो गांव वालों ने एक एंबुलेंस को बुला लिया था. एक महिला चांदनी देवी और उसकी भांजी को स्थिति को देखते हुए उनको एंबुलेंस में बैठाकर अस्पताल भेज दिया. इधर घर जल रहा था, गांव वाले पुलिस वाले को कह रहे थे घर के अंदर एक बच्ची फंसी हुई है. घर में सिलेंडर था, आसपास के लोग घर के अंदर जाने से डर रहे थे. घर में आग लगी थी बच्ची चिल्ला रहीं थीं, थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने मानवता का परिचय देते हुए घर के अंदर घुस गए और बच्चे की जान बचाई. इसके बाद बच्ची को तुरंत अपने गाड़ी पर बैठाकर महागामा अस्पताल ले गए. बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया. लेकिन गोड्डा से रेफर कर बेहतर इलाज के लिए बोकारो भेज दिया गया।

बरही-कोडरमा फोरलेन का काम लगभग पूरा

पर तिलैया बाईपास का काम शुरू नहीं हो सका

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग। बरही-कोडरमा फोरलेनिंग कार्य में अब तक तिलैया बाईपास के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पायी है. तिलैया में जमीन सीमांकन में समस्या उत्पन्न हो रही है. जिला प्रशासन द्वारा अब तक पहले से अधिग्रहित जमीन को चिंहित्त का डिमारकेशन का काम नहीं किया गया है, जिससे यहां पर काम लटका हुआ है. यहां पर दो आरओबी निर्माण का काम भी फंसा हुआ है. एनएचएआई बार-बार राज्य सरकार वे जिला प्रशासन से अनुरोध कर रहा है कि क्लीयर सीमांकन का काम करा दिया जाये ताकि बाईपास निर्माण शुरू कराया जा सके। हालांकि, इस सड़क के फोरलेनिंग का काम लगभग पूरा हो गया है. 27.67 किमी लंबे इस सड़क के फोरलेन का काम करीब 26.72 किमी तक पूरा हो गया है. 31 जनवरी 2018 में ही इसका काम रामकृपाल कंस्ट्रक्शन को अवार्ड किया गया था. इपीसी मोड़ पर इसे इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है. 666 करोड़ रुपये इसके निर्माण की कुल लागत है जिसमें 276 करोड़ रुपये सिविल कॉस्ट है. 87 फीसदी राशि भी खर्च कर दी गयी है. इस सड़क में एक बाईपास, 14 किमी सर्विस रोड, दो मेजर व एक माइनर ब्रिज है. आरओबी भी 2, बस-ट्रक के लिए पड़ाव भी रखा गया है. मदनगुंडी में टॉल प्लाजा का भी निर्माण हो गया है, लेकिन जमीन निर्धारण नहीं होने से तिलैया बाईपास का काम अब भी अधूरा है।

व्यवसाई अगर राजा हो जाये तो प्रजा का क्या होगा: जय प्रकाश भाई पटेल

कांग्रेस का गारंटी कार्ड जन जन तक पहुचाँना है: शैलेंद्र कुमार यादव

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग। कांग्रेस कमिटी की कार्यकारणी की व लोकसभा चुनाव संबंधित अति महत्वपूर्ण बैठक वर्णिगा होटल में की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन रजी अहमद ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला के प्रभारी श्री अजय सिंह,माननीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव,माननीय विधायिका सुश्री अम्बा प्रसाद,हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ,प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार,अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा,सदर विधानसभा प्रभारी कमल ठाकुर,डॉ आर सी प्रसाद,मुन्ना सिंह हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित रहे। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा की कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं, बल्कि न्याय पत्र है। और यह हर उस समस्या का समाधान है। जो एनडीए ने अपने 10 वर्षो के शासनकाल में जनता पर थोपी है। भाजपा मतों के ध्रुवीकरण के लिए सांप्रदायिक माहौल बनाने में माहिर है। ऐसे में हर कांग्रेसी को सजग रहना होगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसान, युवा, महिला, श्रमिक और ओबीसी सहित सभी वर्गो की कल्याण की बात का जिक्र है। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कांग्रेस के गारंटी घोषणा पत्र को जन-जन तक पहुँचाना। पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्षयो के माध्यम से हर काँग्रेसजन का उत्तरदायित्व है। हजारीबाग जिला का संगठन पूरा चुस्त है। और सारे काँग्रेजन अपनी उत्तरदायित्व को समझ रहे है। और चुनाव प्रचार में अपना सौ प्रतिशत कार्य कर रहे है। इस बार हजारीबाग लोकसभा से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की जीत के साथ हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस का परचम फहरेगा और व्यवसाई की हार तय है। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के मासूम लोगों के साथ धोखा किया है। महंगाई को मुद्दा बनाकर सिलेंडर के साथ प्रदर्शन करने वाले लोग मंत्री बनने के बाद सिर्फ एसी की हवा खा रहे हैं। आज उन्हें सिलेंडर का दाम नजर नहीं आ रहा है। महिला सुरक्षा कितनी कड़ी है पूरा देश जानता है। रोजगार बढ़ने की जगह घट रहा चुका है। युवा ग्रेजुएट होने के बाद पकोड़े तल रहा है। विदेश नीति साफ नहीं है, मोदी सरकार हर तरह से फेल हो चुकी है। इस अवसर पर जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आग्रह करते हुए कहा कि जिस तरह अपने आठ बार भरोसा कर हमें विधानसभा तक पहुंचाने का काम किया। अब उसी तरह लोकसभा में जिताने का कार्य करिए।

महिला की गुमशुदगी को ले कटकमसांडी थाना में सनहा दर्ज

दबंग हिन्द,कटकमसांडी। महिला की गुमशुदगी को लेकर कटकमसांडी थाने मे सनहा दर्ज कराई गई है। दर्ज सनहा में लखनु निवासी व भाई अनवारूल खान द्वारा बताया गया कि करीब 65 वर्षीया बहन गुलशन खातुन वर्षो से मानसिक रूप से बीमार है। वह दिनभर गांव के गली मुहल्ले में ही घूमते रहती थी और रात में अपने कमरे मे आकर सोती थी। गत 25 अप्रैल को करीब दस बजे रात में घर से बाहर निकली और वापस नही लौटी। परिजन रात से ही चारो ओर उसकी खोजबीन की। मगर उसका कहीं पता नही चला। थक हारकर थाने को आवेदन देकर यथोचित कार्रवाई की मांग की गई है। महिला पीला कलर की साड़ी पहन रखी है और सामान्य रूप से बातचीत भी करती है।

मासिक लोक अदालत में 349 मामलों का हुआ निपटारा

दबंग हिन्द,संवाददाता

चाईबासा । जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया इस दौरान गठित 7 बैंचों ने मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 349 मुद्दों का सफल निष्पादन किया तथा 1116300 /झ की राशि का समायोजन भी हुआ, प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह लोक अदालत का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए अपील कर सकते हैं, उन्होंने आगे बताया कि आज के लोक अदालत में गठित 7 बेंचो में न्यायिक पदाधिकारियों योगेश्वर मणि, प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय, ओम प्रकाश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, सूर्य भूषण ओझा , जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, राजीव कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मंजीत कुमार साहू, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पोड़ाहाट, ऋषि कुमार, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी और सुप्रिया रानी तिग्गा रजिस्ट्रार शामिल थे. झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वधान में कोर्ट परिसर स्थित मीटिंग हॉल में न्यायिक पदाधिकारियों और मध्यस्थ अधिवक्ताओं के बीच आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से मामलों के निष्पादन को सुलभ और सहज बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विश्वनाथ शुक्ला ने न्यायिक प्रक्रिया में मध्यस्थता की ।

चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

पारदर्शी मतदान के लिए आयोग तत्पर: के रवि कुमार

फेक न्यूज पर हो रही लगातार निगरानी

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार ने कहा है कि चैथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें, तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उनहोंने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी, ताकि शत प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए ए॰एस॰डी॰ (आफसेंट, सिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है, ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे, ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। वहीं सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालिंटियर के रूप में रखा जाएगा।

मासीपीढी से एक बच्चे की मां प्रेमी संग फरार होने की मामला प्रकाश में आया

दबंग हिन्द,बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के मासीपीढ़ी गांव निवासी मुकेश मंडल उम्र 30 वर्ष पिता गेंदो महतो ने गांव के ही यूवक कुश कुमार पिता बीरबल महतो पर अपनी पत्नी सुनीता देवी (काल्पनिक नाम) नगदी समेत जेवरात लेकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इस बाबत विवाहित के पति ने एक लिखित आवेदन बरकट्ठा थाना को दिया है। जिसमें उन्होंने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि मैं उड़िसा में रहकर दैनिक मजदूरी का कार्य करता हूं मुझे दिनांक 21/04/2024 को सुबह 6 बजे मेरी मां फोन पर जानकारी दी कि तुम्हारी पत्नी कुश कुमार के साथ तुम्हारे दो वर्ष के बच्चा लेकर फरार हो गई है। सूचना पाकर मैं दिनांक 22/04/2024 को अपना घर आया तो देखा कि घर में रखा में 60,000 नकद, सोना का चैन, सोने का कानबाली, सोने का ताबिज एवं सोने का अंगूठी लेकर फरार हो गई। अपने आवेदन में आगे उन्होंने लिखा है कि छः माह पहले भी कुश कुमार व मेरी पत्नी के बीच गलत संबंध और फोन पर बात चीत करने का मामला आया था। जिसमें विवाहिता के मायके वालों के साथ घरेलू समझौता हुआ था। लेकिन इसके बाद भी दोनों छुप-छुप कर फोन पर बातचीत करते थे। उन्होंने कुश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी पत्नी को दो वर्ष के बच्चे साथ कुश कुमार ही लेकर फरार हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद मै दिनांक 22/4/24 को बरकट्ठा में अपनी पत्नी और और दो वर्ष के बच्चे की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था। लेकिन इस मामले को लेकर प्रशासन थोड़ी सी भी दिलचस्पी नहीं दिखा रही। और मै प्रतिदिन थाने का चक्कर लगा रहा हूं। मुझे अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर अंदेशा बना हुआ है। क्या कहते हैं थाना प्रभारी बातचीत के दौरान बरकट्ठा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर मिसिंग का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर अग्रेत्तर कारवाई की जा रही है।

मड़मों के प्रवासी मजदूर की मुंबई पुणें में मौत

दबंग हिन्द,विष्णुगढ़। प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। लगातार प्रवासी मजदूरो की मौत की खबर आ रही है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत मुम्बई पुणें में हो गई। बताया जाता है कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मड़मों निवासी शेखावत अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र अफजल अंसारी की शुक्रवार को काम के दौरान ऊंची बिल्डिंग से गिरने पर घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोककर बुरा हाल है। अफजल अंसारी पिछले कुछ महीने पहले अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए पुणे गया हुआ था। बातें दें कि अफजल अपने पीछे बुढ़े मां-बाप तथा अपनें पत्नी के साथ-साथ दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया।

डीसी ने पौधरोपण कर लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

दबंग हिन्द,देवघर । देवघर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को शहर के सरस कुंज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. इसका उद्देश्य आम लोगों को स्वीप गतिविधियों से जोड़ना था. देवघर डीसी विशाल सागर ने फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करने का संदेश दिया. उन्होंने लोगों को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दिन मतदान करने की अपील की. कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है वे 4 मई तक अपने क्षेत्र के बूथ पर फॉर्म 6 भरकर अपना नाम जोड़वा सकते हैं. इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपने-अपने घरों के परिसर में एक पौधा जरूर लगाने की अपील की. मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीईओ, बीडीओ, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

केरेडारी प्रखंड में अंतरजिला चेक नाका में वाहन चेकिंग अभियान, वाहन से 3.42 लाख नगद बरामद

दबंग हिन्द,हजारीबाग। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन के आदेशानुसार संपूर्ण जिला में वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में आज केरेडारी प्रखंड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में चेक नाका पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच के क्रम में एक वाहन से नगद 3.42 लाख रू पाए गए। पूछताछ के क्रम में संबंधित व्यक्ति द्वारा संतोषपूर्ण रुप से जब्त नगदी का हिसाब नही देने के उपरांत नगद राशि को जब्त कर व्यय कोषांग को भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इस दौरान अंचल अधिकारी रामरतन कुमार बर्नवाल,दंडाधिकारी सौरभ दीक्षित एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई में जुट गए है।

बिरहोर समुदाय के समस्याओं से अवगत, तथा मतदान दिवस पर वोट करने की अपील

दबंग हिन्द,हजारीबाग। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बरही प्रखंड का दौरा कर विभिन्न बर्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 285 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केवाल एवं 344 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीनगर का निरिक्षण किया तथा मूलभूत सुविधाओं को ससमय क्रियाशील करने का निर्देश दिया। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बिरहोर टोला बारियट्ठा का भी दौरा किया। उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। बातचीत के क्रम में उन्होंने सभी से मतदाता पहचान के पत्र के उपलब्धता के बारे जानकारी ली। तथा सभी योग्य मतदाताओं को 20 मई यानी मतदान दिवस के दिन वोट करने को प्रेरित किया। उन्होंने बिरहोर बच्चों को टॉफी भी दिया।

समाजसेवी राजीव रंजन राजू कांग्रेस में शामिल हो गए

दबंग हिन्द,मांडर। बूढ़ाखुखरा में कांग्रेस की चुनावी सभा के दौरान ब्राम्बे निवासी समाजसेवी राजीव रंजन राजू कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित अन्य नेताओं ने राजीव रंजन का स्वागत किया।

बेटी की लव लाइफ पर चंकी पांडे ने की बात

बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या पांडे की पर्सनल लाइफ पर बात की है। एक इंटरव्यू में चंकी ने कहा है कि वो अपनी 25 साल की बेटी को कंट्रोल नहीं करते और उन्हें अपने फैसले लेने देते हैं। चंकी ने अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाने के लिए अनन्या की तारीफ की है। एक इंटरव्यू में चंकी से अनन्या के आदित्य रॉय कपूर के साथ रिलेशनशिप को लेकर सवाल किए गए थे। उन्होंने इस बारे में कहा, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। अनन्या 25 साल की हैं और मुझसे ज्यादा पैसे कमा रही हैं। वे जो चाहें कर सकती हैं। मैं कैसे अपनी 25 साल की बेटी को कुछ कहने की हिम्मत कर सकता हूं।

बेटी के इंटिमेट सींस से नहीं परेशानी

चंकी को फिल्मों में अनन्या के इंटिमेट सींस करने से भी कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं इसमें ओके हूं। मैंने हॉलीवुड फिल्मों में भी ऐसे सींस देखे हैं। इसमें कोई नुकसान नहीं है और हमें ये एक्सेप्ट करना पड़ेगा। चंकी से जब पूछा गया कि क्या उनकी बेटियां उनसे सलाह मांगती हैं तो उन्होंने कहा, मेरी दोनों बेटियां अपनी मां भावना के करीब हैं। जब उन्हें किसी चीज की जरूरत होती है तो वो मुझे कॉल कर लेती हैं। उन्हें जब भी मेरी सलाह की जरूरत पड़े, मैं मौजूद रहता हूं। चंकी ने बेटी अनन्या की तारीफ करते हुए कहा, सबसे बड़ा प्राउड मोमेंट वो था जब उसे अपनी पहली फिल्म मिली। मुझे लगता है कि मेकर्स को लगा था कि वो बहुत छोटी है लेकिन जब उसने ऑडिशन दिया तो उसे फिल्म मिल गई। फैमिली प्रेशर की वजह से मैंने उसका एडमिशन न्यूयॉर्क और लॉस एंजिलिस के कॉलेज में कराया था।

डेटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या ने 2016 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था, पिछले साल उन्हें 'ड्रीमगर्ल-2' और खो गए हम कहां जैसी फिल्मों में देखा गया था। इन दिनों वे 'कंट्रोल' और 'शंकरा' जैसी फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं। लव लाइफ की बात करें तो इन दिनों अनन्या आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं। दोनों ने भले ही अभी तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल नहीं किया है पर ये कई मौकों पर साथ नजर आते हैं। यहां तक कि अनन्या ने पिछले साल अपना बर्थडे भी आदित्य रॉय कपूर के साथ मालदीव में मनाया था।

सामंथा ने फहाद फाजिल की आवेशम पर दी प्रतिक्रिया

फहाद फाजिल इस वक्त अपनी हालिया रिलीज फिल्म आवेशम की वजह से चर्चा में हैं। ये फिल्म उन मलयालम फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है, जिन्होंने अपने अनोखेपन के कारण पूरे देश भर में चर्चाएं बटोरी हैं। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में फहाद के अभिनय की काफी सराहना की जा रही है।

फिल्म को पसंद करने वालों की लंबी लिस्ट में मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी जुड़ गई हैं। उन्होंने फिल्म देखने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। 23 अप्रैल को सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, फिल्म आवेशम में हर तरह का पागलपन था, इसमें जिस तरह का पागलपन है वो मुझे काफी पसंद है। यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बनी है। हर दूसरे सीन के साथ फिल्म का जॉनर बदलता रहता है। मैं डरी हुई थी, मैं हंस रही थी।

लोगों को फिल्म देखने की दी सलाह

सामंथा ने आगे कहा, कुछ फिल्में सिनेमाघरों के अनुभवों के लिए ही बनी होती हैं। यह भी एक ऐसी फिल्म है। सामंथा ने लिखा, फहाद फाजिल की फिल्म किसी को भी मिस नहीं करनी चाहिए । इस अविश्वसनीय टीम को बधाई। आप लोग सच में एक अदभुत प्रेरणा हो।

तीन दोस्त और एक माफिया की कहानी है आवेशम

आवेशम तीन नौजवानों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने बेंगलुरू आते हैं। वहां इन तीनों की कुछ सीनियर्स के साथ झड़प हो जाती है। इसका बदला लेने के लिए तीनों एक स्थानीय माफिया की मदद लेते हैं। इसके बाद पूरी कहानी रंगा के साथ इनकी बातचीत के आसपास घूमती रहती है। इस फिल्म का निर्देशन जीतू माधवन ने किया है, जो रोमांचम का निर्देशन भी कर चुके हैं। फिल्म 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



शैतानी रस्में में मेरा किरदार वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण

शैतानी रस्में में निक्की की भूमिका निभाने वाली नकियाह हाजी अपने नए किरदार माया के लिए नया लुक जारी करेंगी। इस लुक को एक्ट्रेस ने गैल गैडोट की वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण करार दिया। एक्ट्रेस ने कहा, शो में मेरे नए किरदार माया के लिए खास लुक है। उनका लुक मॉडर्न और ट्रेडिशनल का मिक्सअप है, जिसमें गैल गैडोट की वंडर वुमन के स्वभाव के साथ काली मां की उग्रता का संयोजन है। नकियाह ने कहा, यह ताकत, रोष और भावना से भरा हुआ है। इस ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरने में मुझे लगभग तीन घंटे लगे, जिसमें बॉडी पेंट लगाना और भारी सामान शामिल था। यह कोई आसान प्रक्रिया नहीं थी, लेकिन मेरे पास एक अद्भुत टीम थी, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए बेहद प्रयास किए कि सब कुछ सही दिखे। अपकमिंग एपिसोड की ओर इशारा करते हुए, नकियाह ने खुलासा किया कि उनके किरदार निक्की में एक बड़ा बदलाव आया है और वह एक नए रूप में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, वह अब एक ऐसी भूमिका निभा रही है जहां वह अपने परिवार की रक्षा करने के लिए कुछ भी कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे एक शेरनी अपने शावक की रक्षा करती है।

किंग में सुहाना खान के साथ नजर आएंगे शाहरुख, ग्रे शेड लिए होगा किरदार

सुहाना खान ने हाल ही में द आर्चीज' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। दर्शकों ने फिल्म को पूरी तरह से नकार दिया। इस असफलता की उम्मीद किसी को नहीं थी। विशेष रूप से सुहाना खान के पिता शाहरुख खान को। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब शाहरुख खान ने स्वयं अपनी बेटी का करियर संवारने की जिम्मेदारी ले ली है। वो सुहाना खान के साथ किंग नामक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म को निर्देशक सुजॉय घोष निर्देशित करेंगे। सुजॉय घोष सिद्धार्थ आनंद की प्रोडक्शन कंपनी मार्फिलक्स पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों के लिए किंग मूवी लेकर आ रहे हैं। खबर के मुताबिक, पहले इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करने वाले थे, लेकिन अब खबर है कि शाहरुख इस फिल्म में बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कई महीनों में शाहरुख खान की इस फिल्म को कई बार लिखा गया, कई बार पॉलिश किया और अब इस फिल्म की स्क्रिप्ट को बदल कर इस तरह लिखा गया है कि शाहरुख अपनी बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। बता दें, फिल्म से जुड़े सूत्रों के हवाले से ये जानकारी भी सामने आई है कि इस फिल्म में शाहरुख खान सुहाना के पिता का रोल नहीं निभाएंगे। इस फिल्म में शाहरुख सुहाना के मेंटर के रूप में नजर आएंगे। मई के महीने में इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। वहीं, शूटिंग अगस्त या सितंबर में शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म किंग में शाहरुख को डॉन के किरदार में देखा जायेगा। उका ये किरदार अनोखा और नया होगा जिसका फैंस इंतजार कर रहे थे। खास बात ये है कि शाहरुख लंबे समय बाद एक बार फिर ग्रे शेड्स में नज़र आने वाले हैं। फिल्म किंग में शाहरुख़ खान एक गुरु के रूप में दिखेंगे और सुहाना उनकी शिष्या। दोनों के बीच कुछ एक्शन के इंटेंस सीन भी दिखाए जायेंगे। इस फिल्म के लिए शाहरुख़ खान ने अपना लुक भी पूरी तरह से बदल लिया है। एक्टर किंग में लंबे बालों वाले हेयरस्टाइल और छोटी दाढ़ी के साथ दिखेंगे। उनका ये ग्रे शेड्स वाला रोल इस लुक पर शानदार लगने वाला है। इसके साथ ही फिल्म में उनका स्वैग सारी कमियों को पूरा करने के लिए काफी होगा।

कपिल शर्मा के शो में हुआ खुलासा, आखिर अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते आमिर

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएंगे। शो के मेकर्स ने बुधवार को नया प्रोमो जारी किया, जिसमें एक्टर को शो के कलाकारों के साथ मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। आमिर को पिछली बार लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आमिर ने कई किस्से भी सुनाए। यह पहली बार है जब आमिर इस शो में नजर आ रहे हैं। वह सीमित जगहों पर ही जाने के लिए जाने जाते हैं। एपिसोड के दौरान, आमिर ने यह खुलासा भी किया कि वह अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती है और इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पीके फिल्म के आइकोनिक रेडियो सीन के बारे में बात की, जहां वह रेलवे ट्रैक पर बिना कपड़ों के दौड़ते हैं। आमिर ने बताया कि वह शो में शॉर्ट्स पहनकर आना चाहते थे लेकिन उनकी टीम ने उन्हें जींस पहनने के लिए कहा। द ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम है।

तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था

एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने खुलासा किया है कि उनकी खास दोस्त तापसी पन्नू और रकुल प्रीत सिंह की शादियों के दौरान उनकी भूमिका सबसे अच्छी थी। तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए। लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था। रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी। इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया। तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था। लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।

डिप्रेशन में खुदकुशी के ख्याल आए, मगर हार नहीं मानी

अध्ययन सुमन ने अपने करियर में राज 2, जश्न, हार्टलेस जैसी कई फिल्मों में काम किया मगर पहली फिल्म की कामयाबी के बाद उनका करियर ही नहीं उनकी निजी जिंदगी भी कई उतार-चढ़ावों से गुजरी। आश्रम जैसी वेब सीरीज से उनकी शानदार वापसी हुई और इन दिनों वे चर्चा में हैं संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी से। इस मुलाकत में वे अपने करियर के मुश्किल दौर, माता-पिता, शादी, दिल टूटने, हीरामंडी, संजय लीला भंसाली, रिचा चड्ढा जैसे कई मुद्दों पर बातें करते हैं।

आपके लिए वो दौर कितना मुश्किल था, जब आप कंगना रनौत के प्रकरण से गुजरे, आप पर ड्रग्ज के आरोप लगे, आपको अनुशासनहीन करार दे दिया गया?

कठिन था वो दौर। मेरे बारे में ये बातें 15 साल पहले कही गई थीं और उसके बाद मैंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ देखा। बस एक बात मेरे मन में पैठ गई कि अगर मुझे अपने बारे में लोगों की धारणा बदलनी है, तो मुझे मेहनत करनी होगी और सक्सेज पाना होगा और आज जब हीरामंडी चर्चा में है, तो लोग मेरे काम के कारण उन पुरानी बातों को भूल चुके हैं। हालांकि बहुत मुश्किल था, जब पहचान होते हुए भी मेरी कोई पहचान नहीं थी। राज 2 के साथ मेरी धमाकेदार शुरुआत हुई, फिर मैंने जश्न की, इनके गाने सुपर हिट हो गए, मगर फिर मुझे काम मिलना बंद हो गया। दस साल तक मैं घर पर बैठा रहा, मुझे लगा, मैं दुनिया में हूं ही क्यों? मुझे खुदकुशी खयाल आने लगे। मैं डिप्रेशन में चला गया। मगर मैं हर दिन आईने में देखकर खुद से यही कहता कि तुझे हार नहीं माननी है। हार न मानने की जिद न मेरे मां-बाप कर पाए, न दोस्त। ये मैंने खुद के लिए किया। मैं रोज जिम जाता था। मैंने डायरेक्शन को आजमाया, गाने बनाने शुरू किए। मेरा गाना प्रकाश झा साहब ने देखा। फिर मुझे आश्रम मिली, दो छोटी फिल्मों में मौका मिला और आज मैं हीरामंडी का हिस्सा हूं। मैं मिस इंडिया दिविता राय के साथ लव स्टोरीज ऑफ नाइंटीज जैसी फिल्म कर रहा हूं। विजय राज के साथ मैंने एक थ्रिलर फिल्म पूरी कई है वहम। एक और फिल्म है इन ट्रैप और इसके अलावा मैं एक बड़ा शो प्रड्यूस भी कर रहा हूं। मैं आज जो कुछ हूं, मेरे अतीत के अनुभवों से हूं।

क्या ये सच है कि हीरामंडी की भूमिका के लिए पहले आप रिजेक्ट हो गए थे?

हां, ये सच है। देखिए, मेरे अभिनय की 15 साल की एक जर्नी रही है और हर एक एक्टर का सपना होता है कि संजय लीला भंसाली के साथ उसे काम करने का मौका मिले। हालांकि मैंने सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा। आश्रम में मेरे किरदार की सफलता के बाद भी मैंने देखा कि इंडस्ट्री मुझे वैसे एक्सेप्ट नहीं कर रही है, जिसे मैं चाहता हूं। कहीं न कहीं अपने काम को लेकर मैं फिर से निराश होना शुरू हो गया था, मगर फिर मुझे ऑडिशन का मौका मिला और मैंने जिन हालात में ऑडिशन किया, उसमें मुझे ये रोल नहीं मिला। दो महीने बाद मुझे दोबारा फोन आया और मैं अचंभित हो गया, जब ये रोल मुझे मिला।

रोल के लिए कोई खास तैयारी की?

मैं इसमें बिगड़ैल नवाब जोरावर अली खान की भूमिका में हूं। ये बहुत ही एरोगेंट और अय्याश टाइप का नवाब है। ये बेहद ग्रे किरदार है, जो अपने अलावा और किसी से प्यार ही नहीं करता। दूसरे किरदारों के साथ उसके डायनेमिक्स काफी अच्छे हैं। लज्जो बनी रिचा चड्ढा को जोरावर से मोहब्बत होती है। यह एक बेहद दमदार किरदार है। इस रोल को करते हुए नुक्ते लगाना, उर्दू बोलना बहुत जरूरी था। आप बॉडी बनाओ या खुद को ट्रांसफॉर्म करो या फिर कितनी भी तैयारी क्यों न करो, आप जैसे ही सेट पर जाओगे सर (संजय लीला भंसाली) सब कुछ बदल देंगे। सेट पर वे एक सीन को चार अलग-अलग तरह से शूट करते हैं। सर आपको एक से दस के बीच ले जाते हैं, मगर दस से बारह तक आपको जाना होता है। वे दस के बाद आपको खुला मैदान दे देते हैं कि एक अभिनेता उसे अपने अंदाज में जी सके।

ऋचा चड्ढा का साथ कैसा रहा?

वे बेहद कमाल की अदाकारा हैं। बेहद सिक्योर और जमीन से जुड़ी अभिनेत्री हैं। पहले दिन की शूटिंग के बाद रात को दो बजे मुझे उनका वॉइस नोट आया। उन्होंने बहुत सारी बातें कीं और बोलीं कि तुम बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता हो, जबकि दुनिया ने तुम्हारे बारे में कुछ अलग ही बातें फैला रखी हैं और मुझे खुद पर गुस्सा आ रहा है कि कुछ हद तक मैंने भी उन बातों। पर विश्वास किया था, मगर तुमने उन सारी बातों को गलत साबित किया। बस इसी तरह मेहनत करते रहो। तुम एक प्योर आर्टिस्ट हो। उनका ये वॉइस नोट मेरे लिए बहुत बड़ी बात रही।

आप अपना सोशल मीडिया कैसे हैंडल करते हैं?

अब एक टीम रखी है, जो मेरा सोशल मीडिया हैंडल करती है। मगर मैं समझता हूं कि सोशल मीडिया सही रीजन के लिए होना चाहिए। सोशल मीडिया ये तय नहीं करता कि आप अच्छे एक्टर हैं। ये कनेक्टिविटी के लिए होता है। ट्रोल्स की मैं ज्यादा चिंता नहीं करता। मुझे लगता है, जो लोग बेरोजगार हैं, वही यहां इस तरह की बातें करते हैं। मैंने सुना है कि एलन मस्क नए ट्वीट करने वालों से ट्वीट करने के पैसे लेने वाले हैं। मैं सोचता हूं कि तब इन बेरोजगारों का क्या होगा?

भारत आ रहे जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से किया हमला

वाशिंगटन। शनिवार को लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर हमला बोला है। भारत आ रहे जहाज पर उन्होंने मिसाइल दागी जिससे जहाज को काफी नुकसान हुआ है। विद्रोहियों ने ही बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। वे लाल सागर और अदन की खाड़ी के इलाके से गुजरने वाले जहाजों पर बीते कई महीनों से हमले कर रहे हैं। ब्रिटेन की मेरीटाइम सिक्योरिटी फर्म एंब्रे ने बताया है कि हमले के चलते जहाज को नुकसान हुआ है। एंब्रे ने बताया कि जिस जहाज पर हमला हुआ, उस पर पनामा का झंडा लगा है, लेकिन जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश कंपनी के पास है। हालांकि कहा जा रहा है कि इस जहाज को बीते दिनों बेच दिया गया था और अब सेशेल्स की कंपनी के पास इस जहाज का स्वामित्व है। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह ऑयल टैंकर है और रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार आ रहा था। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने के लिए ही अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने बीते दिनों यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले भी किए थे। हालांकि इसके बावजूद हूती विद्रोहियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। भारत ने भी अरब सागर और अदन की खाड़ी में अपनी नौसेना को तैनात किया हुआ है और युद्धक जहाजों से निगरानी भी बढ़ाई है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही इस्राइल हमास युद्ध के बाद से ही लाल सागर और अदन की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोही फलस्तीन के समर्थन में ऐसा कर रहे हैं और पहले हूती विद्रोहियों के निशाने पर इस्राइल से संबंधित जहाज ही होते थे, लेकिन बीते काफी दिनों से अन्य देशों के जहाजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इसके चलते कई शिपिंग कंपनियों ने अपने जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका के लंबे रूट से भेजा जा रहा है। इससे माल की ढुलाई की लागत बढ़ गई है और वैश्विक स्तर पर महंगाई भी बढ़ी है।

सिर न ढंकने वाली महिलाओं को मिलेगी 10 साल की जेल 100 कोड़े की सजा, यूएन ने जताई चिंता

जिनेवा। ईरान में सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर कई महिलाओं और लड़कियों को हिरासत में लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र अधिकार अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने ईरान के उस मसौदा कानून की आलोचना व्यक्त की, जिसके तहत सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर 10 साल की जेल की सजा के साथ कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। तुर्क ने तेहरान से लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को दूर करने का आह्वान किया। तुर्क ने रैपर तुमाज सालेही को मौत की सजा दिए जाने की भी आलोचना की जो 2022 के प्रदर्शनों के दौरान प्रमुख चेहरा थे। तुर्क के कार्यालय के अनुसार, कुर्द महिला महसा अमिनी की हिरासत में मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों में भूमिका के लिए नौ लोगों को फांसी दी गई है। अमिनी को मोरेलिटी पुलिस ने अपना सिर ठीक से नहीं ढकने के कारण हिरासत में लिया था।

पीएमएल–एन के अध्यक्ष बनेंगे नवाज शरीफ?

लाहौर। पीएमएल–एन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी नेताओं की 11 मई को होने जा रही बैठक में 74 वर्षीय नवाज अध्यक्ष चुने जाएंगे। 2017 में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री के रूप में और पार्टी अध्यक्ष के रूप में अयोग्य करार दिया था। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ का अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज का अध्यक्ष बनना लगभग तय है। सात वर्ष पहले देश के सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य करार दिया था। विदेश में जमा गैरकानूनी धन के बारे पनामा पेपर्स रहस्योद्घाटन से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुनाया था। पीएमएल–एन के पंजाब अध्यक्ष राणा सनाउल्ला ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नवाज शरीफ को फिर से पार्टी अध्यक्ष बनाने का फैसला पार्टी नेताओं की एक बैठक में लिया गया।

कैंसर से जूझ रहे पिता और भाभी से मिलना चाहते थे प्रिंस हैरी, पर फिर अटका दौरा, जानें क्या है वजह

लंदन। ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्यों की सेहत कुछ ठीक नहीं है। राजकुमारी केट मिडलटन बता चुकी हैं कि उन्हें कैंसर है, उधर किंग चार्ल्स भी कैंसर से जूझ रहे हैं। इन सबके बीच, अटकलें लगाई जा रही थीं कि राजकुमार हैरी अपने पिता से मिलने के लिए ब्रिटेन आ सकते हैं। वहीं, इनविक्टस गेम्स समारोह का हिस्सा बनने की भी चर्चा थी। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। मीडिया रिपोर्ट में कुछ सूत्रों के हवाले से कहा गया कि जब भी हैरी ब्रिटेन जाते हैं, तो उनकी यात्राएं हमेशा इस बात पर निर्भर करती हैं कि वह कितनी सुरक्षित है। इसलिए इनविक्टस गेम्स समारोह में भाग लेना है या नहीं यह तय करने से पहले उनकी सुरक्षा टीम को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेंट पॉल को मेट्रोपॉलिटन पुलिस द्वारा पर्याप्त रूप से संरक्षित किया गया है या नहीं। इसके साथ ही टीम को यह भी देखना होगा कि जब प्रिस हैरी लंदन में हों तब उनकी सुरक्षा में कोई कमी न रहे। सूत्रों ने यह भी दावा किया, हैरी अपने परिवार के साथ ब्रिटेन में अधिक समय बिताना चाहते हैं। पर उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हों तो उनके पास कोई रास्ता नहीं बचता है कि वह ऐसा कर सकें। एक अंदरूनी सूत्र का कहना है कि प्रिंस हैरी यात्रा के रद्द करने को लेकर दुखी हैं। क्योंकि उन्होंने केवल अपनी सुरक्षा के के लिए नहीं बल्कि परिवार, जनता और अपने अधिकारियों की सुरक्षा के लिए अनुरोध किया था। राजा चार्ल्स और केट मिडलटन के कैंसर होने के साथ–साथ राजकुमार हैरी के लिए बढ़ते कानूनी संकटों के बीच, रिपोर्ट से पता चलता है कि वह अपनी यात्रा को सुरक्षा कारणों के चलते रद्द करने पर विचार कर रहे हैं।

पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे ने कार्डिनल रंजीत के आरोप खारिज किए

कोलंबो। श्रीलंकाई पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने वर्ष 2019 में 'ईस्टर संडे' पर हुए आतंकी हमले की जांच को लेकर अपने खिलाफ लगाए गए देश के कैथोलिक चर्च के प्रमुख कार्डिनल मैलकॉम रंजीत के आरोपों को खारिज कर दिया। श्रीलंका में 21 अप्रैल, 2019 को 11 भारतीयों सहित 270 लोग मारे गए थे, जब आतंकी संगठन 'आईएसआईएस' से जुड़े स्थानीय इस्लामी चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) के नौ आत्मघाती हमलावरों ने तीन कैथोलिक चर्च और कई आलीशान होटल में सिलसिलेवार विस्फोट को अंजाम दिया था। 74 वर्षीय राजपक्षे ने कहा कि 'ईस्टर संडे' पर हमले इस्लामी चरमपंथियों के एक समूह द्वारा किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि, ''तत्कालीन सरकार की सर्वोच्च जांच शाखा सीआईडी हमलों से पहले कई महीनों तक उन्हीं व्यक्तियों और समूहों की गतिविधियों की जांच कर रही थी जिन्होंने आत्मघाती बम विस्फोट किए थे, लेकिन वह आतंकवादियों को हमले से पहले पकड़ने में विफल रही।''

मैक्सिको में फलावर व गार्डन फैस्टीवल के दौरान ही पर्यटक फूलों से सजाये इलाके की तस्वीरें लेते हुए।

भगत सिंह के नाम पर लाहौर हाई कोर्ट ने मांगा समय

लाहौर। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने लाहौर में शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के लिए लाहौर हाई कोर्ट से समय मांगा। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार के सहायक एडवोकेट जनरल इमरान खान ने अदालत से कहा कि शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने की अधिसूचना जारी करने के लिए सरकार को और समय दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील खालिद जमा कक्कड़ ने दलील दी कि इस मामले में पहले ही काफी देरी हो चुकी है। कोर्ट ने सरकार के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और सुनवाई सात जून तक के लिए स्थगित कर दी। हाई कोर्ट के जस्टिस शम्स महमूद मिर्जा भगत सिंहमेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में भगत सिंह के नाम पर शादमान चौक का नाम रखने के बारे में अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकारों के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। 2018 में हाई कोर्ट ने सरकार को लाहौर में शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने का आदेश दिया था। इस मामले में पहले ही काफी देरी हो चुकी है।

चीन की मदद से बना एयरपोर्ट, श्रीलंका ने भारत और रुस को सौंपा

– 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर हुए खर्च, सुनसान हवाई अड्डे में होती थी गिनती

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका सरकार ने चीन को ठेंगा दिखा दिया है जो उसके आसपास के छोटे देशों पर दादागीरी जमाना चाहता है। श्रीलंका ने हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को दी गई है। श्रीलंका के इस फैसले से चीन को जोरदार झटका लगना लाजमी है।

श्रीलंका के सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने 9 जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। इसके बाद 5 प्रस्ताव पास किए गए थे। श्रीलंका कैबिनेट की ओर से नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 सालों के लिए मैनेजमेंट की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मटाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है। एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा कहा जाता था। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे ने एक दशक के शासनकाल में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की जिनमें से यह एक है।

बता दें कि इस प्रोजेक्ट के लिए चीन ने उच्च ब्याज दर पर श्रीलंका को कॉमर्शियल लोन दिया। इस परियोजना पर 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च हुए जिनमें से 19 करोड़ डॉलर की राशि चीन की एग्जिम बैंक ने उच्च ब्याज दर पर मुहैया कराई। श्रीलंका सरकार 2016 से ही इस हवाई अड्डे के प्रबंधन के लिए वाणिज्यिक साझेदार की तलाश कर रही थी क्योंकि उसे इससे भारी नुकसान हो रहा था। यहां यात्रियों की संख्या कम होने से उड़ानों की संख्या भी कम हो गई थी। साथ ये एयरपोर्ट पर्यावरण के लिहाज से भी काफी संवेदनशील था। लगातार घाटे के चलते एयरपोर्ट के निर्माण पर सवाल उठने लगे थे। एक्सपर्ट का कहना था कि इस एयरपोर्ट का निर्माण करवाकर चीन ने श्रीलंका को एक और कर्ज जाल में फंसा लिया है। अब देखना होगा कि भारत और रूस की कंपनियों को मैनेजमेंट की जिम्मेदारी मिलने से क्या बदलाव आते हैं। चीन तो इस फैसले से नाराज तो होगा।

यूके के किंग चार्ल्स तृतीय सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने को तैयार

–छह मई को किंग के राज्याभिषेक की पहली सालगिरह मनाई जाएगी

बकिंघम (एजेंसी)। यूके के किंग चार्ल्स तृतीय जल्द ही अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार हैं। इस साल चिकित्सा विशेषज्ञों को किंग चार्ल्स तृतीय की बीमारी कैंसर का पता चला था, जिसके बाद उनकी देखभाल शुरु कर दी गई थी अब उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार से डॉक्टर भी काफी खुश थे। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

बकिंघम पैलेस ने बयान में कहा, किसी भी स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए आगे के सार्वजनिक जिम्मेदारियों वाले कार्यक्रमों को प्रबंधित किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया, कैंसर के उपचार और स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद किंग चार्ल्स जल्द ही सार्वजनिक जिम्मेदारियों में लौट आएंगे। 75 वर्षीय किंग चार्ल्स आने वाले मंगलवार को अपनी पत्नी क्वीन कैमिला के साथ लंदन के एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे। जहां वे चिकित्सा विशेषज्ञों और रोगियों से मुलाकात करेंगे। किंग की बाहरी गतिविधियों में यह पहली यात्रा होगी। किंग की मेडिकल टीम उनके लगातार ठीक होने को लेकर काफी खुश है।

छह मई को किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की पहली सालगिरह मानी जाएगी। पैलेस ने बयान में बताया कि शाही परिवार पिछले साल की खुशियों के लिए दुनियाभर से मिली ढेरों शुभकानाओं के लिए आभारी है। बकिंघम पैलेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि किंग चार्ल्स का उपचार जारी रहेगा। किंग अब कई सार्वजनिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए फिर से तैयार हैं। किंग के निरंतर स्वास्थ्य में सुधार के लिए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए जहां जरूरी होगा, आगामी गतिविधियों को प्रबंधित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किंग निरंतर देखभाल के लिए मेडिकल टीम के बहुत आभारी हैं।

गिरफ्तारी के डर से श्रीलंका नहीं गए ईरानी गृह मंत्री अहमद वाहिदी

कोलंबो (एजेंसी)। ईरानी राष्ट्रपति जब पाकिस्तान के दौरे पर थे, तब उनके साथ पूरी टीम थी। टीम में ईरानी गृह मंत्री भी थे। लेकिन ईरान के राष्ट्रपति पाकिस्तान का दौरा खत्म करके श्रीलंका पहुंचे तब वहां गृह मंत्री दिखाइ नहीं दिया। जिसके बाद चर्चाएं तेज हैं कि आखिर ईरानी गृह मंत्री अचानक पाकिस्तान से कहां गायब हो गए। इसका जवाब ये हैं कि वे श्रीलंका गए ही नहीं बल्कि पाकिस्तान से ही वापस लौट गए। चर्चा हैं कि उनकी गिरफ्तारी श्रीलंका में हो सकती थी। इसलिए उन्होंने पाकिस्तान से ही वापस ईरान लौटने का फैसला किया। अहमद वाहिदी पर अर्जेंटीना ने ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सामुदायिक केंद्र पर 1994 के हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था, जिसमें 85 लोग मारे गए थे। इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी कर दुनिया भर की पुलिस एजेंसियों से वाहिदी को हिरासत में लेने का अनुरोध किया था और अर्जेंटीना ने पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों से वाहिदी को गिरफ्तार करने के लिए कहा था। इसके बाद अब ईरानी मंत्री को रायसी के साथ नहीं देखा गया, तब इसकी चर्चा तेज हो गई। रईसी ईरान समर्थित बिजली और सिंचाई परियोजना का उद्घाटन करने के लिए श्रीलंका पहुंचे थे। ईरान की मीडिया ने बताया कि वाहिदी ईरान वापस आ गए, जहां उन्होंने एक नए प्रांतीय गवर्नर को शामिल करने के लिए एक समारोह में भाग लिया। श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि आंतरिक मंत्री को ईरानी प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया था।

चीन यात्रा से लौटे अमेरिकी विदेश मंत्री... बाइडेन के संदेश को फिर शी से दोहाराया

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन के संदेश को दोहराया, जो उन्होंने पिछले साल नवंबर में शिखर सम्मेलन के दौरान दिया था। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में दखल न देने का आग्रह किया था।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का तीन दिवसीय चीन दौरा संपन्न हो चुका है। साथ ही ब्लिंकन ने कहा कि उनके देश ने आगामी अमेरिकी चुनावों को प्रभावित करने और हस्तक्षेप करने के चीनी प्रयासों के सबूत दिखाएं हैं, जबकि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहले ऐसा न करने की प्रतिबद्धता जताई थी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ब्लिंकन ने एक इंटरव्यू में अपनी चीन यात्रा पर बात की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के संदेश को दोहराया, जो उन्होंने पिछले साल अपने शिखर सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग को दिया था। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में दखल न देने का आग्रह किया था। इसके बाद चीन ने ऐसा न करने का वादा किया था।

यह पूछने पर कि क्या चीन अब तक ने अपनी प्रतिबद्धता का उल्लंघन किया है, ब्लिंकन ने कहा, हमने चुनाव को प्रभावित करने और दखल देने के प्रयासों के सबूत देखे हैं और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस जल्द से जल्द खत्म किया जाए। उन्होंने कहा, हम चीन का हमारे चुनाव में दखल देख रहे हैं और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। ब्लिंकन ने कहा कि चीन को उन्नत कंप्यूटिंग चिप्स भेजने पर रोक लगाने का मकसद चीन की अर्थव्यवस्था या तकनीकी विकास को रोकना नहीं है। अमेरिकी सरकार ने 2022 से चीन को कुछ कंप्यूटिंग चिप्स के निर्यात पर रोक लगा दी है, इसमें एनवीडिया, एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेस और इंटेल जैसी कंपनियों की बिक्री प्रभावित हुई है। इस कदम ने हुआवेई टेक्नोलॉजीज को चिप शिपमेंट पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका ने इंटेल और क्वालकॉम को हुआवेई को चिप्स बेचने की अनुमति दी है।

चीन से मिली हंगोर क्लास पनडुब्बी पर इतरा रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद (एजेंसी)। चीन ने पाकिस्तानी नौसेना के लिए बनाई जाने वाली पहली हंगोर क्लास पनडुब्बी को लांच किया है। इस लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन चीन के वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआईजी) के शुआंगलियू बेस पर हुआ। कार्यक्रम में पाकिस्तानी नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। यह डेवलपमेंट पाकिस्तान और चीन के बीच हुए एक समझौते के तहत हुआ है, जिसमें बीजिंग ने इस्लामाबाद को आठ अत्याधुनिक उन्नत पनडुब्बियां प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की है।कुल आठ पनडुब्बियों में से चार का निर्माण चीन के द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत पाकिस्तान में कराची शिपयॉर्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स में हो रहा है। उन्नत स्टील्थ विशेषताओं वाली पनडुब्बियों को कई तरह के खतरे वाले वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है और लंबी दूरी पर लक्ष्य पर हमला किया जा सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम सीएनएस अशरफ ने मौजूदा भू-रणनीतिक वातावरण के तहत समुद्री सुरक्षा के महत्व और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के नौसेना के संकल्प पर जोर दिया। नौसेना प्रमुख ने जोर दिया कि हंगोर-क्लास एस/एम परियोजना पाक-चीन मित्रता में एक नया आयाम जोड़ेगी और दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को प्रदर्शित करेगी। पाकिस्तान के चीन के साथ घनिष्ठ सैन्य संबंध हैं, और उनके द्विपक्षीय संबंधों में इस्लामाबाद द्वारा बीजिंग से विभिन्न हथियारों के आयात का प्रावधान है। पिछले साल, पीएन ने दो नवनिर्मित चीनी टाइप 054 ए/पी फ्रिगेट को शामिल किया था। दोनों देशों ने 2018 में चार बहुउद्देश्यीय युद्धपोतों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। पहला और दूसरा जहाज पीएनएस तुगरिल और पीएनएस तैमूर 2022 में पीएन बेड़े में शामिल हुए।

चीन के द्वारा तैयार हंगोर क्लास पनडुब्बी कई तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है। इसमें कई तरह के अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं, जो विभिन्न खतरों का सामना कर सकते है। हंगोर क्लास सबमरीन चीन की टाइप 039ए/041 युआन क्लास का ही एक्सपोर्ट वेरिएंट है। पहली चार पनडुब्बियां 2023 तक वितरित की जानी थीं, और अंतिम चार (केएसईडब्ल्यू से) 2028 तक आनी थीं। पाकिस्?तान ने सबमरीन के बारे में ज्यादातर जानकारी को सीक्रेट रखा है। बताया जा रहा है कि यह पनडुब्बी 76 मीटर लंबी होगी। हालांकि हंगोर क्लास की डिजाइन विशेषताओं के बारे में कोई जानकारी कभी सामने नहीं आई, लेकिन ऐसा माना जाता है कि पनडुब्बी का डिजाइन संभवतः एस 26 पर आधारित है, जो सीएसओसी द्वारा विकसित एक एक्सपोर्ट वेरिएंट डिजाइन है जो टाइप 039ए/041 पनडुब्बी पर आधारित है। एस26 को 2013 में चीन शिपबिल्डिंग ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (सीएसएससी) द्वारा अनावरण किए गए एस20 डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी डिजाइन का एआईपी तकनीक से लैस वेरिएंट माना जाता है। पाकिस्तानी नौसेना के अलावा, रॉयल थाई नेवी (आरटीएन) ने 2017 में एस26 (स्थानीय रूप से एस26टी के रूप में नामित) के तीन पनडुब्बियों का भी ऑर्डर दिया है। अनुमान लगाया गया है कि हंगोर-क्लास में छह 533 मिमी टारपीडो ट्यूब से लैंस होगी। युआन-क्लास के हथियारों के समान, हंगोर क्लास पनडुब्बियां हेवीवेट टॉरपीडो और एंटी-शिप मिसाइलों (एएसएचएम) दोनों को लॉन्च करने में सक्षम होंगी। दो आयुधों में से, यह माना जाता है कि पनडुब्बी चीनी मूल के यू-6 हेवीवेट टॉरपीडो या सीएम-708यूएनबी एंटी-शिप मिसाइल (एएसएचएम) ले जाएगी। इन दो के अलावा, आठ पनडुब्बियों में पाकिस्तान द्वारा विकसित परमाणु हमला करने में सक्षम बाबर-3 पनडुब्बी-प्रक्षेपित क्रूज़ मिसाइल (एसएलसीएम) ले जाने की भी व्यापक रूप से उम्मीद की जाती है, जो 450 किमी की सीमा को कवर करने में सक्षम है।

दिल्ली सरकार की लोगों से अपील... जरुरत पड़ने पर घर से निकले

नई दिल्ली ।दिल्ली में अभी लू से राहत है,लेकिन दोपहर में तेज धूप निकलने से गर्मी पसीने छुड़ा रही है।यह देखकर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने एक दिशा-निर्देश जारी करके लोगों को सावधान किया है।स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लोगों को तेज धूप में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि तेज धूप में अधिक देर तक बाहर रहने से लू लगने की आशंका है।इस स्थिति में लोगों को कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, घबराहट, सांस व धड़कन तेज होने की समस्या होती है।इसी वजह से दोपहर में गर्मी अधिक होने पर बाहर न निकले और अधिक देर तक धूप में रहने से बचा जाना चाहिए। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने से पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है।यदि प्यास न लगी हो तब भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी जरुर पिएं। घर से बाहर जाते समय पानी की बोतल जरुर ले जाए।नींबू पानी और छाछ का सेवन जरुर करें।इससे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती।इसके साथ ही आप मौसमी फलों का सेवन कर सकते है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, खीरा व ककड़ी का सेवन अधिक करें। क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है।इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि धूप में बाहर जाते समय काले और ज्यादा गहरे रंग के कपड़े पहनने से परहेज करना चाहिए।दोपहर में निकलते समय सिर को छाता, टोपी या गमछे से ढंक कर रखना चाहिए।अगर घर पर कमरे में तापमान अधिक हो तब भी बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी हो सकती है।कमरे को ठंडा जरुर रखें।वहीं चाय, कॉफी, शराब व कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक का सेवन नहीं करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने नामों को शार्टलिस्ट करने के लिए अपनाई प्रक्रिया का विवरण मांग

नई दिल्ली ।सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट रजिस्ट्री से पदोन्नति श्रेणी के तहत राज्य में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए वरिष्ठ सिविल न्यायाधीशों के नामों को शार्टलिस्ट करने के लिए अपनाई प्रक्रिया का विवरण प्रदान करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 28 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का समय दिया।अब याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने गुजरात हाई कोर्ट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरी से अपनाई गई चयन प्रक्रिया का विवरण उपलब्ध करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पूछा कि पदोन्नति के लिए न्यायिक अधिकारियों के नाम कैसे तय किए गए।शीर्ष अदालत वरिष्ठ सिविल जज कैडर अधिकारियों, रविकुमार मेहता और सचिन प्रतापराय की याचिका पर सुनवाई कर रही है।इसमें जिला न्यायाधीशों के उच्च कैडर में 68 न्यायिक अधिकारियों के चयन को चुनौती दी गई है।इसके पहले, शीर्ष अदालत ने पदोन्नति को गुजरात राज्य न्यायिक सेवा नियम 2005 का उल्लंघन मानकर सूरत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हंसमुख भाई वर्मा सहित गुजरात के 68 लोअर न्यायिक अधिकारियों के पदोन्नति पर रोक लगा दी थी।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्मा ने ही मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया था।

देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली ।देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल के द्वारा दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं।यह ई-मेल मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई, जिसमें बाद में ये धमकी अफवाह निकली।बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, इसके बाद हडकंप मच गया।हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था।इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया।साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

असम में हाथी का आंतक...दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत

तेजपुर ।असम के सोनितपुर जिले में एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हुई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि? वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया।उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति दिबाकर मालाकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाथी को वापस जंगल में धकेलने के प्रयास जारी हैं।

हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान चोटिल हुई ममता

दुर्गापुर ।बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को चोट लगने की खबर सामने आई है। शनिवार को पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में अपने हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान एक हादसे में ममता को चोट लगी।हेलीकॉप्टर में चढ़ने के बाद सीट लेते समय सीएम ममता फिसल कर गिर गईं।कथित तौर पर ममता को मामूली चोट लगी। हालांकि उन्होंने आसनसोल की अपनी आगामी यात्रा जारी रखी। बताया जा रहा है कि ममता जब हेलीकॉप्टर में चढ़ रहीं थी, तभी वे सीट के पास पहुंचते ही गिर पड़ीं। उन्हें गिरता देख उनके पास मौजूद सुरक्षाकर्मी ने उन्हें संभाला और उठाकर सीट पर बैठा दिया।

डोडीताल में मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट खुलेंगे, नाग देवता के आदेश पर पहुंचीं देव डोलियां

उत्तरकाशी ।समुद्रतल से करीब 12 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित डोडीताल में मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट आज विधि विधान के साथ सुबह 6 बजे खोल दिए जाएंगे।कपाट खोलने की प्रक्रिया के लिए केलशू घाटी के विभिन्न गांवों की देव डोलियां बृहस्पतिवार शाम को ही अगोड़ा गांव पहुंच गई थीं। शुक्रवार दोपहर अगोड़ा के नाग देवता के आदेश पर देव डोलियां सहित पांडव पश्वा और ग्रामीण डोडीताल के लिए रवाना हुए और देर शाम डोडीताल पहुंच गए। आज सुबह डोडीताल स्थित झील में सभी देव डोलियां, पांडव पश्वा और श्रद्धालु स्नान करेंगे। इसके बाद विशेष पूजा अर्चना के बाद मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट छह माह के लिए श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर के मुख्य पुरोहित राधेश्याम खंडूड़ी ने बताया कि इस अवसर पर डोडीताल में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।मां अन्नपूर्णा की साधना करने से धन संपत्ति, संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है।डोडीताल को गणेश जन्मभूमि भी कहा जाता है इसलिए मां अन्नपूर्णा के साथ यहां पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना भी 6 माह तक होती है।

वाड्रा बोले- धर्म के नाम पर जो राजनीति कर रहे हैं वो गलत हैं

ऋषिकेश ।प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए।आरती के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि ऋषिकेश पहुंचकर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त होने से आध्यात्मिक शांति का अनुभव हुआ है।वाड्रा ने कहा कि धर्म के नाम पर जो राजनीति कर रहे हैं वह गलत है।धर्म और राजनीति को अलग-अलग रख जाना चाहिए।भाजपा शासनकाल में आम नागरिकों के असल मुद्दों पर बात नहीं की जाती है।लोगों में डर फैलाना भाजपा के सरकार चलाने का तरीका है। भाजपा चुनाव के दौरान वादे करती है और फिर कोई काम नहीं करती है।रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि पहले चरण का चुनाव कांग्रेस के पक्ष में गया है।अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि पूरे देश की पुकार है कि मैं सक्रिय राजनीति में आऊं।मैं देश के लोगों के लिए हमेशा ही निकलता हूं।लोगों के बीच में रहता हूं और समाज के लिए काम करता हूं।मैने 1999 से अमेठी में प्रचार किया और 2004 में भारी बहुमत से सोनिया गांधी को विजयी बनाया है।इस दौरान राजपाल सिंह खरोला, जयेंद्र रमोला, मोहित उनियाल आदि भी उनके साथ थे।

भाजपा संविधान बदलकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है : प्रियंका गांधी

वलसाड (एजेंसी)। गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी के प्रचार में पहुंची कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर प्रहार किए। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग कई खतरनाक बात कर रहे हैं। वह कहते हैं संविधान बदल देंगे। जिस संविधान से अधिकार मिला है उसे बदलने का क्या मतलब है? दरअसल ये लोग संविधान बदलकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। दक्षिण गुजरात के वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनंत पटेल के समर्थन में धरमपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान। चुनाव के समय बहुत सारी बातें हो रही हैं और मैं भी अपने मन की बात रखने आपके समक्ष आई हूं। आप सभी भले ही मुझसे दूर बैठे हों, परंतु मेरे दिल के करीब हैं। करीब इसलिए हैं क्योंकि आप ही इस देश की महान जनता हैं। आप ने ही इस देश को अपने खून-पसीने से बनाया है और इस जमीन को सींचा है। प्रत्येक आंदोलन के वक्त आदिवासी समाज आगे आया है। आजादी की लड़ाई में भी आदिवासी समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। देश की मौजूदा परिस्थित को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी इस कदर बढ़ गई है कि सामने मुश्किल ही मुश्किल नजर आ रही है। आज देश की सामान्य जनता के लिए जीना मुहाल हो गया है। खासकर आदिवासी समाज के लिए। आदिवासी समाज के लिए जल, जंगल और जमीन एक संस्कृति है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी दादी इंदिराजी हमेशा कहा करती थी कि उनके हृदय में सबसे अधिक आदर आदिवासी संस्कृति के लिए है। वह इसलिए कि आदिवासी समाज ने जल, जमीन, जंगल प्रकृति के नियमो का आदर कर जीवन के नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने के बाद बने संविधान के जरिए सभी समान अधिकार मिला। इसी संविधान ने जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिया है। मतदान का अधिकार दिया है। कांग्रेस की महासचिव ने कहा कि आप ने सुना होगा कि भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। लेकिन मोदी मंच पर आते हैं तो कहते हैं कि ऐसी कोई मंशा नहीं है। सच यह है कि मोदी जो करना चाहते हैं उसे छोटे-बड़े नेताओं बुलवा देते हैं और बाद में इंकार भी करते हैं। लेकिन सत्ता पर आते ही वही करते हैं जिसे वह पहले इंकार चुके हैं। भाजपा के नेता संविधान बदलने की कितनी खतरनाक बात कर रहे हैं। इसका मतलब साप है कि वह लोकतंत्र और देश की जनता को कमजोर करना चाहते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीते 10 साल में आप के अधिकारों को मजबूत करने का कोई काम नहीं किया। केवल और केवल आपको कमजोर करने का ही काम किया है। इतना ही नहीं लोकतंत्र को बचाने वाली संस्थाओं को भी कमजोर किया है।

गर्मी बढ़ी... उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की 31 घटनाएं

देहरादून ।गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर जंगलों में आग लगने की 31 घटनाएं सामने आईं, इसमें दो व्यक्ति झुलस गए।इस बीच, रूद्रप्रयाग में जंगलों में आग लगाते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

वन विभाग ने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कुमाउं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं हुईं, जिसमें 33.34 हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ।इन घटनाओं में 39,440 रुपये की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।पिछले साल एक नवंबर से अब तक प्रदेश में जंगल में आग लगने की कुल 575 घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें 689.89 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ और 14,41,771 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ।उधर, रूद्रप्रयाग के जखोली में दो अलग-अलग वन क्षेत्रों में कथित रूप से आग लगाते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि जखोली के तड़ियाल गांव के भेड़पालक नरेश भट्ट को जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा लिया गया, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बकरियों को चराने के लिए नयी घास उगाने के लिए उसने जंगल में आग लगायी।दूसरी ओर, उत्तरी जखोली के डंगवाल गांव में हेमंत सिंह एवं भगवती लाल नामक व्यक्तियों को जंगल में आग लगाते हुए पकड़ लिया गया। वन अधिकारी ने बताया कि जंगल में आग लगाने में शामिल अपराधियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

पहले दो चरण में विपक्ष का सूपड़ा साफ, मतदाताओं ने भाजपा को दिया आशीर्वाद : अमित शाह

राजकोट (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले दो चरण के वोटिंग को लेकर आज बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पहले दो चरणों में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है और मतदाताओं ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है। पोरबंदर से भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में अमित शाह ने जामकंडोरणा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भारत माता के जयकारे के साथ अमित शाह अपने भाषण की शुरुआत की और अबकी बार 400 का नारा बुलंद किया। अमित शाह ने कहा फिर एक बार नरेन्द्र मोदी को प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाएंगे। पीएम मोदी के कार्यों को एक हजार से भी अधिक सालों तक याद रखा जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह को मौनी बाबा करा दिया और पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते अमित शाह ने केन्द्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार आने के बाद पाकिस्तान थर थर कांप रहा है। हमने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया है। अमित शाह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खडगे कहते हैं कि राजस्थान और गुजरात के लोगों को कश्मीर से क्या लेना देना? खडगे साहब की उम्र 80 के पार हो गई है और आप अब तक देश को पहचान नहीं पाए। जबकि मेरे जामकंडोरणा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों के भीतर देश का अर्थतंत्र मजबूत हुआ है और आनेवाले समय में भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वोटबैंक की लालच में कांग्रेस ने दशकों तक अयोध्या के मुद्दे को लटकाए रखा। लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। कांग्रेस की बदइंतजामी के कारण दशकों तक सौराष्ट्र जलसंकट से जूझता रहा, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद सौराष्ट्र का जलसंकट खत्म हो गया है। भाजपा की सरकार ने सौनी योजना के जरिए जलापूर्ति सूनिश्चित की है। सौराष्ट्र ही नहीं भाजपा सरकार ने कच्छ तक पानी पहुंचा दिया है। मोदी के शासन में राज्य खासकर तटीय इलाकों में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सौराष्ट्र में खेती, उद्योग और व्यापार का काफी विकास हुआ है। अमित शाह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि दो चरणों में हुए मतदान में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है। मतदाताओं का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि नरेन्द् मोदी को तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। पीएम मोदी ने गुजरात समेत पूरे भारत का नाम दुनियाभर में रौशन किया है।

एनआई के एक्शन से... कनाडा और ब्रिटेन में खालिस्तानियों की नींद उड़ी

-तिरंगे का अपमान करने वाला इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने खालिस्तानियों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया हैं कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही खालिस्तान समर्थकों की रुह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। याद होगा कि पिछले साल मार्च में 50 खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। तब खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इससे ब्रिटेन और कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है।

एनआईए ने बताया कि हाउंस्लो के निवासी गाबा को खालिस्तान समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और 19 मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून 2023 में ब्रिटेन के अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन 18 मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी। सिंह वर्तमान में असम की एक उच्च सुरक्षा जेल में बंद हैं। एनआईए ने कहा कि एक बड़ी सफलता में एनआईए ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित 2023 के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने कहा कि गाबा को 22 मार्च, 2023 के विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गिरफ्तार किया गया। हालाँकि, एजेंसी ने यह नहीं बताया कि गाबा को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था या उसके यहाँ आने का उद्देश्य क्या था। एजेंसी ने हमले में उसकी सटीक भूमिका या खालिस्तानी समर्थक नेताओं के साथ उसके संबंध का भी खुलासा नहीं किया।

अमृतपाल सिंह की राजनीतिक पारी शुरु, खडूर साहिब से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

- यह चुनाव किसी पार्टी मंच से नहीं पंजाब के मुद्दों पर लड़ा जाएगा

अमृतसर (एजेंसी)। वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह खडूर साहिब लोकसभा चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने जा रहे हैं। यह चुनाव वह किसी पार्टी के मंच पर नहीं लड़ेंगे। अमृतपाल सिंह पंजाब के मुद्दों को अच्छी तरह से जानते हैं और यह चुनाव उन्हीं मुद्दों पर लड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर उनकी मां बलविंदर कौर ने कहा कि अमृतपाल सिंह पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा था और अब वह खडूर साहिब लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे। अमृतपाल सिंह, अमृतसर जिले के जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहने वाला है। वह 2012 में काम के सिलसिले में दुबई गया था। वहां से सितंबर 2022 को भारत लौटा। सितंबर में ही उसे खालिस्तानी समर्थक दीप सिद्धू के संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख बनाया गया। अमृतपाल पंजाब के मोगा के रोड गांव से पुलिस हिरासत में लिए जाने के बाद से 23 अप्रैल से डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। वकील-अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने दीप सिद्धू ने वारिस पंजाब दे या पंजाब के वारिस का कार्यभार संभालने के बाद वह युवाओं को बुलाकर खुद को पंथ की स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए एक नए आधार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। 26 जनवरी, 2021 किसान आंदोलन के दौरान लाल किले पर हुई हिंसा के आरोपियों में से एक सिद्धू की फरवरी 2022 में हरियाणा के सोनीपत के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उस साल सितंबर में अमृतपाल सिंह की दस्तार बंदी समारोह रोडे गांव में आयोजित किया गया था, जिसमें अमृतपाल को वारिस पंजाब दे का आधिकारिक प्रमुख बनाया गया था।

क्या शाहजहां के अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करों के साथ संबंध है !

-जांच एजेंसियों को है शक, तलाश रही इसका जवाब

संदेशखाली (एजेंसी)। देश के पश्चिम बंगाल राज्य के संदेशखाली में हथियारों के मिलने के बाद जांच एजेंसियों ने जांच का दायरा और बढ़ा दिया है। जांच एजेंसियों को शक है कि जिस तरह के हथियार मिले हैं, उसके तार कहीं आतंकवादी संगठन से तो जुड़े नहीं हैं। अगर ऐसा है तो शाहजहां शेख की इसमें भूमिका क्या है।

सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियां भी इस सवाल का जवाब तलाशने में लगी हैं। वहीं, सुरक्षा बल अभी भी वहां अपनी तलाश जारी रखे हुए हैं। जानकारों के मुताबिक विदेशी हथियार रखने का मतलब अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोहों के साथ संबंध होना दर्शाता है। अब सवाल उठ रहा है कि तो क्या शाहजहां के किसी अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करों के साथ संबंध हैं? चुनावों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सामने यह सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या कोई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन इस हथियार तस्करी से जुड़ा है? शाहजहां इसमें कैसे जुड़ा है। कैसे होती थी हथियारों की तस्करी? शाहजहां के बांग्लादेश में रोहिंग्या कैंप के दौरे का इससे क्या संबंध है? तो क्या शाहजहां सीधे तौर पर रोहिंग्या को घुसपैठ कराने और शरण देने में शामिल है?

सीबीआई की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में तस्वीरों के साथ दावा किया गया है कि हथियारों के साथ कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। जेल में बंद तृणमूल नेता शाहजहां का सचित्र पहचान पत्र भी है। शाम को सीबीआई ने कहा, तीन विदेशी रिवॉल्वर, एक भारतीय रिवॉल्वर, कोल्ट कंपनी द्वारा निर्मित पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक रिवॉल्वर, एक विदेशी पिस्तौल, एक घरेलू बंदूक, 9 मिमी की 120 गोलियां, प्वाइंट 45 कैलिबर की 50 कारतूस, 9 एमएम के 120 कारतूस, प्वाइंट 380 के 50 कारतूस और प्वाइंट 32 के 8 कारतूस बरामद किए गए। सीबीआई का दावा है कि इसके अलावा शाहजहां की फोटो और पहचान वाले कुछ पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, सीबीआई को संदेश था कि 5 जनवरी को जब ईडी ने संदेशखली में छापेमारी की थी, तब संदिग्ध दस्तावेज शाहजहां के सहयोगियों के घर में छिपाए गए गए हो सकते हैं। इस आधार पर शुक्रवार को सीबीआई ने शाहजहां के दो सहयोगियों के घर पर छापेमारी की। वहां से हथियार और दस्तावेज बरामद किए गए। इस पूरे घनटनाक्रम पर तृणमूल कांग्रेस ने इसे साजिश करार दिया है। तृणमूल ने कहा है रोबोट बुलाकर नाटक किया जा रहा है। तृणमूल नेता कुणाल घोष एक्स हैंडल पर लिखा, ÷दिल्ली में संदिग्ध मुद्दे को जीवित रखने के लिए रची गई साजिश के तहत नाटकीय काम करके वोट को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। एक पूर्व निर्धारित नाटक का मंचन किया जा रहा है। खबर फैलाकर, यंत्र को उतारकर का बाजार गर्म किया जा रहा है। पुलिस को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में ईडी, सीबीआई और एनआईए के बाद एनएसजी को भी उतरना पड़ा। कहा कि सीएम ममता के कार्यकाल में शाहजहां जिस तरह से बढ़ा, उससे ममता ने सीएम बने रहने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

महाराष्ट्र कांग्रेस नेता ने खरगे से पूछा.....राज्य में किसी मुसलमान को टिकट क्यों नहीं

- प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ (नसीम खान) ने महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव 2024 प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया है। आरिफ ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर किसी भी मुस्लिम नेता को टिकट न देने पर नाराजगी जाहिर की थी। जिसके बाद एआईएमआईएम ने उन्हें खुला ऑफर दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद कांग्रेस में बगावत देखने को मिल रही है। टिकट बंटवारे को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ ने महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव 2024 प्रचारक समिति से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, आरिफ ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर चुनाव प्रचार में हिस्सा न लेने की बात कहकर कांग्रेस की प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया था। आरिफ ने कहा, खरगे जी, मैं आपका धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस प्रचार समिति का हिस्सा बनाया, लेकिन मैं मुस्लिम समुदाय का नेता हूं और मुसलमान मुझसे पूछ रहे हैं कि पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए कोई सीट क्यों नहीं दी। इस कारण मैं उन लोगों को मुंह नहीं दिखा पाउंगा और प्रचार नहीं कर पाउंगा। लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि कांग्रेस को मुस्लिमों का वोट चाहिए, लेकिन मुस्लिम उम्मीदवार नहीं।

वहीं आरिफ के कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र के बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने उन्हें खुला ऑफर दिया है। महाराष्ट्र एआईएमआईएम अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने कहा कि आपने सिर्फ स्टार प्रचारक के पद से इस्तीफा क्यों दिया। आपको उस पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए, जो केवल मुस्लिम वोट चाहती है लेकिन उनका नेतृत्व नहीं। अगर आप हमारी पार्टी में आते हैं, तब हम आपको मुंबई से सीट देने के लिए तैयार हैं। यह अलग बात है कि आरिफ ने औवेसी की पार्टी के न्यौते को ठुकरा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों और हर जाति को समान अवसर दिए। उन्होंने कहा कि मैं एआईएमआईएम को उनके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद देता हूं, लेकिन मैं इस स्वीकार नहीं करूंगा, क्योंकि मैं कांग्रेस के साथ हूं और कांग्रेस में रहूंगा।